ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 09 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-25 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

जैविक खेती का दायरा 50 फीसदी तक ले ... पेज 10 पर

झारखंड सरकार का तोहफा

15 नवंबर से राशन कार्डधारियों को मिलेगा 1 रु. प्रति किलो चना दाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार राज्य के राशन कार्डधारियों को एक और तोहफा देनेवाली है। राज्य सरकार राशन कार्डधारी को 1 रुपये प्रति किलो चना दाल देगी। झारखंड कैबिनेट की बैठक में ही इसी घोषणा की गई थी। साथ ही मुख्यमंत्री ने मेदिनीनगर में आयोजित रोजगार मेला के संबोधन के दौरान भी इसका जिक्र किया था। अब इस बारे में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव का बयान आया है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने बताया कि इसकी शुरूआत झारखंड स्थापना दिवस यानी 15 नवंबर से की जाएगी।

किसे मिलेगा इसका लाभ : सरकार द्वारा 1 प्रति किलो चना दाल वितरण की योजना का लाभ झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल लोगों को ही मिलेगा। इस स्कीम के तहत राज्य के 65 लाख कार्डधारी लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि गत 11 अगस्त को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई थी। बैठक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

डीजीपी ने झारखंड पुलिस का प्रतिबिंब एप किया लॉन्च

नवीन मेल संवाददाता

रांची। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को झारखंड पुलिस का प्रतिबिंब एप लॉन्च किया। यह ऐप देशभर में साइबर ठगी में उपयोग किए मोबाइल नंबर जियोग्राफिकल लोकेशन बताएगा। जिसको लागू करने से वैसे सभी मोबाइल नंबरों की जियोग्राफिकल लोकेशन को देखा जा सकेगा, जो साइबर क्राइम में देश भर में उपयोग किये गये हैं। यह डेटा पूरे देश के नक्शे पर आएगा। जिससे किसी भी राज्य के क्षेत्र में अपराधियों द्वारा प्रयोग किए जा रहे मोबाइल नंबरों की फिजिकल या जियोग्राफिकल लोकेशन नजर आ सकेगी।

साइबर अपराध में झारखंड देश में दूसरे व राजस्थान पहले नंबर पर : साइबर अपराध के मामले में राजस्थान के बाद झारखंड देशभर में दूसरे स्थान पर है। झारखंड में पिछले साढ़े चार साल (साल 2019 से जुलाई 2023 तक) में साइबर अपराध के 5350 मामले सामने आये हैं। इसमें 1432 मामले सिर्फ रांची जिले में दर्ज हुए हैं। इसके अलावा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पीटीआर के कैमरे में ट्रैप हुआ दूसरा बाघ

क्षेत्रीय निदेशक ने कहा पहले बाघ से नहीं मिल रहा ट्रैप बाघ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व के कैमरे में हाल के दिनों में ट्रैप हुआ बाघ दूसरा है। यह भी छत्तीसगढ़ से आया हुआ बताया जा रहा है। इसकी पुष्टि पीटीआर के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने की है। सूत्रों के अनुसार मार्च महीने में सबसे पहले पलामू टाइगर रिजर्व के उतरी प्रमंडल के रेंज में बाघ देखा गया। इसकी कैमरा ट्रैपिंग दक्षिणी प्रमंडल पलामू टाइगर रिजर्व में हुई है। तभी से संशय के

बादल मंडरा रहे थे। तब से यह प्रश्न उठ रहा था? कि अब इसकी तस्वीर कैमरा ट्रैप में आ गई है। तो यह बाघ कौन सा है। पलामू टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक ने बताया कि यह बाघ जो कैमरा ट्रैप में कुछ दिन पहले आया है। एक नया बाघ है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मार्च महीने में भी एक बाघ पलामू टाइगर रिजर्व में था। जो छत्तीसगढ़ से आया हुआ है। कैमरे में कैद तस्वीर जिस बाघ की है। वह मार्च महीने वाला बाघ नहीं है,बल्कि नया है। यह नर बाघ है। मार्च महीने वाले बाघ की धारी अलग थी। जिस तरह से मनुष्य के अंगूठे के निशान एक-दूसरे से कभी नहीं मिलते हैं ठीक उसी तरह बाघ की धारी भी एक-दूसरे से बिल्कुल जुदा होती है। कैमरे में कैद बाघ की धारी मार्च महीने में देखे गए बाघ की धारी से बिल्कुल ही भिन्न है। मार्च महीने में आया बाघ कहां गया इसके लिए विभाग चिंतित है। इस समय उसकी उपस्थिति पलामू टाइगर रिजर्व में नहीं मिल रही है।

गागर में सागर

धनतेरस 10 को, हस्त नक्षत्र का बन रहा योग

रांची। राजधानी रांची में इस बार धनतेरस 10 नवम्बर (शुक्रवार)को मनाया जाएगा। इस दिन त्रयोदशी तिथि दिन में 11.47 बजे प्रारंभ होगी और 11 नवंबर को दिन में 1.13 बजे समाप्त होगी। धनतेरस की पूजा प्रदोष काल में करने का विधान है, इसलिए यह पूजा 10 नवम्बर को ही मनाया जाएगा। पंडित राजेन्द्र पांडेय ने बुधवार को बताया कि इस बार धनतेरस में शुभ संयोग बन रहे हैं। हस्त नक्षत्र योग होने से व्यापारियों को लाभ मिलेगा। इस नक्षत्र में की गई खरीदारी स्थाई होगी। उन्होंने बताया कि धन त्रयोदशी के दिन सोना, चांदी, वाहन, जमीन, घर, इलेक्ट्रिक सामान आदि खरीदना सुख और समृद्धि का कारक है। इस दिन घर के दरवाजे पर स्वास्तिक का चिह्न अंकित करने से घर में सौभाग्य और खुशहाली आती है। इस दिन यम दीप दान करने का विधान है, इससे अकाल मृत्यु भय दूर होता है। संध्या काल में पुराने दीये में तेल डालकर घर के बाहर जलाया जाता है।

ईडी कार्यालय पहुंचे होटवार जेल के जेलर, पूछताछ शुरू

रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेलर नसीम खान बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे। ईडी ने समन भेजकर जेलर को पूछताछ के लिए बुधवार को ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा था। सूत्रों ने बताया कि जेलर के ईडी कार्यालय पहुंचने के बाद उनसे पूछताछ शुरू कर दी गई है। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद जमीन घोटाला के आरोपितों की ओर से ईडी के अफसरों को धमकी देने, उन्हें झूठे केस में फंसाने और साक्ष्य नष्ट करने के मामले में ईडी जेलर से पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सात नवम्बर को ईडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के हेड क्लर्क मोहम्मद दानिश से पूछताछ की थी।

हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के खिलाफ मनी लॉन्डरिंग केस में ट्रायल पर लगाई रोक

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के खिलाफ धन-शोधन यानी मनी लॉन्डरिंग केस में चल रहे ट्रायल पर रोक लगा दी है। मधु कोड़ा ने रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर रोक के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसपर हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने के साथ ही अदालत ने इस केस से जुड़े सभी दस्तावेज (एलसीआर) भी हाई कोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। मधु कोड़ा की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और हाई कोर्ट के अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने बहस की।

हाई कोर्ट ने जेल में बंद व्यवसायी विष्णु अग्रवाल व प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी पर ईडी से मांगा जवाब

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ की जमीन खरीद बिक्री मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की ओर से दायर अलग-अलग जमानत अर्जी मामले की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रेम प्रकाश की जमानत पर ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 13 दिसंबर निर्धारित की है। साथ ही विष्णु अग्रवाल के जमानत पर कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए 11 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है।

प्रधानमंत्री आगमन से पूर्व मुख्य सचिव व डीजीपी ने किया खूंटी का दौरा

खूंटी। झारखंड स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी दौरे को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के लिए अधिकारियों का एक दल खूंटी पहुंचा। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत कई अधिकारी बिरसा कॉलेज स्थित फुटबॉल स्टेडियम निर्माण कार्य और अस्थायी हेलीपैड का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने खूंटी उपायुक्त को काम में तेजी लाने और कई मामलों में दिशा-निर्देश दिए। वहां से फिर अधिकारियों का काफिला उलिहातू के लिए निकला। वहां पर निर्माण कार्य चल रहे बिरसा कॉम्पलेक्स और बिरसा के प्रांगण का जायजा लिया।

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023

इंग्लैंड - 339/9 (50 ओवर)

नीदरलैंड -179 /10 (37.2ओवर)

आज का मैच

न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका : पुणे बेंगलुरु (2:00 बजे से)

पुलिस को मिली अप्रत्याशित सफलता, अन्य नक्सलियों से भी सरेंडर की अपील

15 लाख के इनामी माओवादी नवीन ने किया आत्मसमर्पण

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

15 लाख के इनामी व झारखंड-छत्तीसगढ़-बिहार सीमा पर विभिन्न जिलों में सक्रिय दुर्दांत माओवादी नक्सली नवीन यादव ने बुधवार को चतरा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति की नई दिशा से प्रभावित होकर नवीन यादव उर्फ सरबजीत उर्फ विजय यादव ने सरेंडर किया है। चतरा न्यू पुलिस लाइन में उपायुक्त अबू इमरान, एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार के समक्ष इनामी नक्सली ने सरेंडर किया। ज्ञात हो कि गिरफ्तार सबजोनल कमांडर पर तीन दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मियों की हत्या के आरोप हैं। नवीन के सरेंडर करने से भाकपा माओवादी नक्सली संगठन को बड़ा झटका लगा है।

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि झारखंड के गढ़वा, पलामू, चतरा व लातेहार के बूढ़ा पहाड़ समेत, बिहार के गया, औरंगाबाद व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर इलाकों में दुर्दांत इनामी नक्सली नवीन सक्रिय था। इसके विरुद्ध दर्जनों पुलिस कर्मियों की हत्या, हथियार लूट, आगजनी, लूट, रंगदारी, लेवी व अवैध हथियार रखने समेत 6 दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। इन सभी मामलों में तीनों राज्यों की पुलिस नवीन की तलाश कर रही थी। नवीन यादव चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसबुटा गांव का रहने वाला है। एसपी ने आगे कहा कि झारखंड सरकार की आत्म समर्पण नीति नई दिशा के तहत माओवादी संगठन के टॉप 10 कमांडरों में शामिल रीजनल कमांडर नवीन उर्फ सरबजीत यादव

उर्फ विजय यादव को ओपन जेल में शिफ्ट किया जाएगा। इतना ही नहीं, उसके परिवार को सरकार की ओर से मिलने वाले हर लाभ से लाभान्वित करने की दिशा में भी पुलिस हर संभव सकारात्मक सहयोग करेगी ताकि उस पर आश्रित उसके बच्चों को मुफ्त अच्छी तालीम के साथ आवास व अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके। इतना ही नहीं, नक्सली पर राज्य सरकार द्वारा घोषित 15 लाख की इनामी राशि भी उसके परिवार को जल्द ही चतरा पुलिस की ओर से सौंपी जाएगी। वहीं नक्सली के सरेंडर कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त, एसपी और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार ने मुख्य धारा से भटके अन्य नक्सलियों से भी सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि आत्मसमर्पण करने के बाद जिला प्रशासन नक्सलियों के आश्रितों को हरसंभव सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें मदद करने को तैयार है ताकि जेल में रहने के बाद उनके परिवार भी आम लोगों की तरह ही जिंदगी जी सके। एसपी ने चेताते हुए कहा कि जो नक्सली सरेंडर नहीं करेंगे वह पुलिस की गोली खाने को तैयार रहे।

अपने उद्देश्य से भटक चुके हैं माओवादी : माओवादी वहीं सरेंडर के बाद नवीन ने कहा कि माओवादी अपने उद्देश्य से भटक चुके हैं। वह कम उम्र में जमीन के विवाद से तंग आकर संगठन में शामिल हो गया था, लेकिन अब संगठन में कुछ नहीं रह गया है। सभी नक्सली अपनी जान की सुरक्षा के लिए भागे फिर रहे हैं। ऐसे में नक्सलियों के समक्ष अब एक ही रास्ता है कि वह सरेंडर करके सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठा लें। सरेंडर नहीं करेंगे तो आज नहीं तो कल वे मारे ही जाएंगे।

एनआईए के अफसरों को झारखंड में खतरा, केंद्र ने राज्य से इनकी सुरक्षा बढ़ाने को कहा

रांची। अब नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी (एनआईए) ने भी झारखंड में अपने दफ्तर और अफसरों की सुरक्षा का मसला केंद्रीय गृह मंत्रालय के समक्ष उठाया है। एजेंसी ने मंत्रालय को इस संबंध में चिट्ठी लिखी है।

ईडी इसके पहले ही मंत्रालय को सुरक्षा संबंधी आशंकाओं से अवगत कराते हुए पत्र लिख चुकी है। इसके बाद ईडी के रांची स्थित जोनल ऑफिस की सिक्योरिटी बढ़ाई जा चुकी है। अफसरों की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव और गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव को एनआईए की चिंता से अवगत कराते हुए सुरक्षा बढ़ाने को कहा है। एनआईए का कहना है कि वह राज्य में कई गंभीर मामलों की जांच कर रही है। इस सिलसिले में अफसरों को सुदूर गांवों और जोखिम वाले इलाकों में जाना पड़ता है। ऐसे में जांच से प्रभावित हो रहे संगठनों से जुड़े लोग अफसरों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। झारखंड में एनआईए प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), भाकपा माओवादी सहित आतंकी संगठनों के खिलाफ जांच कर रही है।

एजेंसी ने जांच के दौरान कई बड़े खुलासे भी किए हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बने कई वांटेड आतंकियों, नक्सलियों, अपराधियों को ट्रैप भी किया है। बहरहाल, केंद्र के निर्देश के बाद राज्य की सरकार एजेंसी के दफ्तर के साथ-साथ जांच में लगे अफसरों की सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

सनद रहे कि ईडी ने भी केंद्र को सुरक्षा संबंधी चिंताओं से अवगत कराया था। उसने अदालत में दिए गए एक आवेदन में भी खतरों का जिक्र किया है। इसके बाद ही ईडी को रांची के बिरसा मुंडा जेल में छापेमारी की इजाजत मिली थी। छापेमारी में ईडी को ऐसे कई सबूत हाथ लगे, जिससे यह साफ हो गया कि जेल में बंद मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी ईडी के अफसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों और गैंगस्टरों से संपर्क साध रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के आरोपी बीडीओ के विरुद्ध अभियोजन की दी स्वीकृति

प्रखंड विकास पदाधिकारी पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को लातेहार जिलान्तर्गत बालूमाथ थाना कांड संख्या-09/2016 , छह जुलाई, 2016 के अभियुक्त अर्जुन राम तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ जिला लातेहार के विरुद्ध भारतीय दंड विधान 1880 की धारा 406/409/419/420/34 के तहत अभियोजन की स्वीकृत्यादेश दिया है। अभियुक्त के खिलाफ अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई है कि अभियुक्त द्वारा इंदिरा आवास योजना के तहत शौचालय सामग्री, धुंआ रहित चूल्हा एवं योजना बोर्ड की आपूर्ति का आदेश बिना किसी निविदा/कोटेशन के मेसर्स ए.के. ट्रेडर्स, रांची को दिया गया। आपूर्ति के

विरुद्ध 41,69,880 रुपये का भुगतान किया गया, जो सरकारी प्रावधान का घोर उल्लंघन है। इस प्रकार अर्जुन राम तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ पर सरकारी पद का दुरूपयोग, आपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से साजिश के तहत वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप है।

अपना फोन नंबर बदलना चाहते हैं तो उसका सारा डाटा डिलीट कर दें : सुप्रीम कोर्ट

अब आपके बंद नंबर को टेलीफोन कंपनियां किसी और को एलाट कर देंगी

ऐसे में आपके बंद फोन नंबर के डाटा का किसी ने दुरुपयोग किया तो उसकी जिम्मेदार टेलीकॉम कंपनी नहीं होगी

– आरपी सिंह

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप वाट्स ऐप्प से जुड़े एक मामले में व्हाट्सएप उपभोक्ताओं, विशेषकर प्रीपेड ग्राहकों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अपना फोन नंबर डीएक्टिवेट करने से पहले सारा डेटा व्हाट्सएप से डिलीट कर दें। मालूम हो कि टेलीकॉम कंपनियां रिलायंस

जियो, एअर टेल, वीआई ने सर्वोच्च न्यायालय से डीएक्टिवेट हो चुके मोबाइल नंबर को ट्रांसफर करने की छूट मांगी गई थी। इस याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने टेलीकॉम कंपनियों को डीएक्टिवेट मोबाइल नंबर, नए ग्राहकों को एलोकेट करने की मांग को मान लिया है। ऐसे में अब टेलिकॉम आपका बंद पड़ा मोबाइल नंबर किसी दूसरे ग्राहक को दे सकती हैं। यदि आपका भी कोई पुराना नंबर है, जो आपने बंद कर दिया है लेकिन उसके व्हाट्सएप डेटा को कभी डिलीट नहीं किया तो आप मुसीबत में पड़ सकते हैं। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय की तरफ से व्हाट्सएप डेटा को लेकर यह एडवाइजरी जारी की गई। ऐसे में यदि आप भी अपना मोबाइल नंबर बदलना चाहते हैं तो न्यायालय की तरफ से दी गई सलाह के बारे में जान लें। मालूम हो कि वकील राजेश्वरी ने एक याचिका दायर कर मांग की थी कि टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी को डीएक्टिवेट हो चुके फोन नंबर किसी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

भौगोलिक सहित आरक्षण के स्वरूप में भी हो सकता है बदलाव

परिसीमन से बदल सकती है पलामू लोस की तस्वीर

अखिलेश चौबे

मेदिनीनगर। वर्ष 2026 में प्रस्तावित नये परिसीमन के बाद पलामू लोक सभा क्षेत्र की तस्वीर बदल सकती है। इसके बाद लोकसभा के भौगोलिक व आरक्षण के स्वरूप में बदलाव की प्रबल संभावना जताई जा रही है। वर्ष 1971 में हुए परिसीमन के आधार पर लोकसभा सदस्यों की अधिकतम संख्या 551 निर्धारित की गई है। वर्तमान में लोकसभा के सदस्यों की संख्या 545 है। जिसमें से 543 निर्वाचित व दो सदस्य आंग्ल-भारतीय समुदाय से मनोनीत होते हैं। वर्ष 1962 में हुए परिसीमन के बाद पलामू लोकसभा को एससी वर्ग के लिए आरक्षित करने का निर्णय लिया गया। 1967 से इस सीट से एससी वर्ग ही प्रतिनिधित्व करते आ रहा है। वर्तमान में पलामू लोकसभा क्षेत्र में सीमावर्ती गढ़वा जिले के गढ़वा व



भवनाथपुर विधान सभा तथा पलामू के विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद व डालटनगंज विधान सभा क्षेत्र शामिल हैं। 50 वर्षों से अधिक समय से लोकसभा क्षेत्र आरक्षित होने के कारण यहां के दिग्गज राजनयिकों के सांसद बनने की हसरत अधूरी रह रही है। कई क्षेत्रीय राजनेता तो चतरा, रांची, धनबाद आदि क्षेत्रों से जाकर संसद तक का सफर भी तय कर चुके हैं। कोविड काल के कारण वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना का कार्य भी नहीं किया जा सका है। किंतु पिछले महीने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के दौरान पीएम द्वारा वर्ष 2026 में लोकसभा के लिए नया परिसीमन संबंधी घोषणा से पलामू के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सामान्य वर्ग के दो लोग ही बन पाये हैं सांसद

आजादी के बाद अभी तक पलामू लोकसभा क्षेत्र से सामान्य वर्ग के सिर्फ दो लोगों को ही प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सका है। 1952 में हुए पहले व वर्ष 1952 के दूसरे लोकसभा चुनाव में गिरिजा प्रसाद सिन्हा तथा 1962 के तीसरे लोकसभा चुनाव में रामगढ़ रियासत की राजमाता शशांक मंजरी लोकसभा पहुंची है। नये परिसीमन के बाद आसन्न बदलाव की संभावना से सामान्य वर्ग के लोगों में भी सांसद बनने की उम्मीदें हिलारें मारने लगी हैं।

झारखंड से दो आतंकी गिरफ्तार आईएसआईएस से जुड़ा है लिंक

रांची। झारखंड एटीएस की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए झारखंड में आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के हजारीबाग और गोड्डा जिले से दोनों आतंकियों की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार आतंकियो में आरिज हसनैन और मोहम्द नसीम शामिल है।

सूचना पर नजर रख रही थी एटीएस : मिली जानकारी के अनुसार झारखण्ड पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते को इनपुट मिला था कि झारखंड के हजारीबाग और गोड्डा जिले आईएसआईएस मॉड्यूल को ऑपरेट किया जा रहा है इसी सूचना पर झारखण्ड एटीएस ने हजारीबाग और गोड्डा में छापेमारी कर दो आतंकियो आरिज हसनैन और मोहम्द नसीम को गिरफ्तार किया है।

कौन कहा से पकड़ा गया : गिरफ्तार आतंकियों में मोहम्मद नसीम हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के महतो टोला का रहने वाला है। नसीम की गिरफ्तारी हजारीबाग से की गई है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गागर में सागर

भाकपा नेताओं ने ली जन समस्याओं की जानकारी

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो, एआइएसएफ जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी व नसीम राइन ने सदर प्रखंड चियांकी के पुराना टोला के ग्रामीणों से मुखातिब होकर समस्याओं की जानकारी ली। जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि शोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को हुई थी। उसके बाद से लगातार पार्टी आम जनता, गरीब व मजदूर के हक एवं अधिकार के लिए लड़ते आई है। अभी भी सामंती लोग गरीबों की जमीन हड़पने में लगे हैं। बड़े घराने व भ्रष्ट पदाधिकारी मिलकर किसान मजदूर एवं गरीबों का हक छीनने को तैयार है। ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की प्रासंगिकता आज के समय में और बढ़ गई है। सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने कहा कि 9 नवंबर को उपयुक्त पलामू के समक्ष होने वाले प्रदर्शन और घेराव में सदर प्रखंड से 500 लोग चियांकी ग्राम से प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त पलामू का घेराव करेंगे। सभा के बाद 50 लोगों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अंत में सर्वसम्मति से करीमन पासवान को शाखा सचिव, सूबेदार सिंह एवं कीर्ति कुमारी को सहायक सचिव बनाया गया।

विज्ञान व सामाजिक अध्ययन प्रदर्शनी में बच्चों का जलवा

हरिहरगंज। प्रखंड के तेंदुआ स्थित बीएनएस पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह की अगुवाई में सजी प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बेहद आकर्षित करने वाले माडल सजाए। प्रदर्शनी में सोलर सिस्टम, प्लांट सेल, एनिमल सेल, फॉरेस्ट, हिटलर, भारतीय कांग्रेस की स्थापना का इतिहास आदि माडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागेदारी दर्ज करने से जहां सामान्य ज्ञान में वृद्धि होती है। वहीं शिक्षण कार्य में बच्चों की रुचि बढ़ती है। प्रदर्शनी में कक्षा 3, 7, 8 व 9 की प्रिया, ज्योति, मुस्कान, अंशिका, सलोनी, निशा, रिया, रितिका, मीनाक्षी, लक्की, आदर्श व बालाजी सहित कई छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर शिक्षक शैलेश गौरव, हिमांशु कुमार, पंकज पाठक, लव कुमार, अंकिता कुमारी आदि मौजूद रहीं।

वाटर फॉर वूमेन एंड वूमेन फॉर वाटर कार्यक्रम का आयोजन

नगर पंचायत में मनी जल दिवाली

महिलाओं के लिए पानी, पानी के लिए महिलाएं जल दिवाली कार्यक्रम का उद्देश्य है : नोडल पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में कार्यपालक पदाधिकारी के निदेर्शानुसार वाटर फॉर वूमेन एंड वूमेन फॉर वाटर कार्यक्रम के तहत जल दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समूह की महिलाओं को देवरी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का विजिट कराकर जल संरक्षण, रॉ वाटर के फिल्टरेशन प्रकिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की नोडल पदाधिकारी सह नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा ने बताया कि महिलाओं के लिए पानी, पानी के लिए महिलाएं जल दिवाली कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि घरेलू जल प्रबंधन में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में महिलाओं को जल उपचार प्रक्रियाओं और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी देकर सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने की उनकी क्षमता बढ़ाना है। जल दिवाली कार्यक्रम के अंतर्गत पानी के संरक्षण को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं को वाटर ट्रीटमेंट पर ले जाकर रॉ वाटर के फिल्टरेशन की प्रकिया बताई गई। मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, राकेश सिंह, सीएलटीसी देवेन्द्र कुमार, धीरज कुमार, संजीत कुमार समेत समूह की दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

अपराधी चावल लदे ट्रक लेकर फरार, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददता

हरिहरगंज। एनएच 98 स्थित मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग के कौवाखोह के समीप मंगलवार की रात करीब दस बजे अपराधियों ने चावल लदे ट्रक को अगवा कर फरार हो गए। चालक संजय चौधरी ने बताया कि बिहार के अरवल से चावल लेकर छत्तीसगढ़ रायपुर जा रहे थे। तभी कौवाखोह के समीप अपराधियों ने टार्च जलाकर गाड़ी रोकने का इशारा किया। प्रशासन समझकर उन्होंने वाहन रोक दिया। उसके बाद एक अपराधी गाड़ी के पास आया एवं बोला कि पेपर लेकर चलो साहब देखेंगे। जब पेपर लेकर गाड़ी के पास गए तो जबरन अपराधियों ने उन्हें गाड़ी पर बैठा लिया। गाड़ी में चार अपराधी सवार थे। कुछ दूर जाने के बाद उन्हें गाड़ी से उतार दिया। इस संबंध मे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि चावल लदे ट्रक को अपराधियों ने अगवा किया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ प्रखंड कमेटी का गठन

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें राकेश प्रसाद को हरिहरगंज के प्रखंड अध्यक्ष जबकि मनोज कुमार सिंह उर्फ चंचल सिंह को पिपरा प्रखंड का अध्यक्ष बनाया गया। मानवाधिकार संघ रांची के युवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह, रांची के जिला अध्यक्ष अमित रंजन सिंह तथा पलामू जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह की अनुशंसा पर उक्त लोगों को जिम्मेदारी दी गई। वहीं राकेश प्रसाद व मनोज सिंह ने मानवाधिकार के महत्वाकांक्षी नक्से कदम पर चलने का संकल्प लिया। जबकि पलामू जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि आम जनता को मानव अधिकारों की जानकारी देना व उनके अधिकारों के हनन को रोकना संघ का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जल्द ही संघ का विस्तार किया जाएगा।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

पाटन। कोठी रजहारा निवासी छोटू कुमार 20 वर्ष का पाटन प्रखंड अंतर्गत मेन रोड अमवा में सड़क दुघर्टना में घायल हो गया। मौके पर पहुंचे किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज ने तत्काल घायल युवक को इलाज हेतु एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा। जानकारी के अनुसार छोटू कुमार अपने बुआ के साथ बाइक से उदयपुरा तरहसी से अपने घर रजहारा जा रहा था। इसी बीच किशुनपुर के बाद अमवां में बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया क्षेत्र का भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने बुधवार को विश्रामपुर व ऊंटारी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान श्री पांडेय कई गांवों में गए व लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। ग्रामीणों के समक्ष मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष जात-पात की बात करता है । जबकि भाजपा सिर्फ विकास की बात करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक ही जात है। वह है गरीबी। जिसके भलाई व उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। श्री पांडेय ने कहा कि मोदी किसी व्यक्ति का नाम नही है। बल्कि एक शक्ति का नाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में भारत का नाम विश्वपटल पर रोशन किया है। देश को महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है। आज देश विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। आने वाले समय में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी मोदी ने लिया है। उन्होंने लोगों को दीपावली और छठ महापर्व की अग्रिम शुभकामना दी। मौके पर विश्रामपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह सहित कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बसपा का विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। बहुजन समाज पार्टी की विधान सभा स्तरीय गांव चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कैडर समीक्षा बैठक बुधवार को शहर के टैक्सी स्टैंड परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी प्रमोद राम ने की। जबकि संचालन बसपा के वरिष्ठ नेता चितरंजन दास ने किया। कार्यक्रम के पूर्व बसपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर शहर के अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री उतर प्रदेश सह झारखंड प्रदेश प्रभारी जीसी दिनकर, केंद्रीय सदस्यता प्रभारी रामबाबू, प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, जिला अध्यक्ष अजय भारती, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरि यादव, पुनीत अंबेडकर ने डॉ. भीम राव अंबेडकर व कांशी राम की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बैठक को संबोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत व इसके रीढ़ होते हैं।

नगर परिषद ने अभी तक नहीं कराई छठ घाट की सफाई

व्रतधारियों को घाट पर जाना होगा दूभर, ग्रामीणों ने डीसी से लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव में इस बार छठ व्रतधारियों को घाट तक जाना दूभर हो जायेगा। इसका कारण अधूरा सड़क निर्माण बताया जा रहा है। बताते चलें कि नगर परिषद द्वारा कब्रिस्तान से लेकर छठ घाट तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य तीन माह पूर्व शुरू किया गया था। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पथ निर्माण कार्य को रोक दिया गया। सूचना मिलने पर तत्कालीन सहायक नगर आयुक्त मो. परवेज निर्माण स्थल पर गए तो उनपर जानलेवा हमला किया गया। जिसका मामला उन्होंने रेहला थाना में दर्ज भी कराया है। उसके बाद निर्माण कार्य रुक गया व पथ आज भी अधूरा पड़ा हुआ है।

अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया था कि छठ पर्व से पहले पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। छठ महापर्व को अब कुछ दिन ही बाकी है बावजूद सड़क अधूरा होने से ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त के जनता दरबार में आवेदन देकर पथ निर्माण कार्य को पूरा कराने का आग्रह किया था.उपायुक्त कार्यालय द्वारा इस संबंध में विश्रामपुर नगर परिषद को एक पत्र भेजकर अनुवर्ती कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। इसके बाद भी पथ का निर्माण कार्य शुरू नही हुआ। कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय ने बताया कि रास्ता पूर्ण कराने हेतु ग्रामीणों के साथ तीन माह पूर्व आमरण अनशन भी किया था। अनशन तुड़वाने आए पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि जल्द ही सड़क बनवा दिया जायेगा। लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नही हुआ। छठ व्रतधारियों के लिए दूसरी परेशानी का सबब घाट पर फैली गंदगी है। छठ घाट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नप द्वारा यहां के छठ घाट की सफाई अभी तक नहीं कराई गई है। नगर प्रबंधक ने इस संबंध में पूछे जाने पर कहा कि नप क्षेत्र के कई अन्य छठ घाटों की सफाई चल रही है। पर्व से पूर्व इस घाट की भी सफाई कराई करा दी जायेगी।

विद्युत चोरी के खिलाफ छापामारी

मोहम्मदगज। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मंगलवार को जपला विद्युत अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता रामप्रसाद मेहता व जेई प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी की गई। छापामारी दल में इनके अलावा जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता व रंजय कुमार शामिल थे। जेई प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी अभियान सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक चलाया गया। इसमें 9 लोगों को अवैध तरीके से विद्युत ऊर्जा का प्रयोग करते हुए पाया गया। इसे लेकर संबंधित आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाना में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि इस मामले में केस पंजीकृत करते हुए एएसआई एतवा मुंडा को अनुसंधान की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

सीओ ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। प्रखंड सभागार में बुधवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक की गयी। सीओ यमुना रविदास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मतदाता सूची में नाम जोड़ने पर बल दिया गया। अंचलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची में सुधार करें। बीएलओ पर्यवेक्षक राकेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची में नए नाम जोड़ें तथा ब्लैक एंड व्हाइट फोटो की जगह रंगीन फोटो लगायें। मृत मतदाताओं का सूची से हटाने के साथ ही 18 वर्ष उम्र के सभी मतदाताओं का नाम सूची में अंकित कर वर्ष 2024 के वोटर लिस्ट को हेल्दी बनाएं। मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक संतोष उरांव, रामपत कुंभकार, निर्वाचन ऑपरेटर सोनू कुमार, जेपीएस विनोद कुमार रवि मौजूद थे।

इंटर कालेज में हड़ताल

सतबरवा। झारखंड प्रदेश वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज सतबरवा के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने शैक्षणिक हड़ताल किया। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने नारे लिखे तख्ती-बैनर लेकर शैक्षणिक हड़ताल का समर्थन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. अजय प्रसाद ने किया। मौके पर शिक्षक उपेंद्र कुमार सिंह, मनु देव, प्रतिमा कुमारी, किरण कुमारी, निकिता कुमारी, सहायक रिशाल सिंह ,भोला मेहता, सुदामा प्रसाद मौजूद थे।

कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना सं0– 10/CEOZP/2023

(संशोधित)

जिला परिषद, पलामू अन्तर्गत पंचायत भवन का निर्माण, अनुरक्षण/परिवर्तन/सुसज्जिकरण आदि मद में उपलब्ध राशि से पलामू जिला में अवस्थित विभिन्न पंचायत सचिवालय में TV, Stabilizer, Inverter, Battery आदि का GeM Portal के माध्यम से क्रय कर अधिष्ठापन किया जाना है। अतः उक्त के आलोक में मानक दर प्राप्त करने के लिए इच्छुक GeM आपूर्तिकर्ता से कोटेशन प्राप्त करने हेतु दिनांक 01.12.2023 तक इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। उक्त हेतु कार्यालय ज्ञापांक 1216/जि0प0, दिनांक 28.10.2023 द्वारा निर्गत विज्ञापन (PR No- 310157) में अंकित निविदा/कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि को इस हद तक संशोधित किया जाता है। आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों उच्च गुणवता एवं मानक का होना आवश्यक है। प्रति पंचायत आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों की विवरणी निम्नवत है:–

Sl No	Specifications	Qty. / Panchayat
1	Smart TV Size 55 inch	1
2	DD Dish Set up Box	1
3	5KB STABLIZER	1
4	INVERTER 2350 /24V	1
5	BATTERY 260Ah	2

Bid Terms And Conditions

- निविदादाता का GST Act के तहत निबंधन प्रमाण पत्र।
- PAN No. एवं कर निर्धारण वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 तथा 2022–23 का आयकर रिटर्न का छायाप्रति देना आवश्यक होगा।
- वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 तथा 2022–23 का ऑडिट रिपोर्ट P/L Statement and Balance Sheet).
- निविदादाता का विगत 03 वर्षो (वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 तथा 2022–23) का न्यूनतम एक करोड़ का औसत Turnover.
- अद्यतन GST Return GSTR 3B
- निविदादाता का Trade Licence
- आचारण प्रमाण पत्र।
- Net Worth Certificate कम से कम 50 लाख।
- फर्म का ISO 9001:2015 प्रमाण पत्र।
- UDYAM निबंधन प्रमाण पत्र।
- Jharkhand Professional Tax (JPT) का निबंधन एवं 2022–23 का कर भुगतान साक्ष्य का प्रमाण पत्र।
- निविदादाता का GST Act के तहत निबंधन झारखण्ड राज्य का होना अनिवार्य है। पलामू सर्किल के अंतर्गत निबंधित निविदादाता को प्राथमिकता दी जायगी।
- निर्धारि तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले बीड पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इच्छुक आपूर्तिकर्ता उपरोक्त उपस्करों का मानक दर उपलब्ध करायेंगे फलस्वरूप उच्च गुणवता एवं न्यूनतम दर Quote करने वाले फर्म/आपूर्तिकर्ता को आवश्यक मात्रा में उपस्कर उपलब्ध कराने हेतु चयनित किया जा सकेगा।
- सफल फर्म/संस्थान द्वारा आपूर्ति आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर आपूर्ति संपन्न करना अनिवार्य होगा।
- विस्तृत्र DPR GeM Portal से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू

PR 310958 District (23-24)_D

समाहरणालय, गढ़वा

(जिला विकास शाखा)

निविदा आमंत्रण सूचना

सरकारी विद्यालयों में बहुपयोगी पुस्तकों की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित एवं प्राधिकृत पुस्तक प्रकाशकों/आपूर्तिकर्त्ताओं/ पुस्तक विक्रेताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. मुहरबन्द निविदा आमंत्रित दिनांक–23.11.2023 को–01:30 बजे अप0 तक।
2. निविदा खोलने की तिथि दिनांक–23.11.2023 को–3:00 बजे अप0।
3. निविदा शुल्क की राशि मो0–2000.00(दो हजार) रूपये मात्र अप्रत्यर्पणीय।
4. जमानत की राशि मो0–1,00,000.00(एक लाख) रूपये मात्र प्रत्यर्पणीय।
5. निविदा जमा करने का स्थान – जिला विकास शाखा, गढ़वा।
6. निविदा खोलने का स्थान – उप विकास आयुक्त, गढ़वा का प्रकोश्ठ।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता संबंधित पुस्तकों की सूची एवं शर्तें www.garhwa.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।

उप विकास आयुक्त,
गढ़वा।

PR 311035 Rural Development(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114

Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

(1st Call)

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-18/2023-24 दिनांक 08.11.2023

1 Name of Work :- Construction of 125/115 mm dia with. 70m/90m/120m mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on "Turnkey basis" under D.W.&S. Division, Garhwa for the Year 2023-24.

ग्रुप संख्या	ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
GAR/DT/70 mtr-01	50 Nos	44.58870	0.90	5,000.00	90 Days
GAR/DT/70 mtr-02	50 Nos	44.58870	0.90	5,000.00	90 Days
GAR/DT/70 mtr-03	50 Nos	44.58870	0.90	5,000.00	90 Days
GAR/DT/70 mtr-04	100 Nos	89.17740	1.79	10,000.00	180 Days
GAR/DT/70 mtr-05	100 Nos	89.17740	1.79	10,000.00	180 Days
GAR/DT/70 mtr-06	100 Nos	89.17740	1.79	10,000.00	180 Days
GAR/DT/70 mtr-07	92 Nos	82.04321	1.65	10,000.00	166 Days
GAR/DT/90 mtr-08	45 Nos	45.53369	0.92	5,000.00	90 Days
GAR/DT/90 mtr-09	45 Nos	45.53369	0.92	5,000.00	90 Days
GAR/DT/90 mtr-10	45 Nos	45.53369	0.92	5,000.00	90 Days
GAR/DT/90 mtr-11	45 Nos	45.53369	0.92	5,000.00	90 Days
GAR/DT/90 mtr-12	45 Nos	45.53369	0.92	5,000.00	90 Days
GAR/DT/90 mtr-13	45 Nos	45.53369	0.92	5,000.00	90 Days
GAR/DT/90 mtr-14	45 Nos	45.53369	0.92	5,000.00	90 Days
GAR/DT/90 mtr-15	85 Nos	86.00808	1.73	10,000.00	160 Days
GAR/DT/90 mtr-16	68 Nos	68.80647	1.38	10,000.00	130 Days
GAR/DT/120 mtr-17	75 Nos	97.46240	1.95	10,000.00	140 Days
GAR/DT/120 mtr-18	75 Nos	97.46240	1.95	10,000.00	140 Days
GAR/DT/120 mtr-19	75 Nos	97.46240	1.95	10,000.00	140 Days
GAR/DT/120 mtr-20	75 Nos	97.46240	1.95	10,000.00	140 Days
GAR/DT/120 mtr-21	75 Nos	97.46240	1.95	10,000.00	140 Days
GAR/DT/120 mtr-22	75 Nos	97.46240	1.95	10,000.00	140 Days
GAR/DT/120 mtr-23	75 Nos	97.46240	1.95	10,000.00	140 Days
GAR/DT/120 mtr-24	75 Nos	97.46240	1.95	10,000.00	140 Days
GAR/DT/120 mtr-25	75 Nos	97.46240	1.95	10,000.00	140 Days
GAR/DT/120 mtr-26	45 Nos	58.47762	1.17	10,000.00	90 Days

2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि		16.11.2023 समय 02:00 बजे अपराहन् तक
3	निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय		30.11.2023 समय 05:00 बजे अपराहन् तक
4	सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेंस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	–	30.11.2023 समय 05:00 बजे अपराहन् तक
5	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	–	02.12.2023 समय 04.00 बजे अपराहन्
6	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।
7	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम	-	ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।
	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856		
9	ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2490920		

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।

अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

Pr311024 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

गागर में सागर

गोवा में पलामू के सुमित की अगुआई में साबित की श्रेष्ठता

मेदिनीनगर। गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में लगोरी (पिट्टो) स्पर्धा में झारखंड पुरुष वर्ग की टीम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया है। झारखंड लगोरी की टीम ने पलामू के सुमित कुमार की अगुआई में सूझबूझ के साथ खेलते हुए असम, राजस्थान व बिहार की टीम को मात दी। 31 अक्टूबर को पलामू से नेशनल गेम्स में शामिल होने के लिए सुमित गोवा रवाना हुआ थे। उनके साथ कोडरमा से 9, हजारीबाग से 2 व रामगढ़ से 3 खिलाड़ियों के साथ कोच प्रिंस मिश्रा व हेमंत कुमार भी गोवा रवाना हुए थे। गोवा के कैंपल ओपन ग्राउंड में झारखंड की टीम का मुकाबला सेमीफाइनल में राजस्थान से हुआ। जिसमें झारखंड की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। जीत दर्ज करने के बाद खिलाड़ी खुशी से झूम उठे।

टीम में शामिल खिलाड़ी

झारखंड की टीम में पलामू से सुमित कुमार, कोडरमा से मित्तल कुमार, सुजीत कुमार, पवन यादव, कौशल कुमार, साजन कुमार, सावन मेहता, मिथलेश कुमार, सागर राज, शैलेश कुमार व शुभम कुमार शामिल थे। जबकि अन्य जिले से अमित कुमार, पाउलुस बिहान, अविनाश पूर्ति व सागर कुमार शामिल रहे।

लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में निःशुल्क होगा कलश वितरण

मेदिनीनगर। श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा में किशोरी व महिला श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क कलश का वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी समिति की महिला विंग की प्रभारी मीना गुप्ता ने दी। बताया कि कलश के लिए ना तो सहयोग राशि ना कोई कागजात एवं ना ही किसी तरह का रजिस्ट्रेशन होगा। जल यात्रा के दिन ज्यादा संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भागीदारी के मद्देनजर 18 नवंबर से ही यज्ञ स्थल परिसर से कलश का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। यज्ञ स्थल पर कलश प्राप्त नहीं कर सकने वाली महिलाओं को 21 नवंबर जल यात्रा के दिन गिरवर स्कूल के कोयल नदी तट स्थित टाउन हॉल में बगैर किसी सहयोग राशि लिए कलश प्रदान किया जाएगा।

बाइक दुर्घटना में महिला व युवक घायल

मेदिनीनगर। पड़वा थाना क्षेत्र के रजहरा गांव निवासी स्वर्गीय बिहारी राम के पुत्र छोटन कुमार उम्र 25 वर्ष व उनकी बुआ बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल छोटन कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम वह अपने घर से बुआ के साथ बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर सदर अस्पताल बुआ का इलाज करने जा रहे थे। तभी रास्ते में पाटन मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित हो जाने के कारण दोनों गिर पड़े। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपनी देखरेख में घायलों का इलाज करवा रहे हैं।

महिला विरोधी हैं नीतीश कुमार : लवली गुप्ता

मेदिनीनगर। बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान पर मीडिया से मुखातिब होकर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने कहा कि नीतीश कुमार का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने विधानसभा में जिस तरह का बयान दिया है वह बयान सदन की मयार्दा को तार-तार करने वाला है। नीतीश कुमार किसी सभ्य समाज का प्रतिनिधित्व करने के लायक नहीं रह गए हैं। यह उनकी ओछी मानसिकता को दशार्ता है। यह बहुत ही शर्मनाक और दर्दनाक बयान है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगी। नीतीश कुमार विवेक शून्य हो गये हैं। उनका यह बयान साफ दशार्ता है कि महिलाओं के प्रति उनकी क्या सोच है। इस बयान के बाद उनको मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें तुरंत ही इस्तीफा दे देना चाहिए।

पर्यावरणविद् ने हिमाचल के स्कूलों में दिया पौधरोपण का संदेश

मेदिनीनगर। पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने हिमाचल प्रदेश दौरे पर वहां के कई स्कूलों का भ्रमण कर दीपोत्सव पर पौधरोपण करने व उनके बचाव का संदेश दिया। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए उन्होंने विद्यालयों में कर्नाटक का चंदन, नेपाल का रुद्राक्ष,थाईलैंड का बारहमासी आम , क्रिसमस ट्री एवं बोतल पाम लगाकर वितरित भी किया। वहीं कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों को उन्होंने पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया। साथ ही पर्यावरण धर्म के आठ मुल ज्ञान मन्त्रों की शपथ दिलाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया। उन्होंने कहा दीपावली प्रकाश का त्यौहार है न कि पटाखा फोड़कर वातावरण में वायु , ध्वनि, प्रकाश, जल,सामाजिक और धार्मिक जैसे प्रदूषण फैलाने का। मौके पर सूरज कुमार जायसवाल, डा शुभराम,शिक्षिका आशा शर्मा, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, सुमेश कुमार, नागेश्वर प्रसाद, सोनी लाल, प्रदीप कुमार, उषा देवी, सीमा देवी आदि उपस्थित थीं।

चेंबर आफ कामर्स के प्रभात ने सीईसी से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू विजिट पर आये झारखंड के मुख्य आयकर आयुक्त से पलामू चेंबर आफ कामर्स के प्रभात अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आयोजित बैठक में सीईसी ने विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। पलामू,गढ़वा एवं लातेहार में आयकर वसूली पर अप्रसन्नता व्यक्त किया। उन्होंने व्यवसायियों से राष्ट्रहित में मुक्तहस्त एवं ईमानदारी से आयकर जमा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी पूर्वक टैक्स जमा करने से जहां स्वस्थ स्पर्धा विकसित होती है। वहीं देश के विकास को भी बल मिलता है। आयकर अधिकारी के कार्यालय में आयोजित बैठक में व्यवसायी संघ एवं चेंबर के लोग सम्मिलित हुए।

काशी से आये पुरोहित करेंगे गंगा आरती

देव दीपावली पर शिवाला घाट पर एक साथ जलेंगे एक लाख दीये

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के शिवाला घाट कोयल नदी के किनारे 26 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर एक लाख दीये जलाए जाएंगे। यहां पर बनारस के 84 घाट की तर्ज पर पिछले साल यह परंपरा शुरू की गई है। मां गंगा आरती आयोजन समिति ट्रस्ट द्वारा पलामू में देव दीपावली का भव्य आयोजन किया जायेगा। वर्ष 2022 में पलामू में पहली बार यह समिति 21000 दीये जलाकर भव्यता से देव दीपावली मनायी थी। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए थे। लेकिन इस बार एक लाख दीये जलाने का लक्ष्य रखा गया है। आयोजक अविनाश कुमार राजा एम ने कहा कि इस बार का देव दीपावली खास होने वाला है। जिसमें महादेव नगरी से 11 पुरोहित पलामू आयेंगे। 26 नवंबर को देव दीपावली पर भव्य गंगा आरती का आयोजन होगा। इसके बाद संध्या 5 बजे से दीप प्रज्ज्वलन प्रारंभ हो जायेगा। कोयल रिवर फ्रंट पर जलाये जाने वाले एक लाख दीयों में से समिति द्वारा

21000 व शेष दीये आम लोग जलाएंगे। गंगा आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय के साथ बाहर से आए कलाकारों द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जाएगी। इस दौरान काशी विश्वनाथ से पुरोहित दीक्षित समेत 11 पुरोहित द्वारा भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इसे एक परंपरा का रूप में मनाया जाए। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि अपने परिवार के नाम पर 21 दीये लाकर कोयल रिवर फ्रंट पर अवश्य जलाएं। ट्रस्ट की अध्यक्ष चंचला देवी ने कहा कि देव दीपावली मेदिनीनगर शहर के कोयल रिवर फ्रंट पर देव दीपावली की शाम का नजारा देखने योग्य रहेगा। कोयल तट को बेहद खूबसूरती से सजाया जाएगा। रंगोली बनाकर दिए जलाए जाएंगे। इसके लिए हमारी टीम पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रही है।

वाहनों की एडवांस बुकिंग से व्यापारियों के खिले चेहरे

धनतेरस के लिए सज गया बाजार पलामू का बाजार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। धनतेरस का पर्व नजदीक आते ही शहर में कार,बाइक व स्कूटी के शोरूम पूरी तरह से सज कर तैयार हैं। होंडा बाइक शोरूम के मैनेजर राहुल शर्मा ने बताया कि इस बार धनतेरस में होंडा के 50 बाइक की बुकिंग अभी तक हो चुकी है। इस बार धनतेरस में 150 से 200 बाइक बिकने की उम्मीद जताई जा रही है। वही बजाज शोरूम की मैनेजर उर्मिला चंद्रवंशी ने बताया की धनतेरस के दिन 85 बाइक की एडवांस बुकिंग हुई है। 200 बाइक की बिक्री होने की उम्मीद है। कारोबारियों के मुताबिक इस बार बीती दीवाली की अपेक्षा 25 प्रतिशत से अधिक कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। बताते चलें कि दीपावली व धनतेरस पर जिले में 15 करोड़ से अधिक का कारोबार होता है। धनतेरस पर वाहनों की खरीद अधिक होती है। इसका असर अभी से दिखने लगा है। जिला मुख्यालय स्थित कार, बाईक के शोरूम सजने लगे हैं और धनतेरस पर इनकी खरीद के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। कारोबारियों के मुताबिक अब तक स्कूटी व बाईक की 250 तथा कार की 50 से अधिक बुकिंग मिली है। इनकी धनतेरस को खरीद होगी। धनतेरस पर्व शुक्रवार को है। हर रोज लोग वाहनों की बुकिंग कराने के लिए शो रूम पहुंच रहे हैं। वाहनों की बिक्री अधिक होने की उम्मीद में कारोबारी इनकी उपलब्धता बनाने में जुटे हैं।

वाहन खरीदने पर ग्राहकों को मिलेगा ऑफर

कारोबारियों के मुताबिक दीवाली पर्व पर वाहनों की खरीद में कई तरह के ऑफर ग्राहकों को मिलेंगे। बाईक खरीद में 1500 रुपये से अधिक की छूट व लक्की ड्रॉ तो स्कूटी की खरीद में 5500 रुपये तक की छूट दी जा रही है। वहीं कार में 10 से 15 प्रतिशत की छूट की बात भी कारोबारी कर रहे हैं। वाहन खरीद के साथ टीवी, वॉशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में भी ऑफर दिए जा रहे हैं।

स्कूटी की खरीद में महिलाएं आगे

कारोबारियों के मुताबिक स्कूटी के प्रति महिलाओं का रुझान खासा बढ़ा है। अधिकांश महिलाएं स्कूटी खरीदने में अधिक दिलचस्पी दिखा रहीं हैं। ऐसे में कारोबारियों ने महिलाओं की पसंद की आकर्षक रंगों की स्कूटी की व्यवस्था की है जो शो रूम में सजी हैं।

डीसी ने पदाधिकारियों संग बैठक कर आयोजन की रणनीतियों पर की चर्चा

पलामू में 15 नंवबर से शुरू होगा 'आपकी योजना-आपकी सरकार अभियान'

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में एक बार फिर से 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार 'अभियान शुरू होगा। यह अभियान 15 नवम्बर से शुरू होकर 29 दिसम्बर तक चलेगा। इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की ।बैठक में अभियान को सफल बनाने एवं अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने पर चर्चा की गयी। बैठक में डीसी श्री रंजन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस अभियान को लेकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने अलग-अलग पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपे। कहा कि शिविर में जो भी आवेदन आयेंगे उन्हें संबंधित पदाधिकारी सक्रिय होकर एड्रेस करें तो अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर सकेंगे। बैठक में पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्य प्रक्षेत्र की योजनाएं, कहां विशेष ध्यान रखना है,ऑन द स्पॉट कौन सी शिकायतों का निवारण किया जा सकता है आदि बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

चार से पांच पंचायतों में हर दिन लगेगा शिविर

अभियान के दौरान प्रतिदिन जिले के विभिन्न प्रखंडों में कम से कम चार से पांच पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इन शिविरों में लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। नया राशन कार्ड के लिए आवेदन लिया जायेगा। स्वीकृत राशन कार्ड दिये जायेंगे। राशन डीलर के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का निराकरण,पेंशन लाभ,मनरेगा के तहत नये जॉब कार्ड एवं हड़िया बेचने वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें फुलो-झानों आशीर्वाद योजना से जोड़ने का काम किया जायेगा। इसके अलावे शिविर में धोती-साड़ी एवं कंबल वितरण भी किया जायेगा। साथ ही अबुआ आवास के तहत नये आवेदन लिये जायेंगे। इसके अतिरिक्त ई -श्रम पोर्टल पर निबंधन,लंबित दाखिल खारिज के मामलों का निष्पादन,लगान रसीद निर्गत,मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं रोजगार सृजन योजना के आवेदन लेने जैसे कार्य किये जायेंगे। वहीं पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड भी निर्गत किया जायेगा।

प्रभावित क्षेत्रों में उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश

एसपी ने अपराध गोष्ठी में की मामलों के निष्पादन की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बुधवार को अपने कार्यालय में अपराध गोष्ठी कर जिले में बीते माह में घटित बड़े अपराधों की समीक्षा की। इस दौरान एसपी ने थानावार वारंट, कुर्की के निष्पादन के संबंध में की गई कार्रवाई, कांडों में गिरफ्तारी एवं निष्पादन की कार्रवाई की भी जानकारी ली। उन्होंने मौजूद पुलिस पदाधिकारियों से पिछले माह में हुई हत्या, लूट, बलात्कार, पोक्सो आदि के कांडों में की गई गिरफ्तारी एवं उद्भेदन से सम्बंधित की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। इस दौरान एसपी श्रीमती रमेशन ने उग्रवादियों के खिलाफ जिले के मनातू, नावा बाजार, छतरपुर, नौडीहा एवं हरिहरगंज में विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया । उन्होंने हत्या के जिन कांडों का उद्भेदन अभी तक नहीं हो पाया है। उन मामलों के लिए संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को विशेष निर्देश दिया। साथ ही सभी अंचल के पुलिस निरीक्षकों को यूडी कांड के निष्पादन की दिशा में कार्रवाई करने तथा वैसे कांड जो काफी पुराने हैं। उसकी समीक्षा करने का निर्देश भी दिया गया। जिन कांडों में अभियुक्त दूर के राज्यों में छुपे हुए हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक से अनुमति लेकर संबंधित राज्य में जाकर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कांडो के उद्भेदन एवं निष्पादन की दिशा में जिन थाना प्रभारी एवं पदाधिकारियों ने अच्छा काम किया है, उन्हें सुसेवांक से पुरस्कृत करने तथा जिनके कार्य में लापरवाही पाई गई उन्हें निंदन की सजा का आदेश दिया गया।

सड़क दुर्घटना में जैप 8 का जवान घायल

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के चियांकी बाईपास रोड में सड़क दुर्घटना में जैप 8 का जवान लातेहार जिले के गारू गांव निवासी रतेंद्र मिंज उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल जवान रतेंद्र मिंज ने बताया कि सोमवार की शाम वह बाइक से चियांकी स्थित किराए के मकान में अपने बच्चों से मिलने जा रहे थे। तभी रास्ते में बाईपास रोड पर उनकी बाइक की टक्कर एक टेंपो से हो गई। जिसमें वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपनी देखरेख में घायल जवान रतेंद्र मिंज का इलाज करवा रहे हैं।

पशुओं में कृत्रिम गर्भाधारण की दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नाबार्ड के तत्वावधान में लहलहे पंचायत भवन में पशुपालक गोष्ठी का आयोजन किया गया। नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक शालिन लकड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना पदाधिकारी अजित सिंह ने पशुपालकों को पशुओं में कृत्रिम गर्भाधारण सहित अन्य उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाबार्ड से अनुदान मिलने के कारण अब पशुपालकों को 500 रूपये में सार्टेड सीमेन बाएफ केंद्र से उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे पशुपालकों को उन्नत नस्ल की बछिया प्राप्त होगी। केंद्र से संकर नस्ल के अतिरिक्त साहीवाल, गिर, थारपारकर, हरियाना, रेड सिंधी एवं भैंस भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुखिया संजय यादव, उपमुखिया पंचदेव साव, आरएसईटीआई के निदेशक बीएन शाह आदि मौजूद रहे।

आस्था

मेदिनीनगर में हो रहा झारखंड के पहले परशुराम मंदिर का निर्माण

51 हजार दीप प्रज्वलित करेगा राष्ट्रीय परशुराम सेना

दीपावली पर भव्य आयोजन की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के बैनर तले व सर्व सनातन समाज के सहयोग से झारखंड व बिहार के प्रथम निर्माणाधीन चिरंजीवी भगवान परशुराम मंदिर के गुंबद का कार्य जोरों पर है। महाराष्ट्र के कारीगर युद्धस्तर पर निर्माण कार्य में जुटे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारी व सदस्यों ने आगामी रविवार दिवाली के शुभ अवसर पर निमार्णाधीन परशुराम मंदिर परिसर में एक साथ 51000 दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम तय किया है। जिसके तहत समाज के हर घर से एक दिया भगवान परशुराम को समर्पित करने की अपील की गई है। पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव द्वारा दीपावली की संध्या काल में 51 हजार दीप का प्रज्वलन किया जाएगा। साथ ही हर घर एक दिया अभियान के तहत जो दीप आएगा उसे भी भगवान परशुराम को समर्पित किया जाएगा। प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि यह पल समाज को एक सूत्र में पिरोने व अपने आराध्य को याद करने के लिए सबसे बेहतरीन होने जा रहा है। प्रदेश प्रभारी अभिषेक तिवारी ने कहा कि यह शुभ अवसर भगवान परशुराम ने हम सभी को प्रदान किया है। संगठन के संरक्षक मुकेश तिवारी ने उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों को शामिल होने का आह्वान किया है। आयोजन में संगठन के संरक्षक अजय तिवारी 'अकेला',कमलेश शुक्ला, बसंत तिवारी, परमेश तिवारी, प्रदेश सलाहकार अविनाश, धमार्चार्य रमेश पांडे, कोषाध्यक्ष अंकित पांडे, अरविंद पांडे, संजीत पांडे, राहुल पाठक, कर्ण तिवारी, अभिषेक पांडे आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

गागर में सागर

मुखिया ने की प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों के प्रतिनियोजन की मांग

रमना। मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा ने जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा को आवेदन देकर पंचायत के नव

प्राथमिक विद्यालय कोरगा एवं जुडवनिया में एक -एक सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन करने की मांग की है। आवेदन में मुखिया ने लिखा है कि उक्त दोनों विद्यालयों में केवल एक- एक सहायक अध्यापक कार्यरत है। विद्यालय प्रभार में होने के कारण उक्त सहायक अध्यापक भी प्रायःविभागीय कार्य से बाहर रहते हैं। इस कारण उक्त दोनों विद्यालयों में शिक्षण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। विदित हो कि नव प्रावि कोरगा में 148 एवं जुडवनिया में 128 बच्चे नामांकित हैं। मुखिया ने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल उक्त दोनों विद्यालयों में एक- एक सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन करने की मांग की है। इस पर डीएसई ने विधि सम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि मुखिया ने मंगलवार को संपन्न हुई पंचायत समिति की बैठक में भी उक्त मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था।

जल नल में अनियमितता की शिकायत

केतार। प्रखंड के लोहरगाड़ा पंचायत के मुखिया नीलम देवी ने बुधवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पीएचडी विभाग द्वारा नल जल योजना में अनियमितता बरतने और मनमानी करने की शिकायत की। मुखिया ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि लोहरगाड़ा, हुरका, मेरौनी और कोसडीहरा गांव में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सर्वे कराकर स्थल का चयन किया गया था। ग्रामीणों से खेत का रसीद और आधार कार्ड छायाप्रति भी लिया गया था, लेकिन संवेदक की मिलीभगत से मनमानी करते हुए अपने करीबी के घर के पास जल मीनार लगाने के लिए बोरिंग कराई जा रही है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध करने पर मुंशी द्वारा चयनित स्थल को रद्द बताया जाता है। मुखिया नीलम देवी ने जांच कर संवेदक पर कारवाई करने की मांग की है।

बिजली चोरी करते 15 लोग पकड़े गये

केतार। प्रखंड क्षेत्र में अवैध बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विद्युत विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार की शाम बलिगढ़ पंचायत के खोनहर और चेचरीया गांव में कनीय अभियंता गुणवत कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गयी, जिसमे 15 ग्रामीणों को बिजली चोरी कर मोटर चलाते और घर में बिजली जलाते पकड़ा गया। इन सभी लोगों पर 2 लाख 16 हजार 200 रुपये जुर्माना किया गया। साथ ही सभी के खिलाफ केतार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। खोनहर गांव निवासी अवध यादव पर 24,400 रुपये, सत्यनारायण यादव 25,100 रुपये, राजेन्द्र यादव पर 24400 रुपये, राजकुमार यादव पर 24,400 रुपये, सुर्य देव साह पर 12,200 रुपये, यमुना सिंह 7200 रुपये, लखन सिंह 7200 रुपये, सुरेश सिंह 12,200 रुपये, ब्रह्मदेव यादव 11050 रुपये, ललन गुप्ता 11050 रुपये, जितेन्द्र प्रसाद 9600 रुपये, मानीक चंद्र साह 7200 रुपये, चिंता देवी 3600 रुपये, रामाधार ठाकुर पर 12,200 रुपये, रमेश यादव 24, 400 रुपये जुर्माना लगाया गया है। अभियान में अभय राम, सुर्य देव मेहता, छुनू मेहता शामिल थे।

साइकिल समेत पुलिया के नीचे गिरी छात्रा

गढ़वा। मेराल थाना क्षेत्र के परसही गांव निवासी सुरेश चौधरी की पुत्री संजू कुमारी बुधवार को विद्यालय से घर आने के दौरान साइकिल समेत पुलिया के नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। संजू कुमारी राजकीय मध्य विद्यालय ओखरगाड़ा में सातवीं कक्षा की छात्रा है। विद्यालय में छुट्टी होने के बाद वह साइकिल से घर लौट रही थी। इस दौरान एलएनटी ईंट भठ्ठा के समीप अनियंत्रित होकर साइकिल समेत पुलिया के नीचे गिरकर घायल हो गई। तब उसकी सहपाठिनों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रतापपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट में दो महिला समेत 3 घायल

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में बुधवार को मारपीट की घटना में दो महिलाओं समेत दोनों पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के कमरूद्दीन खान व उसकी बहु निशरत बीबी पति तकसीर खान तथा दूसरे पक्ष के शफीकन बीबी पति सगीर अहमद शामिल हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि कमरुद्दीन खान व उनकी पत्नी शलीखा बीबी पहले बड़े पुत्र सगीर अहमद के साथ रहते थे। अपने देखभाल के लिए उन्होंने बड़े पुत्र को पांच कठ्ठा जमीन रजिस्ट्री किया था। लेकिन जमीन ले लेने के बाद सगीर अहमद ने माता पिता को अपने घर से निकाल दिया। इसके बाद कमरुद्दीन खान अपने पुत्र तकसीर खान के साथ रहने लगे तथा उसे भी पांच कठ्ठा जमीन रजिस्ट्री कर दिया। इसे लेकर कमरुद्दीन खान के बड़े पुत्र सगीर अहमद एवं पतोहू शफीकन बीबी तथा एक अन्य पुत्र दस्तगीर खान नाराज हो गए। इसी रंजिश में शफीकन बीबी, उसकी पुत्री सुल्ताना बीबी, फरहाना खातून, तमन्ना खातून एवं कासिब खान पिता दस्तगीर खान ने मिलकर कमरुद्दीन खान के साथ मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने के दौरान निसरत बीबी को भी पीटकर घायल कर दिया।

मध्याह्न भोजन के लिए एक ही दुकान में की जा रही है बर्तनों की खरीदारी

स्कूलों के लिए बर्तन की खरीदारी में चल रहा है कमीशनखोरी का 'खेल'

नवीन मेल संवाददाता। केतार

शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बनाने और खिलाने के लिए बर्तन क्रय के लिए राशि भेजी जाती है, जो कमीशनखोरी का भेंट चढ़ रही है। सूत्रों की मानें तो केतार, भवनाथपुर और खरौंधी प्रखंड के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक बीआरसी भवन के ठीक सामने स्थित विनोद सोनी के बर्तन दुकान से ही बर्तन की खरीदारी कर रहे हैं। केतार प्रखंड के 32 विद्यालयों में बर्तन खरीदने के लिए विभाग द्वारा राशि प्राप्त हुई। इसमें प्राथमिक विद्यालय के लिए नामांकित बच्चों की संख्या के अनुसार प्राथमिक विद्यालय में 10 हजार से 15 हजार रुपये और मध्य विद्यालय में 15 हजार से 25 हजार रुपये की राशि भेजी गई। शिक्षक भयवश दबी जुबान में बता रहे हैं कि इसी दुकान से बर्तन खरीदने का निर्देश प्राप्त हुआ है, लेकिन सोचनीय विषय है कि जब भवनाथपुर में बड़े-बड़े प्रतिष्ठान हैं, तो फिर एक ही दुकान से बर्तन की खरीदारी प्रधानाध्यापक क्यों कर रहे हैं। आखिर उन पर किसका दबाव है?

भवनाथपुर प्रखंड के कई विद्यालयों में नहीं हो सकी है बर्तनों की खरीदारी

भवनाथपुर। संकुल संसाधन केंद्र अंतर्गत भवनाथपुर प्रखंड के एक दर्जन से अधिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने हेतु बर्तन का क्रय नहीं किया जा सका है, जबकि उक्त सामग्री की खरीदारी के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 में राशि का भुगतान विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंधन के खाते में किया जा चुका है। वहीं सूत्रो की मानें तो विद्यालय प्रबंधन समिति व विभाग के बीच खींचतान के चलते अभी तक दर्जनों विद्यालय में मध्याह्न भोजन के लिए उपयोग में आने वाले बर्तनों की क्रय में देरी हो रही है। जिन विद्यालयों में बर्तनों का क्रय नहीं हुआ है, उन विद्यालयों में अविलंब बर्तनों की क्रय हेतु 9 नवंबर को बीआरसी कार्यालय में संबंधित विद्यालयों के एचएम उपस्थित होकर जनसुनवाई में भाग लेंगे।

बर्तन खरीदने का प्रावधान

सरकारी विद्यालयों में किसी भी तरह की समाग्री खरीदने के लिए प्रबंधन समिति द्वारा बैठक कर क्रय समिति का गठन होता है। इसके बाद क्रय समिति दुकानों में मूल्य के अनुसार गुणवत्ता की जांच करती है। इसके बाद सामग्री खरीदी जाती है। लेकिन यहां तो एक ही दुकान से समान खरीदने की होड़ मची है। अब खरीदे गए बर्तन गुणवत्ता अच्छी है या नहीं यह तो दुकानदार ही जाने। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडे ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है लेकिन अगर ऐसा है तो इसकी जांच की जायेगी। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने कहा कि प्रबंधन समिति अपनी सहूलियत के अनुसार समाग्री खरीद सकती है।

शराब के नशे में युवक ने पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

थाना अंतर्गत अरंगी दामर निवासी बिरेंद्र विश्वकर्मा (35) ने शराब के नशे में घर के पास स्थित बबूल के पेड़ में मंगलवार देर शाम फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। इस घटना से गांव में मातम पसर गया है। वहीं मृतक की पत्नी सहित स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक की पत्नी रोते रोते बार अचेत हो जा रही है।

मृतक बिरेंद्र विश्वकर्मा के दो पुत्र हैं। बड़ा अंकुश विश्वकर्मा 6 वर्ष का तथा छोटा लवकुश विश्वकर्मा 4 वर्ष का है। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। साथ ही शव को स्वजनों के घर सौंप दिया। स्वजन सुबह शव गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए ले गए। ग्रामीणों ने बताया मृतक बिरेंद्र विश्वकर्मा बचपन से ही अपनी मां के साथ ननिहाल में रहता था। मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने बताया बिरेंद्र विश्वकर्मा अत्यधिक शराब का सेवन करता था। इसलिए उसका दिमाग सही नहीं रहता था। मंगलवार को सुबह से ही शराब का सेवन कर रहा था। उसने अत्यधिक नशे में होने के कारण पास के एक बबूल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि शव को गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

भवनाथपुर प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में अनियमितता

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

सरकार जिस उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन कर रही है वह उद्देश्य प्रखंड बालविकास परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका एवं सेविका की मिलीभगत से पूरा नहीं हो रहा है।

बता दें कि प्रखंड कार्यालय से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पनियाही टोला बुका का आंगनबाड़ी केंद्र खुला भी नहीं है, जबकि सेविका मंजू देवी ने बताया कि साफ सफाई करनी है इसलिए बच्चों की पहले ही छूटी कर दी है। एक अन्य प्रखंड कार्यालय से महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित भुइयां टोला के आंगनबाड़ी केंद्र में 11:30 बजे तक बच्चों को न तो अल्पाहार मिला था न ही भोजन। सेविका उपस्थित भी नहीं थी। बच्चे पेड़ पर चढ़ कर खेल रहे थे। वहां उपस्थित सहायिका प्रमिला देवी ने बताया कि सेविका आशा देवी के दांत में दर्द था इसलिए अस्पताल गई है। जब बच्चों को भोजन देने की बात पूछी गई तो कुछ भी स्पष्ट नहीं बताते हुए कभी बोली कि हलुआ बनाएंगे तो कभी बोली कि खिचड़ी बनाएंगे। इस संबंध में पूछे जाने पर महिला पर्यवेक्षिका ने बताया कि अभी हम खरौंधी में हैं। मुझे इसकी जानकारी नहीं है कि पनियाही आंगनबाड़ी केंद्र बंद है। वहीं भुइयां टोली की सेविका तबीयत खराब होने के कारण मौखिक रूप से छूटी पर है।

बीरहा नाला पर पुल निर्माण का शिलान्यास

विधायक बोले-9 साल के कार्यकाल में प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों को सड़कों से जोड़ा

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़

क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने बुधवार को बड़गड़ प्रखंड क्षेत्र के बढ़नी गांव स्थित बीरहा नाला पर बनने वाले पुल का शिलान्यास। उक्त पुल का निर्माण कार्य लगभग 3.70 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा।

इस मौके पर प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसको संबोधित करते हुए विधायक अने कहा कि क्षेत्रीय सांसद विष्णु दयाल राम व उसके नेतृत्व में बड़गड़ प्रखंड क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। बढ़नी पुल के बन जाने से यहां के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उसके 9 साल के कार्यकाल के दौरान प्रखंड के सुदूरवर्ती से सुदूरवर्ती गांव को सड़क, पुल व पुलिया से जोड़ दिया गया है। साथ ही वहां मोबाइल कनेक्टिविटी, बिजली व पेयजल की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने झामुमो की सरकार को कोसते हुए कहा कि राज्य में सिर्फ विकास कार्यों के नाम पर लूट मची हुई है। प्रदेश में बालू व कोयला व अन्य खनिजों का दोहन किया जा रहा है। यहां के मंत्री, अधिकारी अपनी जेब गर्म करने में लगे हुये हैं। यहां ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल धड़ल्ले से जारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार स्थापित करनी है। इसके लिए कार्यकर्ता अभी से ही लग जाएं। उन्होंने आगामी दिनों में उगरा घाट स्थित दो राज्यों को जोड़ने वाली कनहर नदी पर पुल के शिलान्यास की बात कही। सभा को भीष्म चौरसिया, रामकरेश चौरसिया, ठाकुर महतो आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर अमलेश चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश, सांसद प्रतिनिधि आनंद सोनी, जिप सदस्य हिरवंती देवी, प्रमुख शांति देवी, मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, रमेश प्रसाद, सुभाष गुप्ता, रंजन सोनी, मुकेश सोनी, रवि सोनी, भोला सोनी आदि भी उपस्थित थे।

केतार के गोदाम से राशन का उठाव होना बंद

प्रमुख बोलीं-इसमें भवनाथपुर गोदाम के कुछ कर्मियों की मिलीभगत, डीसी से करेंगे शिकायत

नवीन मेल संवाददाता। केतार

प्रखंड के राज्य खाद्य निगम गोदाम में पिछले तीन माह से राशन नहीं आ रहा है। इस कारण प्रखंड के राशन डीलरों को फिर से भवनाथपुर के गोदाम से ही राशन का उठाव करना पड़ रहा है। वहीं पिछले तीन माह से खाद्यान्न गोदाम बंद रहने के कारण गोदाम के लिए प्रतिनियुक्त कर्मी प्रखंड कार्यालय के दूसरे कार्यों में लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि केतार पंचायत सचिवालय परिसर में स्थित खाद्यान्न गोदाम की मरम्मत करायी गयी थी, जबकि पिछले 21 जुलाई को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने उक्त खाद्यान्न गोदाम का उद्घाटन किया था। इसके बाद सितंबर माह में गोदाम में राशन आया लेकिन अक्टूबर और नवंबर माह का राशन भवनाथपुर गोदाम से हुआ है। इधर केतार गोदाम बंद पड़ा है। वहीं प्रखंड के पीडीएस डीलरों को 15 - 20 किलोमीटर दूर भवनाथपुर से राशन का उठाव करना पड़ रहा है। पीडीएस डीलर चंद्रदेव बैठा, श्याम सुंदर बैठा, आला देवी, सुनील कुमार, राम प्रवेश राम, अरूण कुमार ने कहा कि केतार गोदाम से राशन का उठाव करने में सहुलियत होती थी और वाहन खर्च भी कम पड़ता था, लेकिन पुनः भवनाथपुर से राशन का उठाव करने में बहुत परेशानी हो रहा है और वाहन खर्च भी अधिक पड़ता है। डीलरों को राशन लाने में होने वाले वाहन खर्च भी स्वयं देना पड़ता है। इधर केतार गोदाम बंद होने से दस मजदूर भी बेरोजगार हो गये। इस संबंध में प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि भवनाथपुर गोदाम के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण ऐसा हो रहा है। जल्द ही उपायुक्त से इसकी शिकायत की जायेगी। जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने कहा कि केतार गोदाम से ही राशन का आवंटन प्राप्त हो इसके लिए जिले में आवाज उठाऊंगा।

डीसीएलआर रंका ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया

प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण भूमि सुधार उपसमहर्ता रंका प्रवेश कुशवाहा ने किया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सभी ब्लॉक कमी व अंचल कर्मियों के साथ बैठक कर उनका परिचय प्राप्त किया व क्षेत्र में चल रहे मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों पर भी बातें की।

इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा व अंचलाधिकारी निषाद अंजुम भी मौके पर मौजूद रहे। डीसीएलआर रंका ने अंचलाधिकारी को विभागीय कार्य में तेजी लाने एवं लंबित कार्यों को ससमय पूरा करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान डीसीएलआर ने दाखिल खारिज व विभिन्न मामलों के प्रगति की समीक्षा की एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनुज कुमार रवि, जेई अनिकेश कुमार, नाजीर अधिराज टोपो, विनोद प्रसाद, पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक मिथिलेश कुमार, पंचायत सेवक रामनाथ सिंह, नवल किशोर यादव आदि मौजूद थे।

बाजार

विक्रेता बोले-जीएसटी के कारण नहीं हो रहा है पहले जैसा मुनाफा

डंडई हाट में दिवाली से पहले खूब हुई खरीदारी

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव में बुधवार को लगी साप्ताहिक हाट में दीपावली पर्व की घूम रही। हाट में मिट्टी का बना दीपक जहां थोक व खुदरा भाव में खूब बिका, वही रंग बिरंग के डिजाइनों में देवी-देवताओं की मूर्तियां व उनकी फोटो की भी खूब बिक्री हुई। इसके अलावा घरों को सजाने को लेकर अलग-अलग रंगों में झालर, फीता, ट्यूबलाइट के साथ-साथ रंग बिरंग के बल्ब की भी खूब बिक्री हुई।

इस दौरान सामग्रियों की खरीदारी कर रहे ग्राहकों के ऊपर महंगाई का भी कोई असर नहीं दिखा। वे सभी एक दुकान से दूसरे व तीसरे दुकान का भ्रमण कर सामग्री की खरीदारी करते रहे। साथ ही दुकानदारों के कहे अनुसार वे सभी उसकी कीमत भी चुकाते देखे गए। हाट में मिट्टी का बना दीपक बेचने आए दुकानदार जुगल प्रजापति, गणेश प्रजापति ने बताया कि पहले की अपेक्षा अब बाजार में मिट्टी के दिए की बिक्री बहुत कम हो गई है। उन्होंने कहा कि लागत और मेहनत के अनुसार दीपक की जो कीमत मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाती है। बावजूद पूर्वजों के पेशे को हम किसी तरह आगे बढ़ा रहे हैं। हर वर्ष दीपावली के पूर्व में हम अपने-अपने घर के चाक पर दीपक का निर्माण करते हैं और फिर उसे बाजार में बेचने चले आते हैं। साथ ही कहा कि डंडई हाट में मिट्टी के दीपक की बिक्री करते हमको लगभग 20 वर्ष से भी अधिक दिनों का समय बीत गया। वहीं देवी देवताओं की मूर्तियां व फोटो की बिक्री कर रहे सुरेश राम, विनोद शाह ने कहा कि यह रोजगार महज सप्ताह दिन के लिए चलता है। उक्त अवधि के बीच काफी मात्रा में मूर्ति व फोटो बेचने का काम हम सभी करते हैं।

वहीं झालर फीता ट्यूबलाइट व बल्ब की बिक्री कर रहे समरेंद्र मेहता, सनी कुमार, गिरवर निरगी, सौरभ कुमार इत्यादि ने बताया कि उक्त सामग्रियों की बिक्री में पहले ज्यादा मुनाफा हो जा रहा था, लेकिन जब से जीएसटी लागू हुआ है तब से मुनाफा काफी कम हो गया है। बावजूद पूर्व के रोजगार समझ कर हम सभी इसमें लगे हुए हैं। डंडई हाट में झालर, ट्यूबलाइट, बल्ब इत्यादि सामग्रियों की बिक्री करते हम सभी को 5 से 7 वर्ष का समय बीत गया।

परसोडीह पंचायत सचिवालय में किसानों का प्रशिक्षण हुआ शुरू

नवीन मेल संवाददाता। केतार

प्रखंड के परसोडीह पंचायत सचिवालय के प्रांगण में बुधवार को आत्मा गढ़वा की ओर से किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, परियोजना उपनिदेशक योगेंद्र सिंह, उप मुखिया ने किया। इस मौके पर योगेद्र सिंह ने कहा कि परसोडीह गांव को एग्री स्मार्ट ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास सरकार की ओर से किया जा रहा है। किसानों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं में से एक आत्मा योजना है। यह योजना किसानों के लिए बड़े काम की योजना है। इसके तहत किसानों को खेती करने के बेहतर तरीके और यंत्रों के इस्तेमाल की ट्रेनिंग भी दी जाती है। इस मौके पर किसानों को मसुरूम, गेहूं,चना और की बुवाई करने, देख-रेख करने और अच्छी पैदावार करने और सब्जी लगाने का तरीका बताया गया। मौके पर बीटीएम राकेश कुमार, सीआरपी आदित्य कुमार, किसान उपेंद्र रजवार उपेंद्र प्रजापति, जितेंद्र गुप्ता उमेश गुप्ता, भोलाराम,ददन गुप्ता, रामसेवक राम,राम वृक्ष राम, बनवारी राम, चंद्रदेव राम,शारदा देवी, उर्मिला देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, दिनेश मेहता सहित दर्जनो किसान उपस्थित थे।

गागर में सागर

हिंद भारती ने छठ घाट का किया निरीक्षण

बालूमाथ। हिंद भारतीय स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अध्यक्ष रवि सिंह के नेतृत्व में मुख्य छठ घाट का निरीक्षण किया। मौके पर संस्था अध्यक्ष ने बताया कि इस बार छठ घाट के सीडीओ की सफाई के साथ-साथ घाट के आसपास की समुचित सफाई एवं लाइट, साउंड के अलावा अन्य व्यवस्था की जाएगी। कहा कि कुछ लोग घर का गंदा पानी सड़कों पर बहाते हैं। ऐसे लोगों से आग्रह है कि कम से कम श्छठ पूजा तक सड़क पर पानी ना गिराएं। नालियों को साफ रखें और जहां नाली नहीं है वहां पानी गिराने के लिए सोखता बनाएं या कोई अन्य व्यवस्था करें। इस दौरान सिंह ने मां अंबे कोयला ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के व्यवस्थापक पर सामाजिक कार्य में सहयोग नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही साथ ग्रामीणों व प्रशासन से पूजा को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। मौके पर रवि रजक, लालदेव गंझू, अखिलेश भोक्ता, जितेंद्र कुमार, आशीष ओझा, सोनू सिंह, कैलाश यादव, संजू ओझा, नीरज गुप्ता, प्रदीप कुमार, विशेष कुमार, रंजय सिंह, पिंटु कुमार आदि उपस्थित रहे।

हादसे में दो युवक घायल, रिम्स रेफर

बालूमाथ। लातेहार बाईपास स्थित आराहरा ग्राम के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बालू ग्राम निवासी अनुज सिंह (20), पिता हीरा सिंह एवं दीपक कुमार (18), पिता तुलसी सिंह को गंभीर चोटें आईं। दोनों को ग्रामीणों के सहयोग से निजी वाहन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर आलिशा ने प्राथमिक उपचार कर उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। डॉक्टर के मुताबिक दोनों युवकों को सिर, हाथ, पैर के अलावे शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं।

आठ बकायेदारों का काटा कनेक्शन

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के सिमरातरी व गड़के गांव में विद्युत विभाग ने बुधवार को छापेमारी अभियान चलाकर 8 बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया। छापेमारी अभियान कनीय अभियंता तरुण कुमार के निर्देश पर चलाया गया। 8 बकायेदारों पर दो लाख,सतासी हजार नौ सौ बतीस रुपये बकाया है। इस दौरान बगैर बिजली बिल जमा किये बिजली नहीं जलाने की चेतावनी दी गयी है। साथ ही कनीय ने बताया कि खम्भे में लगे एंगल व खम्भे में लगे तार को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी लगातार की जा रही है। चिन्हित कर जल्द ही कठोर करवाई की जायेगी। छापेमारी अभियान में संतोष कुमार, महावीर दांगी, पंकज दांगी, विकास कुमार सहित अन्य शामिल थे।

ड्रग एसोसिएशन ने पुराने अस्पताल की जगह पर नया भवन बनाने की मांग की

बालूमाथ। ड्रग एसोसिएशन बालूमाथ इकाई ने बुधवार को बीडीओ सोमा उरांव को पुराने अस्पताल भवन की जगह पर ही नए भवन बनाने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। इससे पूर्व संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता लगभग एक दर्जन दवा विक्रेता संगठन के सदस्यों के साथ बैनर लिए मार्च करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता का कहना है कि पुराने अस्पताल भवन के इर्द-गिर दर्जनों दवा व्यवसाय हैं। साथ ही साथ यह स्थान चर्चित एवं थाना से सटा हुआ है। सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिकौन से यही जगह अस्पताल भवन निर्माण कराने के लिए उपयुक्त है। संगठन का यह भी कहना है कि हम दवा व्यवसायी अगर अस्पताल भवन किसी अन्य जगह पर बनता है तो बेरोजगार हो जाएंगे। बता दें कि बालूमाथ अस्पताल का नया भवन बालूमाथ ब्लॉक कैंपस के अंदर बनने जा रहा है, जिसका प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मौके पर लखन लाल, निरंजन कुमार गुप्ता, मो तौफीक, रामलाल यादव, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, सतीश कुमार, अमन कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, आशीष कुमार राय, बिपिन बिहारी गुप्ता, पवन यादव आदि उपस्थित थे।

फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

टंडवा। पुलिस ने बुधवार को फरार अभियुक्त हुम्बी गांव निवासी अर्जुन गंझू के मिश्रौल स्थित आवास पर इश्तेहार चिपकाया। न्यायालय के आदेश पर चिपकाए गये इश्तेहार में अभियुक्त को 5 दिसंबर को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने की नसीहत दी गई है। ऐसा नहीं करने पर न्यायालय के द्वारा कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। वहीं थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि आम्रपाली कोल परियोजना में कार्यरत वीजीआर कंपनी के साइट पर गोलीबारी और बमबारी की घटना को उग्रवादियों के द्वारा अंजाम दिया गया था। जिस मामले में फरार अभियुक्त अर्जुन के ऊपर भी मामला दर्ज किया गया था। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार व गणेश साहू के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

सुख नदिया घाट सूखा पड़ा है बढ़ी छठ व्रतियों की परेशानी

घाट पर तीन पंचायत के हजारों छठ व्रती देते हैं अर्घ्य

नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर
प्रखंड के सुख नदिया छठ घाट पर सरकार द्वारा छठ घाट, चबूतरा, पुल-पुलिया सहित कई अन्य योजनाओं का निर्माण तो करा दिया गया, परंतु पानी ठहराव का अबतक समाधान नहीं निकाला गया है। यही कारण है कि करीब हर वर्ष यहां पानी की परेशानी से लोगों को जूझना पडता है, जबकि इस वर्ष तो ऐसे ही अल्पवृष्टि की मार पुरा प्रखंड झेल रहा है। बताते चलें कि प्रखंड मुख्यालय से करीब एक किलोमीटर दूर सुख नदिया छठ घाट पर प्रतापपुर, रामपुर व बभने पंचायत के हजारों छठ व्रती अर्घ्य देने पहुंचती हैं। इस पूजन में छठ घाट पर पानी का विशेष आवश्यकता होता है। लेकिन यह छठ घाट तो अबतक पानी बिना सूखा पड़ा है। छठ पूजा का समय भी नजदीक आ गया है, लेकिन अभी तक इस ओर न तो प्रशासन का ध्यान है न ही जनप्रतिनिधियों का। ऐसे में कैसे होगी छठ पूजा।

नकाबपोश लुटेरों ने परिजनों को बंधक बनाकर मारपीट भी की

पूर्व पंसस के घर में सरेशाम हुई लूटपाट

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
नकाबपोश लुटेरों ने मंगलवार की देर शाम सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत समिति सदस्य के घर में घुसकर जमकर लूटपाट की। विरोध करने पर लुटेरों ने परिजनों को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट भी की। घटना सदर प्रखंड के सोहदाग गांव की है।

मंगलवार की शाम तकरीबन साढ़े सात बजे पंचायत समिति सदस्य रेशमा बानो अपने परिजनों के साथ घर में थी। इसी दौरान कुछ नकाबपोश लुटेरे वहां पहुंचे और घर का दरवाजा खटखटाया। एक महिला ने घर का दरवाजा खोला। घर का दरवाजा खुलते ही नकाबपोश घर में घुस गये और पूर्व पंसस समेत घर के अन्य लोगों को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो नकाबपोश लुटेरों ने परिजनों के साथ मारपीट की। इसके बाद नकाबपोशों ने बेखौफ होकर तकरीबन एक डेढ़ घंटे तक वहां लूटपाट की।

छह से सात की संख्या में आए थे लुटेरे

पीड़ित परिवार के लोगों के अनुसार, कम से कम दस लाख रुपये की संपत्ति लुटेरों ने लूट ली। घटना के समय घर में चार सदस्य मौजूद थे। शेष लोग बाहर गये हुए थे। परिजनों के अनुसार, लुटेरों की संख्या छह-सात थी। सभी हथियारों से लैस थे। घटना की सूचना मिलने के बाद बुधवार को थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के निर्देश पर एसआई गौरव सिंह के नेतृत्व में सदर पुलिस घटना स्थल पहुंची। पुलिस ने शीघ्र ही लुटेरों की गिरफ्तारी का भरोसा दिया है।

जेएसजेएमएम संगठन ने चौकीदार सदीक हत्याकांड की ली जिम्मेवारी !

हजारों नम आंखों ने दी चंदवा थाने के दिवंगत चौकीदार अंसारी को अंतिम विदाई

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
चौकीदार सदीक अंसारी को बुधवार को शहर के चंदवा तिलैयाटांड़ स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके आवास से हजारों लोग जनाजे में शामिल हुए। इस दौरान सबकी आंखें नम थीं। बता दें कि मंगलवार की दोपहर बाद चंदवा-माल्हन-मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर दुबी गांव के समीप अपराधियों ने सदीक को दो गोली मारी थी जिससे उनकी मौत हो गयी। वे चंदवा थाना में चौकीदार के पद पर पदस्थापित थे। इसी बीच, हत्याकांड से जुड़ा एक पर्चा सोशल मीडिया पर डाला गया है। शार्प शूटर नामक फेसबुक पेज पर डाले गए पर्चा के माध्यम से झारखंड संघर्ष जन मुक्ति मोर्चा (जेएसजेएमएम) नामक अपराधिक संगठन के राहुल सिंह ने हत्या की जिम्मेवारी ली है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दोस्त ग्रामीण एसपी कहकर बुलाते थे : चंदवा के सभी वर्गों में उनकी अच्छी पैठ थी। वे अपने मृदुभाषी व्यवहार के लिए जाने जाते थे। लोग उनसे संपर्क कर अपने वाद विवाद का अक्सर निपटारा करा लेते थे। सदीक समाज और कानून के बीच एक मजबूत कड़ी थे। सभी राजनितिक दलों, पंचायत प्रतिनिधियों समेत आम व खास लोगों ने उनकी हत्या की निंदा की है। लोगों ने जल्द से जल्द इस हत्याकांड के खुलासे की मांग लातेहार पुलिस अधीक्षक से की है। सदीक अंसारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी पैठ बना रखी थी। छोटे मोटे मामले को सुलझाने में वे काफी सक्रिय भूमिका निभाते रहते थे। छोटे मोटे मामले थाना में आने के बाद वे संबंधित पंचायत के मुखिया को फोन कर दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने की सलाह देते थे। इन्हीं कारणों से उनके दोस्त उन्हें ग्रामीण एसपी के नाम से भी पुकारते थे।

हत्या के खुलासे को लेकर एसआईटी गठित : चौकीदार सदीक अंसारी हत्याकांड के खुलासे को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि हत्या को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही सदीक अंसारी के हत्याकांड का खुलासा करते हुए इसमें शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने सदीक की हत्या की घटना की कड़ी निंदा की और दिवंगत के जनाजे में शामिल होकर कब्रिस्तान मिट्टी दी। प्रतुल ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। प्रतुल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सदीक की हत्या इस क्षेत्र में राष्ट्र विरोधी ताकत/अपराधियों के बुलंद हौसलों को दिखाता है। उन्होंने कातिलों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सह समाजसेवी जावेद अख्तर (बालूमाथ), साजिद खान, दीपक निषाद, महबूब अंसारी, शिवनाथ यादव, कृष्ण कुमार, विक्की वर्मा, छोटू कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

एसीबी ने एलआरडीसी के पेशकार को 5000 घूस लेते किया गिरफ्तार

सरकारी कार्यालय के कर्मियों में एसीबी टीम की कार्रवाई से हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
भ्रष्टाचार के खिलाफ पलामू एसीबी टीम ने बुधवार को लातेहार में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने भूमि उप समाहर्ता लातेहार (एलआरडीसी) के पेशकार विपिन किशोर एक्का को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम 12 बजे कार्यालय पहुंची। आवेदक शंकर राम द्वारा पेशकार को 5000 रुपए नगद दिया गया। जैसे ही पेशकार घूस के पैसा को पैकेट में डाला। एसीबी की टीम रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार करने के बाद पेशकार विपिन किशोर एक्का को पहाड़पुरी स्थित सरकारी क्वार्टर ले गई। वहां जांच के दौरान टीम अपने साथ पलामू ले गई। इधर, एसीबी टीम की कार्रवाई से सरकारी कार्यालय के कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

यहां बताते चलें कि मनिका निवासी शंकर पासवान ने एसीबी पलामू को जो आवेदन दिया था। उसके अनुसार उसे जमीन के मामले में डिग्री मिल चुकी थी। इसके बाद उक्त केस का नकल निकलने उपरोक्त पेशकार से मिले तो उसने आठ हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इस पर असमर्थता जताई गई। इसके बाद पेशकार ने कहा कम से कम पांच हजार देना ही होगा तभी नकल मिलेगा। नहीं तो तुम्हारा नकल फाड़ कर फेंक देंगे। वादी पासवान घुस देकर काम नहीं करवाना चाह रहे थे। इसके बाद वादी द्वारा एसीबी से संपर्क कर आगे की करवाई की और उपरोक्त पेशकार को रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
सूचना मिली थी कि सदर अस्पताल चतरा में डायलेसिस मशीन तकरीबन एक माह से खराब है। इसके कारण डायलेसिस कराने वाले मरीजों को काफी कठिनाई का समाना करना पर रहा है। इसको लेकर बुधवार को उपायुक्त अबु इमरान स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेने सदर अस्पताल पहुंचे। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद को उन्होंने डायलेसिस मशीन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सदर अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध दवा, अल्ट्रासाउंड, फिजिओथेरेपी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, महिला वार्ड एवं पुरुष वार्ड, साफ सफाई, चिकित्सकों व कर्मियों की उपस्थिति समेत अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उपाधीक्षक डॉ. मनीष लाल, डॉ. अरविंद केसरी, डॉ. एनके पांडेय अस्पताल प्रबंधक कुश कुमार एवं नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

मरीजों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

बच्चों के बीच किया गया स्कूल ड्रेस का वितरण

इटखोरी। प्रखंड अंतर्गत धुना पंचायत के मध्य विद्याल सोनिया के बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। वितरण धूना मुखिया सोनिया कुमारी व पंचायत समिति सदस्य पवन कुमार सिंह, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोनी देवी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पंचायत समिति सदस्य ने बताया गया कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं में स्कूल यूनिफॉर्म बच्चों को देना बहुत ही अच्छी योजना है। इससे गरीब व अमीर का फिलिंग बच्चों में देखने को नही मिलता है और बच्चों के अभिभवकों के ऊपर भी कम असर पड़ता है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र सोनिया में वाड सदस्य सुनीता देवी व सेविका पुष्पा कुमारी के द्वारा पोषक क्षेत्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। वितरण में मुख्य रूप से शिक्षक भास्कर कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह, सियाराम यादव, सहायिका संगिना देवी, गीता देवी, प्रेम देवी, कंचन देवी, प्रीति कुमारी उपस्थित थे।

कोयला तस्करों के लिये पुनः सेफ जोन बना मगध-आम्रपाली व पिपरवार क्षेत्र

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मगध-आम्रपाली एवं पिपरवार कोल परियोजना क्षेत्र पुनः इन दिनों कोल माफियाओं व कोयला तस्करों का सेफ जोन बन गया है। सूत्रों की माने तो बरसात का मौसम समाप्त होते ही माफिया अपनी विसात बिछाना शुरू कर दिया है। इन दिनों कोयला तस्कर सीसीएल अधिकारियों, वन अधिकारी एवं पुलिस के इर्द-गिर्द विचरण करते हुए देखे जा रहे हैं। इतना ही नहीं तस्करों को कोयला डंप आर्ड में भी देखा जा रहा है। जंगल में कोयला भंडारण शुरू भी कर दिया गया है।

सूत्र बताते हैं कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा-चमातु, पिपरवार के बचरा-सैरैया तथा टंडवा थाना क्षेत्र के सराढु, देवलगड़ा, टंडवा व कुमरांग गांव के कुछ कोयला तस्करी की खेल में अहम भूमिका देखी जा रही है। ये लोग लोकल स्तर पर कोल माफियाओं को मदद करने में खूब पसीना बहा रहे हैं। वही कुजू, मांडू व धनबाद के कोयला तस्कर टंडवा डेरा जमाए हुए हैं। बताया जा रहा है की कोयला के डुप्लीकेट कागजात यानी की डिस्को पेपर बनाने का गिरोह भी होटलों में शरण लिए हुए है। जानकर बताते है कि पिछले वर्ष तस्करों ने सीसीएल अधिकारियों से मिलीभगत कर हजारों टन कोयला काले बाजार में बेचा था। अवैध तस्करी के मामले में एक दर्जन से ऊपर केवल टंडवा थाना में मामला दर्ज है। लेकिन करवाई के नाम पर शून्य है। इतने मामले दर्ज होने के बावजूद कोयला तस्कर गिरोह का खुलासा नही होना कई सवालो को जन्म दे रहा है।

दिनरात हो रही कोयला व बालू की तस्करी

टंडवा। प्रखंड की लाइफलाइन टंडवा-सिमरिया सड़क इन दिनों तस्करी जोन बन गया है। इस सड़क से प्रतिदिन बालू, कोयला एवं पत्थर की बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है। आम्रपाली कोल परियोजना से मोटरसाइकिल गैंग हजारों की संख्या में चोरी का कोयला ले जाया जा रहा है और ईट भट्ठों समेत बिहार प्रदेश तक तस्करी कर ले जाया जा रहा है। टंडवा की विभिन्न नदियों से सैकड़ों ट्रैक्टर धनगड़ा घाटी के ऊपर आईएससी कंपनी समेत सिमरिया की ओर तस्करी किया जा रहा है। वहीं सिमरिया से पत्थर तस्करी कर टंडवा थाना क्षेत्र के मगध, आम्रपाली एवं एनटीपीसी समेत विभिन्न सड़क निर्माण कंपनियों में अवैध तरीके से हाइवा वाहन से सप्लाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार एक चलान से कई हाइवा पत्थर की सप्लाई की जाती है। इतने खनिज संपदाओं को तस्करी होने के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी समेत प्रखंड प्रशासन चुप क्यों है अपने आप में एक प्रश्न है।

जांच में खुलासा | एसडीओ ने निर्माण को उखाड़ कर दोबारा बनाने का दिया निर्देश

गुणवत्ता को ताक पर रख बनाई जा रही सड़क

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी जिहू मोड़ मुख्य सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। संवेदक द्वारा महेशा से सुराही मोड़ तक सड़क निर्माण कार्य किया गया है, जिसकी जांच बुधवार को पथ प्रमंडल विभाग चतरा सहायक अभियंता ज्योतिष टंडूला ने की। इसमें गुणवत्ता की अनदेखी पायी गयी।

मां अष्टभुजा कंशट्रक्शन हजारीबाग संवेदक राजेश कुमार द्वारा विभागीय आदेश को धज्जियां उड़ाते हुए 50 एमएम डीबीएम की जगह 20 से 25 एमएम की जा रही है। इसके अलावा प्रिमिक्सिंग में पिच की मात्रा कम डाली जा रही है। परिणाम स्वरूप पांव रगड़ने के साथ वाहन परिचालन होने से पिच उखड़ रही है। उक्त अनियमितता को देख एई ने संवेदक को निर्माण कार्य उखाड़ कर गुणवत्ता व प्राक्कलन अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। बरती गई अनियमितता में सुधार करने के बाद ही आगे का कार्य करने का निर्देश संवेदक के मुंशी को दिया। मौके परसहायक अभियंता ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य में डीबीएम 50 एमएम एवं बीसी 30 एमएम कुल 80 एमएम की जानी है। मौके पर कनीय अभियंता राजिव रंजन कुमार को अनियमितता में सुधार लाने के बाद आगे कार्य कराने का निर्देश दिया।

स्कूल क्रिकेट लीग में एसआरसीसी ने फेयरलेश फाइटर को 18 रन से दी मात

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
लातेहार जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग बी ग्रुप का चौथा मैच फेयरलेस फाइटर तथा एसआरसीसी बालूमाथ के बीच खेला गया। एसआरसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 150 रन बनाए। शिवांश सिंह राठौर ने 30 तथा अनीश अंसारी ने 30 रन का योगदान दिया। फेयरलैस फाइटर की ओर से इमदाद ने 4, अर्श आर्य ने 3 विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी फेयरलेश फाइटर ने 28वें ओवर में 132 रन पर पूरी टीम ढेर हो गई। अमित कुमार ने 48, लवकुश ने 18 रन का योगदान दिया। एसआरसीसी की ओर से प्रिंस कुमार यादव ने 6, आयुष ने 2, प्रियांशु तथा अनीश ने एक एक विकेट चटकाए। मैच के अंपायर आनंद सिंह तथा श्रवण महली थे, जबकि स्कोरिंग रौनक दुबे ने की। वहीं मैच के पर्यवेक्षक श्रवण महलि थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एसआरसीसी के प्रिंस कुमार यादव को संघ के सदस्य दिलीप कुमार द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, प्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे।

गागर में सागर

मंत्री चंपाई सोरेन से मिले कुडू उप प्रमुख

कुडू। राज्य के अनुसूचित जन जाति अनुसूचित जाति कल्याण एवं परिवहन विभाग मंत्री चंपाई सोरेन से कुडू प्रखंड के उप प्रमुख सह झामुमो नेता ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिला। जिले में सरना, मसना, स्थल घेरा बंदी एवं सुंदरीकरण, धुमकुड़िया निर्माण, संस्कृति भवन, निर्माण जैसे अनेकों योजनाएं समेत कल्याण विभाग की ओर से जनहित में कराई गई कार्यों से अवगत कराते हुए प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री चंपई सोरेन का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि लोहरदगा जिला राज्य का सबसे छोटा और पिछड़ा जिला है, जहां पर निवास करने वाले सभी समुदाय के हित में सरना, मसना, धुमकुड़ियां, संस्कृति भवन निर्माण एवं सुंदीकरण सहित अन्य योजनाओं को मूर्त रूप दिलाना हमारा मूल कर्तव्य है।

आजसू नेत्री ने कंबलों का किया वितरण

लोहरदगा। विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड लोहरदगा के हिरही पंचायत में आजसू अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शमीम अंसारी के सौजन्य से गरीब असहाय लोगों के बीच ठंड को देखते हुए कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत के द्वारा जरूरतमन्द लोगों के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। हिरही के सदर/सेक्रेटरी ने कहा कि जिस तरह से 2009 ओर 2014 में हमारे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग झोला भर के लोहरदगा विधानसभा से स्व. कमल किशोर भगत को वोट देने का काम किया था। ठीक उसी तरह आगामी 2024 के विधानसभा में इस बार हम लोग नीरू शांति भगत के साथ में रहेंगे। मौके पर हिरही वार्ड सदस्य रेहान अंसारी, नगर सचिव राजन मेहता, जिला अध्यक्ष छात्र संघ के जिला अध्यक्ष आयुष महतो, नजरुल इस्लाम, रामकिशोर उराँव व अन्य उपस्थित रहे।

सरसों बीज व कीटनाशक का वितरण

इटखोरी(चतरा)। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से संचालित इटखोरी सुफल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड सह किसान उत्पादक संगठन के द्वारा इटखोरी प्रखंड के धूना पंचायत के सोनिया में सरसो का बीज व किट नासक दवा किसानों के बीच वितरण किया गया। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक बीरेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि सरकार के द्वारा उन्नत किस्म के सरसो बीज किसानो को मुफ्त में दिया जा रहा है। दुकानों में महंगे बीज होने के कारन बहुत से किसान चाहते हुवे भी कृषि कार्य नही कर पाते हैं। ऐसे में सरकार के मदद से किसानों को भी सहूलियत होती है और समय पर खेती बाड़ी कर लेते हैं। बीज वितरण में कृषक अर्जुन सिंह, सकलदेव राणा, मदन भुईया, सहदेव यादव, राजीव नयन पांडेय, ब्रम्हदेव सिंह, प्रकाश राणा, मीना देवी, एटीएम बिनोद पाण्डे, ईस्वर यादव, सुबोध राणा, नागेसवर भुईया आादि उपस्थित थे।

लक्ष्मी पूजा मानाने को कमेटी का गठन

बारियातु। प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा स्थित देवी मंडप के प्रांगण में लक्ष्मी पूजा मानाने को लेकर सुरेश कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास व धूमधाम से लक्ष्मी पूजा मानाने का निर्णय लिया गया। लक्ष्मी पूजा सुचारु रूप से चलाने को कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष संदीप पांडेय, सचिव संतोष यादव, उपसचिव संजीत तुरी, कोषाध्यक्ष अर्जुन यादव, उपकोषाध्यक्ष अनिल यादव, को चुना गया। मौके पर विकास यादव, कंचन यादव, रवि यादव, मनोज यादव, अरुण यादव, कारू यादव, धनु यादव, दीपक तुरी, निकेश यादव आदि उपस्थित थे।

वाहन में टायर ब्लास्ट होने पर लगी आग

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना के समीप कोलवाहन में अचानक टायर ब्लास्ट होने के बाद आग लग गयी। आग की लपट काफी तेज थी। थाना के जवान मनोरंजन कुमार सिंह के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। साथ ही बड़ी अप्रिय घटना टल गई। इसके बाद पुलिस कोलवाहन को जब्त कर थाना ले आयी। ड्राइवर ने बताया कि एनपीएम कंपनी के केरेडाडी से कोयला ले कटकमसांडी डंप करने जा रहे थे। अचानक टायर ब्लास्ट कर गया व टायर में आग लग गयी।

मिट्टी के दीपक बनाने को चाक ने पकड़ी रफ्तार, कुम्हारों की एकमात्र उम्मीद बने दिवाली-छठ, अच्छी कमाई न होने से

परंपरागत धंधे से विमुख होते जा रहे कई परिवार

राहुल कौशल। लोहरदगा

दीपावली पर माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुम्हारों के चाक ने गति पकड़ ली है। उन्हें इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है। लोहरदगा में स्थित कुम्हारों की बस्ती में उनके परिवार मिट्टी का सामान तैयार करने में व्यस्त हैं। इनके घरों में मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं। महिलाओं को अलाव जलाने व पके हुए बर्तनों को व्यवस्थित रखने का जिम्मा सौंपा गया है। इसके साथ ही महिलाएं रंग बिरंगे बर्तनों को सजाने में जुटी हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल के लोहरदगा ब्यूरो प्रमुख राहुल कौशल से बातचीत करते हुए कुम्हार समाज ने बताया कि मिट्टी लाने एवं दीपक बनाने से लेकर पकाने में जो खर्च होता है उसके हिसाब से लाभ नहीं होता है। हम लोग सीजन के बाद अन्य काम करने लगते हैं। इस कला को बचाने के लिए सरकारी मदद दी जानी चाहिए, जिससे हमारी मिट्टी गढ़ने की कला बची रहे। उन्होंने कहा कि हमारे घर में कई पीढ़ियों से इस धंधे को किया जा रहा है लेकिन अब पहले जैसी खरीदारी नहीं होती। अब मिट्टी वाले बर्तन सीजनेबल धंधा बनकर रह गए हैं। दीपावली के अवसर पर पांच-दस हजार की कमाई हो जाती है। बाकी दिनों में परिवार की गाड़ी चलाने के लिए मजदूरी का सहारा लेना पड़ता है। वहीं बदलते परिवेश में मिट्टी के दीपों का स्थान इलेक्ट्रिक झालरों ने भले ही ले लिया हो लेकिन इसके बावजूद मिट्टी के दिए का अपना अलग ही महत्व है। चाइनीज इलेक्ट्रिक झालरों के बढ़ते दौर में भी त्योहारों पर मिट्टी से बने दीपक और अन्य चीजों का क्रेज बना हुआ है। यह आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने कई वर्षों पहले हुआ करते थे।

सीजनेबल धंधा बना

दीपावली की तैयारियों के लिए प्रजापति समाज ने मिट्टी के दीपक बनाने शुरू कर दिए थे, लेकिन फिर भी उनके माथे पर शिकन साफ देखी जा सकती है क्योंकि इन्हें डर है कि कहीं इनकी मेहनत बेकार न चली जाए। कहीं फिर से इस बार चायनीज झालरों और दीयों के सामने मिट्टी के दीयों की बलि न चढ़ जाए। मिट्टी गढ़कर उसे आकार देने वालों पर शायद धन लक्ष्मी मेहरबान नहीं है, जिसके चलते अनेक परिवार अपने परंपरागत धंधे से विमुख होते जा रहे हैं। दीपावली पर्व पर मिट्टी का सामान तैयार करना उनके लिए सीजनेबल धंधा बनकर रह गया है। हालात यह है कि यदि वे दूसरा धंधा नहीं करेंगे तो दो दिन की रोटी जुटा पाना कठिन हो जाएगा। मिट्टी के बर्तनों के कारोबार से जुड़े कुम्हारों का कहना है कि दीपावली व गर्मी के सीजन में मिट्टी से निर्मित बर्तनों की मांग जरूर बढ़ जाती है, लेकिन बाद के दिनों में वे मजदूरी करके ही परिवार का पेट पालते हैं।

चाक से बनती हैं कई चीजें

दीपावली पर्व पर धनलक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दीपक जलाए जाते हैं। मिट्टी से निर्मित चार, छह, बारह एवं चैबीस दीपों वाली मिट्टी की गुड्डन की पूजा की जाती है। मिट्टी की छोटी मटकियों में धान की खीलें भरकर उनकी पूजा होती है। करीब आठ से दस हजार रुपये में आने वाला चाक का पहिया बड़ी मेहनत से पत्थर के कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है। इस पर सारे मिट्टी के बर्तन बनाए जाते हैं। दीपक, घड़ा, मलिया, करवा, गमला, गुल्लक, गगरी, मटकी, नॉद, कनारी, गुड्डन, बच्चों की चक्की सहित अन्य उपकरण बनाए जाते हैं। कुम्हारों ने बताया कि चाक का पानी व मिट्टी औषधि का काम करती है। सांप के काटने पर इस मटमैले पानी को लगाने से विष भी खत्म हो जाता है। इतने लाभदायक होने के बावजूद लोगों का इस ओर रुझान कम हो रहा है।

82 कुम्हार परिवारों को मिला है इलेक्ट्रॉनिक चाक

इस व्यवसाय में अभी तक लगभग झारखंड कुम्हार समन्वय समिति एक प्रयास से लगभग पूरे जिले में 82 लोग इलेक्ट्रिक चाक से लोग काम कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र में पावर गंज कुम्हार मोहल्ला निवासी महादेव प्रजापति का दीया रायपुर और जयपुर तक जाता है। वहीं सरना टोली में राजू प्रजापति की पत्नी भी चाक से सुंदर-सुंदर मिट्टी के बर्तन बनाती है। विवाह के बाद उसने ससुराल में आकर काम सीखा है। वह 2013 से यह काम कर रही है।

मेहनत के अनुसार नहीं मिल पाता है मेहनताना

जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने बताया कि कार्य में जितनी मेहनत है उसके अनुसार समाज के लोगों को उसका मेहनताना नहीं मिल पाता है। फिर भी इस कला को जीवित रखे हुए हमारा प्रयास यह है कि पूरे नगर क्षेत्र एवं पूरे जिले में जो चाइनीज वस्तुएं लग रही है, उसका विरोध करें। जिले में कच्चे दिए खिलौने बन जाने के फलस्वरूप इनके बाजार की समस्याएं बहुत ज्यादा है। इन्हें बेचने हेतु अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता है। जिले में जिला प्रशासन से समाज को किसी भी प्रकार का सहयोग प्राप्त नहीं हो पाता। मिट्टी की समस्याएं प्रमुख रूप से आती है। जिसे इधर उधर से लाना पड़ता है। इस धरोहर को बचाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। इससे धंधा फल फूल सकता है। हमारे जिले का एक कारीगर है जिनका दीया एवं खिलौना राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, रांची एवं बिहार राज्य के जिलों में जाता है।

नदिया में बन रहे 100 शैय्या अस्पताल का पूर्व विधायक व सीएस ने किया निरीक्षण

मजदूरों को कम भुगतान व निर्माण शर्तों के विपरीत होने की शिकायत मिली

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

नदिया ग्राम में 51 करोड़ की लागत से बना रहे सौ शैय्या क्रिटिकल केयर बिल्डिंग, डॉक्टर, नर्स क्वार्टर निर्माण कार्य का पूर्व विधायक सुखदेव भगत व सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो ने निरीक्षण किया। यह भवन झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के द्वारा बनाया जा रहा है, जिसका संवेदक राज कंस्ट्रक्शन गढ़वा है। साइट पहुंचने पर सुखदेव भगत ने पाया कि भवन का निर्माण काफी घटिया और एस्टीमेट के विपरीत हुआ है।

साइट में योजनाओं से संबंधित कोई बोर्ड लगा हुआ नहीं है जिसमें प्राक्कलन की राशि तथा योजना पूर्ण करने की तिथि समेत योजना से संबंधित अनेक जानकारी उपलब्ध रहती है। मौके पर भगत ने पाया कि मजदूरों की सुरक्षा हेतु मजदूरों को सेफ्टी बेल्ट तथा हेलमेट जो दिया जाता है वह मजदूरों को नहीं मिला है। महिला मजदूरों ने बताया कि उन्हें 300 रुपये तथा पुरुषों को 400 रुपये मजदूरी मिलती है जबकि सभी मजदूरों को सरकारी दर 421 रुपये से भुगतान करना है। मजदूरों ने बताया कि उन्हें सादा पेपर में हस्ताक्षर करा लिया जाता है। ये मजदूर विगत 9- 10 महीना से काम कर रहे हैं। संवेदक द्वारा मजदूरों को मजदूरी कम भुगतान करने को भगत ने गंभीरता से लेते हुए तुरंत साइट पर जिला श्रम अधिकारी को बुलाकर सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराया। जिला श्रम अधिकारी ने सभी कार्य कर रहे मजदूरों का बयान लिया तथा कहा कि कम मजदूरी देने के खिलाफ राज कंस्ट्रक्शन पर श्रम कानून के तहत अभियोजन चलाया जाएगा। मौके पर जिला श्रम अधिकारी ने मजदूरों को बताया कि जल्द ही यहां काम कर रहे सभी मजदूरों का बीमा श्रम विभाग द्वारा कराया जाएगा। भगत ने घटिया निर्माण की शिकायत कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग से की। कार्यपालक अभियंता ने तुरंत कनीय अभियंता किशोर मुर्मू को साइट पर भेजा।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में पथ निर्माण की हुई बैठक

लोहरदगा। उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में पथ निर्माण की बैठक हुई। बैठक में आरईओ, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ), नगर परिषद समेत अन्य विभागों के पथ एवं पुल निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गई। आरईओ अंतर्गत सनई-हपात पथ में उच्च स्तरीय पुल, नारी धुवामोड़-सांगोडीह मक्का पथ, सात वर्षों से पुराने व एक किमी लंबाई के पथों के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव, सनई-हपात पथ, पझरी-कोटा वाया बिटपी डुमरी पथ, भण्डरा से कैरो पथ वाया आकाशी, मन्हो मोड़ से भक्सो मोड़, पथ विभाग अंतर्गत शंख-चतरा (लुकैया मोड़) पथ, चट्टी-टाटी चौक पथ, कैरो नया टोली से जिंगी मोड़ समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा हुई। सभी योजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। बैठक में संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता उपस्थित थे।

विधिक सेवा सप्ताह के तहत चला जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विद्या विकास+2 उच्च विद्यालय, नवाड़ीपारा लोहरदगा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार उपस्थित रहे। एलएडीसीएस के पैनल अधिवक्ता नारायण साहू, छात्र उत्प्रेरक गौतम लेनिन विद्यालय के संस्थापक रामविलास सिंह, वीके बालजिनप्पा, विनोद कुमार राय, एलएन तिवारी, विनय पाठक, लाल शिवम नाथ शाहदेव, सुषमा टाना भगत, बरखा कुमारी, सुभम कुमार, पल्लवी कुमारी सिंह, नेहा ठाकुर, अंजली कुमारी एवं विधालय के छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित बच्चों ने डायन विषाही एवं अंधविश्वास पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। साइबर अपराध एवं इसके रोकथाम के लिए बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बच्चों ने भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को डालसा लोहरदगा द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बच्चों को गुड टच, बैड टच की जानकारी दी। पोस्को कानून की जानकारी के साथ साथ- डालसा द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में लोगों को बताया गया।

सदीक के जनाजे में शामिल हुए चौकीदार संघ के पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

लातेहार जिले के चंदवा थाने के चौकीदार सदीक अंसारी की मंगलवार को सरेआम गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। बुधवार को सदीक के जनाजे की नमाज चंदवा में पढ़ी गई। इसमें झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के प्रदेश संयुक्त सचिव समसुल अंसारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मिथिलेश यादव, लोहरदगा जिला सचिव निजावत अंसारी, लातेहार जिला अध्यक्ष अनिल पासवान, सयुब अंसारी, रोजाऊदीन अंसारी, चंदवा थाना के राजकिशोर महली, बनेस महतो, जगदीश तुरी शामिल हुए। मौके पर चौकीदारों ने थाना प्रभारी चंदवा से मुलाकात कर दिवंगत चौकीदार के परिजनों को उचित मुआवजा और अनुकंपा के आधार पर उनके आश्रित को नौकरी दिलाने की मांग की। वहीं हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई। थाना प्रभारी चंदवा ने संगठन के लोगों को आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी और हत्यारे को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इधर संगठन के सदस्यों ने समशुल अंसारी के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिलकर उसे ढांढस बंधाया।

आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की हुई कार्यशाला

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

समावेशी शिक्षा अंतर्गत लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों के आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन न्यू टाऊन हाल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीता पुष्पा, एडीपीओ आम्बुज्य कुमार पांडेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, अशोक पांडेय, फील्ड मैनेजर आकाश कुमार और आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी सेविका की महती भूमिका की जानकारी देकर उनके द्वारा दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील बनने हेतु प्रेरित की गई। इसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के माता-पिता एवं समुदाय को संवेदीकृत कर समावेशी शिक्षा को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न आयामों को समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया गया। इसमें उन बच्चों की शिक्षा को उत्कृष्ट बनाना और विशेष शिक्षकों की भूमिका तय करते हुए इनका उपयोग साधन सेवी के रूप में करते हुए उन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के पोषक क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमता अनुरूप उनकी दिव्यंगता के आधार पर पहचान करते हुए आवश्यक रणनीति निर्माण कर शिक्षा की मुख्य धारा में बनाए रखने का हर संभव हर स्तर से प्रयास किया जाना है। समावेशी शिक्षा के प्रभाग प्रभारी अशोक पांडेय ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। इससे पूर्व 28 से 3 सितंबर, तक जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित असेसमेंट कैंप के मेडिकल कैंप में ऐसे बच्चों को चिन्हित कर कैंप में सहायक सामग्रियों को वितरित करने की जानकारी दी गई। मौके पर मास्टर प्रशिक्षक सत्येंद्र प्रकाश सिंह, पवन कुमार, धीरज पटेल, सिलवंती मिंज,सोनमती कुजूर एवं सतीश कुमार प्रजापति आदि के द्वारा ऐसे बच्चों के सूक्ष्म अवलोकन करते हुए विद्यालयों में बनाए रखने हेतु उपाय एवं गृह आधारित गृह आधारित प्रशिक्षण प्रशिक्षण में कैसे जुड़ा जाना है इस पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के आंगनबाड़ी की सेविका और सहायिका उपस्थित हुए।

पहल नई शिक्षा नीति में पंचायत प्रतिनिधि/स्थानीय प्राधिकार के कार्य व दायित्व पर हुआ सम्मेलन

'बच्चों के विकास में अहम भूमिका निभाएं जनप्रतिनिधि'

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा बालिका, लोहरदगा में झारखंड शिक्षा परियोजना (समग्र शिक्षा अभियान) लोहरदगा के द्वारा बुधवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पंचायत प्रतिनिधि/स्थानीय प्राधिकार के कार्य एवं दायित्व पर सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी शामिल हुईं। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा हमारी प्राथमिकता में सर्वोपरी है। हम सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि अपने क्षेत्र के बच्चों के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएं। हम आप सभी गांव की सरकार हैं। हमारी जवाबदेही ज्यादा है। साथ ही सभी पदाधिकारियों से अनुरोध भी किया कि आप सभी विद्यालयों का सतत निरीक्षण भी करें ताकि अपेक्षित सुधार हो सके। जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। यह तीस वर्षों के बाद बहुत गहन मनन चिंतन कर लाया गया है, जिससे छात्र छात्राओं के प्रतिभा को निखारने में मददगार साबित होगा। इस शिक्षा नीति में आंगनबाड़ी का विद्यालयी शिक्षा में एकीकरण, शैक्षिक ढांचे में परिवर्तन, बहुभाषा शिक्षा पर जोर, छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास, तकनीकी प्रौद्योगिकी शिक्षण पर जोर, बाल विकास पर विशेष जोर, शिक्षण तरीकों में बदलाव समेत कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। बेहतर शिक्षा बच्चों को मिले यह सरकार का लक्ष्य है। शिक्षा से ही राष्ट्र निर्माण सम्भव है। उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समय की मांग है। इन सभी चीजों का नई शिक्षा नीति 2020 में समावेश किया गया है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि स्थानीय विद्यालयों में सारे कार्यक्रम सही रूप से संचालित हों।

कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा प्रयास, प्रोजेक्ट रेल, इम्पैक्ट, मध्याह्न भोजन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी जीतेंद्र मित्तल, सीआरपी द्वारा उपलब्ध कराई गई। इस सम्मेलन कार्यक्रम में सढ़ाबे पंचायत, चिरी पंचायत, सीरम पंचायत, पाखर पंचायत आदि मुखिया द्वारा भी संबोधित किया गया। मौके पर एडीपीओ, अम्बुज्या पांडेय, एपीओ, सरीता एक्का, बीईईओ रामजीवन नायक, सभी पंचायतों की मुखिया, जिला झारखण्ड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के सभी कार्यालय कर्मी, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी के साथ-साथ शिक्षाविद उपस्थित थे।

दिवाली व छठ पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। कैरो

दीपावली व आस्था का महापर्व छठ को लेकर बुधवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर आपस मे मिलजुलकर प्रेम व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर विचार विमर्श किया गया। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि सभी पर्व त्योहार को मिलजुलकर आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मनाना चाहिये। थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रसाशन हमेशा तैयार है। खासकर पर्व त्योहार के अवसर चौकसी बढ़ा दी जाती है परंतु क्षेत्र के आम जनता के सहयोग की भी जरूरत है। जुआ और शराब पर अंकुश लगाने को लेकर कैरो पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार गस्ती व छापेमारी की जा रही है। मौके पर एस आई ऋषिकांत कुमार शर्मा, एएसआई वर्मा उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा साहू, कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू, नजिर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, जमील अख्तर, इम्तियाज अंसारी, जीतबहान महतो, रवि ठाकुर, राधे साहू, धनपत उरांव उपस्थित थे।

वोल्टास का होम अप्लायंस बिजनेस नहीं बेचेगा टाटा ग्रुप

नई दिल्ली। वोल्टास लिमिटेड ने मंगलवार को उन खबरों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया है कि उसकी मूल कंपनी टाटा समूह अपने घरेलू उपकरण कारोबार को बेचने पर विचार कर रही है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि ये खबरें पूरी तरह गलत हैं, जिनका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है। बयान में आगे कहा गया है कि मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट ने शेयरधारकों/निवेशकों के लिए चिंताओं के अलावा शर्मिंदगी पैदा की है। कंपनी ने कहा है कि वह आवश्यक स्पष्टीकरण जारी करने के लिए इस मामले को समाचार साइट के साथ बात की है। वोल्टास ने कहा है कि कंपनी रूम एयर कंडीशनर के मामले में मार्केट लीडर है और वोल्टास का आर्सेलिक के साथ उसका संयुक्त उद्यम है। बेको प्रोडक्ट्स अप्लायंसेज बिजनेस में सबसे तेजी से बढ़ते ब्रैंड्स में से एक है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज करेगी देश की सबसे बड़ी बॉन्ड सेल

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने देश की सबसे बड़ी बॉन्ड सेल लाने का फैसला किया है। इस बॉन्ड सेल के जरिए कंपनी बाजार से लगभग 20 हजार करोड़ रुपये जुटाएगी। किसी नॉन इन्स्टक प्राइवेट कंपनी की तरफ से आने वाला यह सबसे बड़ा ऑफर है। रिलायंस द्वारा 2020 के बाद पहली बार ऐसा कदम उठाया जा रहा है। बीएसई (इरए) के बॉन्ड प्लेटफॉर्म पर 09 नवंबर को 10।30 से लेकर 11.30 बजे तक इलक्ट्रोनिक बुक मैकेनिज्म के अंतर्गत इन नॉन कनवर्टिबल डिबेंचर्स की सेल होगी। इकोनॉमिक टाइम्स की खबर के मुताबिक, इस इश्यू का बेस साइज 10 हजार करोड़ रुपये और ग्रीन शू ऑप्शन 10 हजार करोड़ रुपये होगा। इन बॉन्ड्स की मैच्योरिटी अवधि 10 वर्ष की होगी। इन्हें क्रिसिल और केयर रेटिंग्स ने अअअ रेटिंग दी है। यह बॉन्ड आंशिक रूप से भुगतान योग्य, सुरक्षित, प्रतिदेय और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर हैं।

---

e–Procurement Cell

Office of the Superintending Engineer

Building Construction Department, Circle.-2, Combined Building, Line Tank Road, Ranchi-834001

Letter No.- Tel. : 0651-3512691 Date:-

शुद्धि–पत्र

e-Procurement Tender Reference No.-27 BCD/CIR-2/RANCHI/GARHWA ,DIV/ 2023-24 PR No.-310215 Building Dept Circle -2 (23-24) #D, Name of Work:- Construction of 1st Floor in Shree Krishna Sub-Divisional Library at Garhwa .कार्य से संबंधित है, के क्रमांक–iii में अंकित वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय को विलोपित किया जाता है तथा कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारणवश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत है:–

क्रमांक	मद	पूर्व की तिथि	संशोधित तिथि
1	वेबसाईट में निविदा प्रकाषन की तिथि	21.11.2023	01.12.2023
2	वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय	28.11.2023 3:00 PM	09.12.2023 3:00 PM
3	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	29.11.2023 3:00 PM	11.12.2023 3:00 PM

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

Nodal Officer e-Procurement Cell
Building Construction Department
Circle-2, Ranchi

PR 310964 Building Dept Circle - 2(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
mail-rdsdgumla123@gmail.com

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/19/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	ओल्ड ऐज होम, गुमला का मरम्मति।	11,39,900.00	22,800.00	2500.00	1 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.11.2023 से दिनांक 23.11.2023.को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 24.11.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 311017 (Rural Development) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - **DWSD/GPT/Med-08/2023-24 (1st Call)**

दिनांक – **07.11.2023**

1	Name of Work :- Construction of Gravel Packed Tube Well of 300 x 125mm dia x 60 mtrs. (Avg.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine with mud pump mounted on Truck) and D.T.H Rig machine with installation of INDIA mark-II Hand pump, Construction of platform & drain etc. On "Turn Key Basis" under D.W.&S. Division, Medininagar for the Year 2023-24.

ग्रुप संख्या	ड्रिल्ड न0 की संख्या	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
MED/GPT/60mtr.-01	46 Nos	67,74,888.00	1,35,500.00	10,000.00	90 Days
MED/GPT/60mtr.-02	46 Nos	67,74,888.00	1,35,500.00	10,000.00	90 Days
MED/GPT/60mtr.-03	46 Nos	67,74,888.00	1,35,500.00	10,000.00	90 Days
MED/GPT/60mtr.-04	46 Nos	67,74,888.00	1,35,500.00	10,000.00	90 Days
MED/GPT/60mtr.-05	47 Nos	69,22,168.00	1,38,500.00	10,000.00	90 Days

2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	16.11.2023 समय 02.00 बजे अपराहन् तक
3	निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिर्डींग) की अन्तिम तिथि एवं समय	30.11.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक
4	सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10. 2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	30.11.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक
5	तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय	02.12.2023 समय 04.00 बजे अपराहन् तक
6	तकनीकी बीड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
7	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :-	ई0 रामेश्वर गुप्ता, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
8	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0	7543089612
9	ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0	0651-2480345

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 310955 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला भू-अर्जन शाखा)
दूरभाष (मो०) सं०- Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT (3G Award के तहत् घोषित)

Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (**Section-II**) (कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– पिपरा कला, थानाः– सतबरवा, थाना नं0ः– 126
पत्रांक 755 (H)/भू0अ0, दिनांक 02.11.2023 (पार्ट–1)

क्र0 स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1		7	755	रैयती	धान–2	0.0551	1	करीमन साहु वो मनदुलार साहु पिता रामचन्द्र साहु वो रामवृक्ष साहु वो अमरजीत साहु पिता रामदेव साहु वो जसोदादेवी पिता रामदेव साहु वो रामसवारथ साहु उर्फ कईल साहु पिता भुखल साहु वो प्रसादी साहु पिता शिवदयाल साहु वो मुसमात मन्दोदरी पति जग्रन्नाथ साहु जाति तेली निवासी निज ग्राम	डोमन साव पिता स्व0 रामवृक्ष साव एवं अन्य
2		181	829	रैयती	टांड़–2	0.0007	2	1. कलावती देवी पति वन्धन यादव, 2. सुमिता देवी पति मुनेश्वर यादव, 3. रामचन्द्र यादव पिता स्व0 बुधु यादव, 4. राम सेवक यादव पिता स्व0 तपसी यादव, 5. जमुन्दर यादव पिता तपसी यादव, 6. सुदेश्वर यादव पिता स्व0 तपसी यादव, 7. लालमन यादव पिता स्व0 तपसी यादव, 8. शिवशेकर यादव पिता स्व0 शिवलोचन यादव, 9. मनोहर यादव पिता स्व0 तवकल यादव 10. केश्वर यादव पिता हरि यादव	सुदामा यादव पिता स्व0 मनोहर महतो एवं अन्य
		181	828	रैयती	टांड़–2	0.0857		तदैव	जयनन्दन यादव पिता स्व0 केश्वर यादव एवं अन्य
		181	827	रैयती	टांड़–2	0.0700		तदैव	शिवशंकर यादव पिता स्व0 शिवलोचन यादव खतियानी रकबा– 0.070 ए0 एवं अन्य
		181	821	रैयती	धान–2	0.0593		तदैव	रामचन्द्र यादव पिता स्व0 बुधु यादव एवं अन्य
		181	820	रैयती	टाड़–2	0.1800		तदैव	अनिल यादव सत्यनारायण यादव पिता स्व0 वंसी यादव खतियानी रकबा– 0.1800 ए0 एवं अन्य
		181	819	रैयती	टाड़–2	0.0696		तदैव	सुदेश्वर यादव जमुन्द्र यादव पिता स्व0 तपसी यादव शिवशंकर यादव पिता स्व0 सिवलोचन यादव एवं अन्य
		181	818	रैयती	टाड़–2	0.2908		तदैव	सुदेश्वर यादव जमुन्द्र यादव शिवशंकर यादव पिता स्व0 सिरलोचन यादव पिता स्व0 तपासी यादव एवं अन्य
		181	817	रैयती	टाड़–2	0.1900		तदैव	1. सिमित्री देवी पति मुनेश्वर यादव एवं अन्य रकबा–0.1750 ए0 2. सुरज देव यादव वगै0 पिता गणेश यादव रकबा–0.0150 ए0
		181	1854	रैयती	टाड़–2	0.0958		तदैव	जमुन्द्र यादव सुदेश्वर यादव पिता स्व0 तपसी यादव
		181	1855	रैयती	टाड़–2	0.0200		तदैव	शिवशंकर यादव पिता स्व0 शिवलोचन यादव खतियानी रकबा– 0.020 ए0
		181	1856	रैयती	टाड़–2	0.0200		तदैव	कृष्णा यादव राजमणि यादव रामदास यादव पिता स्व0 हिरामन यादव खतियानी रकबा– 0.020 ए0
		181	1857	रैयती	टाड़–2	0.0200		तदैव	प्रभु यादव पिता स्व0 रामधनी यादव खतियानी रकबा– 0.020 ए0
		181	1858	रैयती	टाड़–2	0.0500		तदैव	रामजवित धंशी यादव पिता स्व0 रामदेव यादव रामदुलार यादव पिता बंधन यादव एवं अन्य मकान रामजबित महतो
		181	805	रैयती	टाड़–2	0.0543		तदैव	नन्देव यादव जयनन्दन शिव यादव पिता स्व0 केश्वर यादव एवं अन्य
		181	1836	रैयती	टाड़–2	0.0074		तदैव	तदैव
		181	1852	रैयती	टाड़–2	0.1700		तदैव	नन्देव यादव पिता स्व0 केश्वर यादव खतियानी रकबा– 0.1700 ए0
		181	1853	रैयती	टाड़–2	0.1408		तदैव	सुदामा यादव पिता स्व0 मनोहर यादव सहोदरी कुंवर पति स्व0 लाल मुकुंद यादव जमेश्वर यादव पिता स्व0 मनोहर यादव दिनेश यादव पिता अजुन यादव
3		12	761	रैयती	धान–2	0.2107	3	कौलेश्वर महतो पिता सिधारी महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	अशोक कुमार मेहता जयप्रकाश पिता स्व0 ठाकुर दयाल मेहता सुदामा प्रसाद कमलेश कुमार मेहता पिता स्व0 अमारिक महतो एवंअन्य
		12	1786	रैयती	टाड़–2	0.0205		तदैव	विजय महतो पिता स्व0 जयश्री महतो
4		14	1827	रैयती	टाड़–2	0.2900	4	कौलेश्वर महतो वो पांचू महतो वां रघु महतो वो धनु महतो वो मनु महतो पिता सिधारी महतो 15 अंश समान वो सीताराम महतो पिता लालजी महतो 1 अंश वो तपसी महतो वो महादेव महतो पिता देवा महतो 2 अंश समान वो सुग्रीम महतो वो बालकेश्वर महतो वो सीताराम महतो वो अमरदयील महतो पिता बुधु महतो 3 अंश समान जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	मृत्युजय कुमार मेहता विजय कुमार मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो खतियानी रकबा– 0.2900 ए0 एवं अन्य
		14	1828	रैयती	टाड़–2	0.1136		तदैव	रूपधारी महतो पिता स्व0 महादेव महतो एवं अन्य
		14	1829	रैयती	टाड़–2	0.0620		तदैव	चंद्रशेखर महतो बलराम महतो पिता स्व0 पतसी महतो एवं अन्य
		14	1830	रैयती	टाड़–2	0.0131		तदैव	कमला देवी पति संजय यादव केवला प्राप्त है नामान्तरण नहीं हुआ है।
		15	824	रैयती	धान–2	0.0486		तदैव	रामलखन महतो वगै0 एवं अन्य
		15	823	रैयती	धान–2	0.0254		तदैव	तदैव
		15	822	रैयती	धान–2	0.0536		तदैव	प्लॉट 823 के रैयत का जोत कोड़
5		19	1013	रैयती	धान–2	0.1208	5	1 गणेश महतों वो धनुषधारी महतों पिता बुधन महतों 1 अंश समान वो टिपन महतों पिता लक्षु महतों 1 अंश वो मुरत महतों पिता रामधन महतों 2 अंश जाति कोइरी निवासी निज ग्राम 2 रामविलास महतो पिता स्व0 प्रताप महतो	रामविलास महतो पिता स्व0 प्रताप महतो जगदीश महतो पिता स्व0 मुरत महतो एवं अन्य
		19	1014	रैयती	धान–2	0.0153		तदैव	रामविलास महतो पिता स्व0 प्रताप महतो एवं अन्य
		19	605	रैयती	धान–2	0.0939		तदैव	जगदीश महतो नथुनी महतो पिता स्व0 मूरत महतो एवं अन्य
6		19	606	रैयती	धान–2	0.0300	6	गणेश महतों वो धनुषधारी महतों पिता बुधन महतों 1 अंश समान वो टिपन महतों पिता लक्षु महतों 1 अंश वो मुरत महतों पिता रामधन महतों 2 अंश जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	धनुषधारी मेहता पिता स्व0 बुधन महतो खतियानी रकबा– 0.0300 ए0 एवं अन्य
		19	607	रैयती	धान–2	0.0400		तदैव	उमेश कुमार मेहता पिता स्व0 विश्वास महतो खतियानी रकबा–0.0400 ए0 एवंअन्य
		19	608	रैयती	धान–2	0.0378		तदैव	महेन्द्र महतो योगेन्द्र महतो पिता स्व0 गणेश महतो एवं अन्य
		19	609	रैयती	धान–2	0.2184		तदैव	जगदीश महतो नधनी महतो पिता स्व0 मुरत महतो एवं अन्य
		19	973	रैयती	धान–2	0.1438		तदैव	जगदीश महतो नथुनी महतो पिता स्व0 विश्वास महतो एवं अन्य
		19	966	रैयती	धान–2	0.1584		तदैव	उमेश कुमार मेहता पिता स्व0 विश्वास महतो एवं अन्य
		19	974	रैयती	धान–2	0.0400		तदैव	उमेश कुमार मेहता पिता स्व0 विश्वास महतो खतियानी रकबा–0.0400 ए0 एवं अन्य
		19	975	रैयती	धान–2	0.0400		तदैव	जगदीश महतो नथुनी महतो पिता स्व0 मूरत महतो खतियानी रकबा– 0.0400 ए0
7		23	642	रैयती	धान–2	0.1717	7	चामु महतों पिता डोमन महतों जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	रामकेश महतो पिता परशुराम महतो कुमकुम कुंवर पति स्व0 बसंत महतो
		23	949	रैयती	धान–2	0.0479		तदैव	प्रेमचंद महतो पिता लालजी महतो एवं अन्य
		23	763	रैयती	धान–2	0.0173		तदैव	रामकेश महतो पिता परशुराम महतो कुमकुम कुंवर पति स्व0 बसंत महतो एवं अन्य
		23	813	रैयती	टाड़–2	0.1749		तदैव	तदैव
		23	1806	रैयती	टाड़–2	0.2320		तदैव	तदैव
		23	893	रैयती	धान–2	0.0173		तदैव	तदैव
8		26	855	रैयती	धान–2	0.0472	8	जगदीश महतों वो भुनेश्वर महतों पिता शिवलोच महतों अंश समान जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	जगदेश महतो मुनेश्वर महतो पिता स्व0 सिलोच महतो
		26	851	रैयती	धान–2	0.0400		तदैव	दसरथ यादव पिता स्व0 बिपत यादव खतियानी रकबा– 0.0400 ए0 (विवादित)
		26	1840	रैयती	टाड़–2	0.3664		तदैव	जगदीश महतो मुनेश्वर महतो पिता स्व0 सिलोच महतो
9		28	643	रैयती	धान–2	0.2000	9	जगपतिदेवी पिता देवकी महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	प्रेमचन्द्र मेहता पिता स्व0 लालजी महतो एवं अन्य खतियानी रकबा–0.200
10		28	812	रैयती	टांड़–2	0.0583	10	1. जगपतिदेवी पिता देवकी महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम 2. मुन्नी यादव पिता बिरन यादव	सनकलिया देवी पति मुनि यादव मकान
11		28	894	रैयती	धान–2	0.0444	11	1. जगपतिदेवी पिता देवकी महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम 2. प्रेमचन्द्र यादव पिता लालजी यादव	प्रेमचंद मेहता पिता लालजी महतो
12		181	1859	रैयती	टांड़–2	0.0750	12	जनेश्वर यादव पिता अशर्फी यादव	जगेश्वर यादव पिता स्व अर्शफी यादव रामनवित महतो पिता जगेश्वर यादव एवं अन्य मकान
13		133	1821	रैयती	टांड़–2	0.1700	13	जगेश्वर ठाकुर वगै0 पिता रामेश्वर ठाकुर	मुन्ना ठाकुर वो अखिलेश ठाकुर पिता स्व0 रामेश्वर ठाकुर एवं अन्य
14		35	826	रैयती	टांड़–2	0.1902	14	जीतन वैगा पिता अविलाख वैगा 1 अंश वो हीरू सिंह पिता रघु वैगा 1 अंश वो छठु सिंह वो विश्वनाथ सिंह पिता प्रताप सिंह 1 अंश सामान वो सोमर सिंह वो ठेधु सिंह पिता ठुसा खरवार 1 अंश समान जाति खरवार निवासी निज ग्राम	बकतर सिंह अमृत सिंह पिता स्व0 हिरू सिंह अजय सिंह पिता स्व0 महेन्द्र सिंह
15		109	982	रैयती	धान–2	0.0190	15	जोधादेवी पिता तुलसी महतों 10 अंश वो गुलाबी महतों वो गुलाकी महतों पिता जुगु महतों 2 अंश समान वो मुनेश्वर महतों पिता इश्वरदयाल महतों 2 अंश समान वो बंधन महतों पिता हरदयाल महतों 1 अंश वो अशोक यादव पिता भिखारी महतों 1 अंश वो बालो यादव वो दरोगी यादव पिता सुन्दर यादव 2 अंश समान वो भरत महतों वो शंकर महतों पिता रामदयाल महतों 2 अंश समान	अशोक यादव पिता स्व0 भीखारी यादव एवं अन्य
		109	1794	रैयती	टाड़–2	0.1111		तदैव	जगेश्वर यादव पिता स्व0 अशर्फी यादव एवं अन्य
		109	1847	रैयती	धान–2	0.0662		तदैव	गणेश यादव केदार यादव पिता स्व0 गुलाबी यादव एवं अन्य
		109	1848	रैयती	टाड़–2	0.0081		तदैव	दुखराज यादव पिता स्व0 बुलाकी यादव एवं अन्य
		109	1849	रैयती	टाड़–2	0.0726		तदैव	जमेश्वर यादव पिता स्व अशेर्फी यादव एवं अन्य
		109	1851	रैयती	टाड़–2	0.1400		तदैव	जनेश्वर यादव चतुर यादव नेमा यादव पिता स्व0 बंधन यादव खतियानी रकबा– 0.1400 ए0 एवं अन्य
16		39	640	रैयती	धान–2	0.0785	16	ठाकुर दयाल महतों पिता रामवृक्ष महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	अशोक कुमार मेहता जयप्रकाश मेहता पिता स्व0 ठाकुर दयाल
17		63	945	रैयती	धान–2	0.0706	17	नगेश्वर महतों पिता भरोसा महतों जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	मुनी महतो पिता स्व0 नागेश्वर महतो
		63	769	रैयती	धान–2	0.0738		तदैव	मुनी महतो पिता स्व0 नागेश्वर महतो
		63	814	रैयती	टाड़–2	0.3800		तदैव	मुनि महतो पिता स्व0 नागेश्वर महतो खतियानी रकबा– 0.3800 ए0
		63	1807	रैयती	टाड़–2	0.3400		तदैव	मुनि महतो पिता स्व0 नागेश्वर महतो खतियानी रकबा– 0.3400 ए0
18		67	1809	रैयती	टाड़–2	0.5967	18	नान्हु उरॉव पिता हगन उरॉव जाति उरॉव निवासी निज ग्राम	चंद्रिका उरॉव राजदेव उरॉव पिता स्व0 नन्हु उरांव
19		61	636	रैयती	धान–2	0.0089	19	धानीदेवी पति रामवृक्ष महतों जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	अशोक कुमार मेहता जयप्रकाश मेहता पिता स्व0 ठाकुर दयाल सुदामा प्रसाद कमलेश प्रसाद पिता स्व0 अमारिक महतो
		61	639	रैयती	धान–2	0.0700		तदैव	अशोक कुमार मेहता जयप्रकाश मेहता पिता स्व0 ठाकुर दयाल सुदामा प्रसाद कमलेश प्रसाद पिता स्व0 अमारिक महतो खतियानी रकबा– 0.070 ए0
20		109	1804	रैयती	टांड़–2	0.0659	20	पतिया देवी पति गणेश यादव एवं अन्य	गणेश यादव पिता स्व0 गुलाबी यादव एवं अन्य
21		172	750	रैयती	धान–2	0.4892	21	पानकली देवी पति विजय महतो	विजय महतो पिता स्व0 जयश्री महतो
22		79	963	रैयती	धान–2	0.0746	22	प्रसाद महतों वो विहारी महतों पिता नन्हक महतों 2 अंश समान वो लक्ष्मण महतों पिता जगदेयाल 1 अंश जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	विशुनदेव महतो पिता स्व0 भुनेश्वर महतो जगोत्री कुवर पति करमदेव महतो
23		155	765	रैयती	धान–2	0.1800	23	1. प्रभा देवी पति– दलु यादव 2. गणेश यादव पिता– गुलाबी यादव	1. प्रभा देवी पति श्री दलु यादव रकबा– 0.0675 2. गणेश यादव पिता स्व0 गुलाबी यादव रकबा– 0.1325 ए0 खतियानी रकबा 0.1800 ए0
24		28	950	रैयती	धान–2	0.0704	24	प्रेमचन्द मेहता पिता लालजी मेहता	प्रेमचन्द्र मेहता पिता स्व0 लालजी महतो एवं अन्य
25		86	637	रैयती	धान–2	0.0803	25	वनारसी महतों पिता कौलेश्वर महतों जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	मृत्युजंय कुमार मेहता विजय कुमार मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो
		86	760	रैयती	धान–2	0.1423		तदैव	मृत्युजंय कुमार मेहता विजय कुमार मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो
		86	858	रैयती	धान–2	0.1752		तदैव	विवादित
		86	825	रैयती	टाड़–2	0.5762		तदैव	बिजय कुमार मेहता मृर्त्युनजय मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो
26		89	856	रैयती	धान–2	0.2115	26	बालकचंद साहु दुर्खइ साहु 8 अंश वो फुटोदेवी वो कैलीदूवी पिता दुर्खइ साहु 4 अंश समान वो देवनंदन साहु वो केशवर साहु वो गणेश्वर साहु वो पुरन साहु वो रामस्वरूप साहु पिता शिचरण साहु 60 अंश समान वो सरजू साहु वो बिन्दू साहु पिता रामनंदन साहु 10 अंश समान वा जपलीदेवी वो नेपरीदेवी पिता रामनेंदन साहु 2 अंश समान जाति तेली निवासी कसियाडीह	दसरथ यादव पिता स्व0 बिपत यादव सुरेन्दर महतो महेश्वर महतो अरून महतो पिता श्री जगदीश महतो मथुरा प्रसाद साहु वगैरह पिता स्व0 पुरन साहु (विवादित)
		89	853	रैयती	धान–2	0.0622		तदैव	बसंत साव वगैरह पिता स्व0 पुरन साहु दसरथ यादव पिता स्व0 बिपत यादव
		89	850	रैयती	धान–2	0.0953		तदैव	दसरथ यादव पिता स्व0 बिपत यादव(विवादित)
27		98	1012	रैयती	धान–2	0.1776	27	बिलास महतो पिता प्रताप महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	रामविलास महतो पिता स्व0 प्रताप महतो
28		111	962	रैयती	धान–2	0.0637	28	भुनू महतो पिता दुखन महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	मृत्युजंय कुमार मेहता विजय कुमार मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो
		111	854	रैयती	धान–2	0.0400		तदैव	सुरेन्द्र मेहता महेश्वर महतो पिता श्री जगदीश महतो जगदेश महतो मुनेश्वर महतो पिता स्व0 सिलोच महतो खतियानी रकबा– 0.0400 ए0
		111	852	रैयती	धान–2	0.0600		तदैव	सुरेन्द्र मेहता महेश्वर महतो पिता श्री जगदीश महतो मुनेश्वर महतो पिता स्व0 सिलोच महतो खतियानी रकबा–0.060 ए0
		111	1837	रैयती	टाड़–2	0.0212		तदैव	सीताराम महतो पिता स्व0 लालजी महतो एवं अन्य
		111	1842	रैयती	टाड़–2	0.1915		तदैव	विशुनदेव महतो पिता स्व0 भुनेश्वर महतो जगोत्री कुवर पति करमदेव महतो एवं अन्य
29		120	859	रैयती	धान–2	0.0380	29	मनोहर साहु वो सखीचंद साहु पिता गयादत साहु 10 अंश समान वो शांतीदेवी वो निर्मल कुमारी पिता गयादत साहु 2 अंश समान वो वालकिशोर साहु वो लक्ष्मी साहु वो रामप्यारे साहु पिता कालीचरण साहु 36 अंश समान जाति तेली निवासी कसियाडीह	रूपधारी महतो वगै0 (केवाला से प्राप्त)
		120	857	रैयती	धान–2	0.0746		तदैव	मृत्युजंय कुमार मेहता विजय कुमार मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो (विवादित)
		120	860	रैयती	धान–2	0.0050		तदैव	मनोहर साहू मलिकचन्द साहू पिता गयादत साहू 10 अंश समान शांति देवी निरमल कुमारी पिता गयादत साहू 2 अंश समान बालकिशोर साहू वो लक्ष्मी साहू वो रामप्यारे साहू पिता कालीचरण साहू 36 अंश समान (विवादित)
30		121	1011	रैयती	धान–2	0.1342	30	महराज मिस्त्री पिता त्रिवेणी मिस्त्री जाति लोहार निवासी कसियाडीह	विष्णुदेव महतो पिता स्व0 मुनेश्वर महतो जगोत्री कुवर पति स्व0 करमदेव महतो केवाला द्वारा प्राप्त।
					कुल	10.2724			

कानूनगो,
जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
पलामू।

अपर समाहर्त्ता,
पलामू।

उपायुक्त,
पलामू।

PR.NO.310939 Palamu(23-24):D

हमारा देश, हमारा राज हो

अबुआ बीर अबुआ दिशोम का मतलब होता है-हमारा देश हमारा राज। इसे सार्थक करने की दिशा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का अभियान चल पड़ा है। ऐसे भी देखा जाये तो झारखंड देश के अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग है। झारखंड की संस्कृति, सभ्यता और शिष्टाचार की अलग पहचान है। यहां के आदिवासी समुदाय के लोग काफी सहनशील और सरल हैं। राज्य में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जो कार्य बहुत पहले होना चाहिए था कहीं न कहीं उस कार्य की शुरूआत हो रही है। यह खुशी की बात है। देखा जाये तो इस मुहिम के तहत राज्य के वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी एवं मूलवासी समुदायों के बीच बड़ी संख्या में वनपट्टा का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में विकास के द्वारा खुलने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। शर्त यह होनी चाहिए कि वह पूरी ईमानदारी से की जाये। बहरहाल झारखंड में 30 प्रतिशत वन क्षेत्र हैं। जंगल-झाड़ मिलाकर देखें तो यह 50 प्रतिशत के करीब है। यहां के 80 प्रतिशत लोग खेती-बाड़ी पर ही निर्भर हैं। मात्र 20 प्रतिशत लोग जो बाजार और शहरों में हैं, बाकी सभी लोग खेती कार्य से ही जीवनयापन करते हैं। दूसरे राज्यों को देखें जहां आदिवासियों की बहुलता कम है लेकिन वहां पर अधिकार के तहत वन पट्टों का वितरण निमित बेहतर कार्य हुआ है। ऐसे में अगर अधिकारी यह ठान लें कि इसे यहां भी कुशलता से करना है,तो कोई कठिन कार्य नहीं है। इसी मामले को गंभीरता से लेने पर इन दिनों सीएम जोर दे रहे हैं। इस राज्य के भौगोलिक और इस राज्य के अंदर चल रहे विकास की गतिविधियां आने वाले दिनों में एक दूसरे से परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न करेगा। वर्तमान में जो खेती योग्य जमीन है उसमें भी कोयला निकाला जा रहा है। आज नहीं तो कल वह खनिज संपदा समाप्त होगा। खनन कंपनियां खनिज संपदा निकालकर ऐसी स्थिति में छोड़ेंगे जिसकी व्याख्या करना मुश्किल है। जो किसान विस्थापित हो रहा है उसका अस्तित्व रहेगा कि नहीं। जहां आज धान की खेती हो रही है, क्या खनन कार्य के बाद उस जमीन पर फिर से वैसी ही खेती हो पायेगी क्या? यह महत्वपूर्ण विषय है। इस पर अविलंब ध्यान देने की जरूरत है। इसीलिए आज अबुआ राज की जरूरत महसूस की जा रही है। एक बात और कि आदिवासी समाज कभी भी पेड़ों को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। कारण उसे पता है यही उसका जीवन है। ऐसे में वृक्षारोपण पर जोर देने की जरूरत है। दूसरी तरफ वनपट्टा देने के अभियान को सैचुरेट करना जरूरी है कारण ऐसा नहीं किया गया तो माफिया किस्म के लोग फिर जंगलों में घुसकर पेड़ की धड़ल्ले से कटाई करेंगे। ऐसे में अगर राज्य सरकार एक मजबूत कार्ययोजना बनाते हुए अभियान के उद्देश्य को को पूरा कर लेती है तो आने वाले समय में जंगलों में जो लोग बसे हैं, जिन्हें अभी अतिक्रमणकारी के रूप में देखा जाता है वे इनक्रोचर नजर नहीं आयेंगे। नहीं तो यह परस्पर चलता रहेगा। दूसरी तरफ हम सब शहर में अतिक्रमण के दंश से जूझ रहे हैं। शहर में इसे रोकना संभव नहीं है लेकिन गांव में हम आज भी इस काम को रोक सकते हैं। लोगों को उनका हक और अधिकार देकर। ऐसे में यह सब कार्य सिस्टम के तहत जितनी जल्द हो पूरा होना चाहिए। ऐसे में इस कार्य के हाने जाने के बाद इसके परिणाम काफी सार्थक होगें,इस बात से कोई इंकार भी नहीं कर सकता है।

राज्य में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जो कार्य बहुत पहले होना चाहिए था कहीं न कहीं उस कार्य की शुरूआत हो रही है। यह खुशी की बात है। देखा जाये तो इस मुहिम के तहत राज्य के वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी एवं मूलवासी समुदायों के बीच बड़ी संख्या में वनपट्टा का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

गुणात्मक समृद्धि की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस

ललित गर्ग

दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। यही कारण है कि इस दिन बर्तन खरीदे जाते हैं। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी धनतेरस के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुईं थीं इसीलिए ऐसा माना जाता है कि इस दिन सोना-चांदी घर लाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है, घर में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आती है और अच्छा भाग्य भी घर लाते हैं। सोना खरीदने से बुरी शक्तियां और नकारात्मक ऊर्जा घर से दूर होती है। कई परिवार इस दिन सोना-चांदी खरीदकर अपनी सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का पालन करते हुए इस दिन दिव्यता एवं धन की देवी लक्ष्मी देवी की पूजा करते हैं। धनतेरस धन की कामना का पर्व है। इस दृष्टि से यह अर्थव्यवस्था का पर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस तरह इस उत्सव में उपरोक्त तीनों प्रकार से लक्ष्मी की उपासना यानी धन एवं सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किये जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं। हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस 'आयुर्वेद' का दिन भी है, क्योंकि जड़ी बूटियां भी धन हैं। जड़ी बूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था। भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं।

आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो।

इन दिनों

यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किये जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जायेगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है। लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिये। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धन वर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ। हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है। साम्राज्यवाद की पीठ पर सवार पूंजीवाद ने जहां एक ओर अमीरी को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर गरीबी भी बढ़ती गई है। यह अमीरी और गरीबी का फासला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिसके परिणामों के रूप में हम रूस-यूक्रेन, हमास-इजरायल युद्ध की विभीषिकाओं को, आतंकवाद को, सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी को देख सकते हैं, जिनकी निष्पत्तियां हैं समाज में हिंसा, नफरत, द्वेष, लोभ, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, रिश्ते में दरारें आदि। सर्वाधिक प्रभाव पर्यावरणीय असंतुलन एवं प्रदूषण के रूप में उभरा है। चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से बड़े और तथाकथित संपन्न लोग ही नहीं बल्कि देश का एक बड़ा तबका मानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो गया है। अनेक बुराइयां बिन बुलाये घर आ गईं। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया।

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा धन्वंतरि देव की

यह समुद्र मंथन से उत्पन्न धन्वंतरि का दूसरा जन्म था। धन्व काशी नगरी के संस्थापक काश के पुत्र थे। काशी वंश परंपरा में हमें दो वंशपरंपरा मिलती है। हरिवंश पुराण के अनुसार काश से दीर्घतपा, दीर्घतपा से धन्व धन्वे से धन्वंतरि, धन्वंतरि से केतुमान, केतुमान से भीमरथ, भीमरथ से दिवोदास हुए जबकि विष्णु पुराण के अनुसार काश से काशेय, काशेय से राष्ट्र, राष्ट्र से दीर्घतपा, दीर्घतपा से धन्वंतरि, धन्वंतरि से केतुमान, केतुमान से भीमरथ और भीमरथ से दिवोदास हुए।

वीरभद्रा के पुत्र धन्वंतरि

तृतीय : गालव ऋषि जब प्यास से व्याकुल हो वन में भटकर रहे थे तो कहीं से घड़े में पानी लेकर जा रही वीरभद्रा नाम की एक कन्या ने उनकी प्यास बुझायी। इससे प्रसन्न होकर गालव ऋषि ने आशीर्वाद दिया कि तुम योग्य पुत्र की मां बनोगी। लेकिन जब वीरभद्रा ने कहा कि वे तो एक वेश्या है तो ऋषि उसे लेकर आश्रम गये और उन्होंने वहां कुश की पुष्पाकृति आदि बनाकर उसके गोद में रख दी और वेद मंत्रों से अभिमंत्रित कर प्रतिष्ठित कर दी वही धन्वंतरि कहलाये।

विस्तार : उपरोक्त में से प्रथम दो कथाएं ज्यादा मान्य है। प्रथम कथा के अनुसार देवता एवं दैत्यों के सम्मिलित प्रयास के शांत हो जाने पर समुद्र में स्वयं ही मंथन चल रहा था जिसके चलते भगवान धन्वंतरि हाथ में अमृत का स्वर्ण कलश लेकर प्रकट हुए। विद्वान कहते हैं कि इस दौरान दरअसल कई प्रकार की औषधियां उत्पन्न हुईं और उसके बाद अमृत निकला। हालांकि धन्वंतरि वैद्य को आयुर्वेद का जन्मदाता माना जाता है। उन्होंने विश्व भर की वनस्पतियों पर अध्ययन कर उसके अच्छे और बुरे प्रभाव-गुण को प्रकट किया।

(क्रमशः)

चुनाव में ही कांग्रेस को क्यों याद आते है मंदिर

मृत्युंजय दीक्षित

भारतीय राजनीति में मुस्लिम तुष्टिकरण को चुनाव जीतने का मंत्र माना जाता रहा है किन्तु 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने और फिर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोध्या पर मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय दिये जाने के बाद स्थितियों में बड़ा बदलाव आया है। कुछ वर्ष पूर्व तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से नारा लगाया जाता था, 'रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनायेंगे' और विरोधी दल पलटवार करते हुए कहते थे, 'रामलला हम आयेंगें मंदिर वहीं बनायेंगें किंतु तारीख नहीं बताएंगे'। अब सब कुछ परिवर्तित हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आ जाने के बाद अयोध्या नगरी में दिव्य-भव्य गगनचुम्बी राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है। रामलला के विराजमान होने की तिथि भी आ गई है। आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम अपने अस्थायी मंदिर से नये मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार में भाजपा के सभी प्रचारक अयोध्या की बात कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में इस वजह से कांग्रेस असहज महसूस कर रही है। वजह यह है कि भाजपा की ओर से अब केवल यह कहा जा रहा है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सबसे बड़ी बाधक कांग्रेस ही रही है। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित बड़े नेता चुनाव सभाओं में जनता-जनार्दन को अयोध्या दर्शन के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव घोषणापत्र जारी करते हुए शाह ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना शुरू की जायेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जनसभा में कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देश में रामराज्य का आरम्भ होगा, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। राजस्थान में भी भाजपा की ओर से समग्र हिन्दुत्व की विचारधारा व उसके विकास को समाहित करते हुए चुनाव प्रचार किया जा रहा है। राजस्थान में नाथ संप्रदाय का बहुत महत्व है और जनसंख्या के आधार पर कुछ सीटों पर वह असरकारी भी है। यही कारण है कि योगी अपना चुनाव अभियान अजमेर में उसी जगह से प्रारम्भ किया जहां पर प्रशासन ने 300 साल पुराने एक शिव मंदिर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख घोषित होने से सेक्युलर दलों में तनाव है और यही कारण है कि उनकी ओर से भी लगातार अजब-गजब बयान आ रहे हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के कारण मुस्लिम समाज को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। हताश कांग्रेस ,सपा, बसपा सहित आदि के नेता कहने लगे हैं कि राम तो सभी के हैं। इस बीच भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हिंदू बनाम हिंदुत्व और तपस्वी बनाम पुजारी में घृणित और विकृत मानसिकता के साथ भेद पैदा करने वाले राहुल गांधी अब अपने आप को उदार हिंदू के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। उनका राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान अचानक केदारनाथ जाना इसी ओर इशारा करता है। राहुल गांधी के बारे में सभी जानते हैं कि वह विदेशों में जाकर हिंदू धर्म का अपमान ही करते हैं। मंदिरों के विषय में विकृत बयानबाजी करते रहे हैं। राहुल गांधी यह तक कह चुके हैं कि हिंदू लोग मंदिरों में लड़कियां छेड़ने जाते हैं। अब राहुल गांधी हिंदू समाज को विभाजित करने के लिए जातिगत जनगणना का अभियान भी चला रहे हैं। जब ज्ञानवापी प्रकरण में हिंदू पक्षकारों ने शिवलिंग मिलने का दावा किया तब कांग्रेस उसे फव्वारा बता रही थी । तमिलनाडु के द्रमुक नेताओं द्वारा सनातन हिंदू समाज के उन्मूलन की बात पर गांधी परिवार को सांप सूंघ गया था। अब अचानक ऐसा क्या हो गया कि राहुल गांधी अपना सारा काम छोड़कर केदारनाथ धाम पहुंच गये। छत्तीसगढ़ की राजनीति में महादेव ऐप का विवाद चल रहा है जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि घोटालेबाजों ने महादेव को भी नहीं छोड़ा।

कुछ वर्ष पूर्व तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से नारा लगाया जाता था, 'रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनायेंगे' और विरोधी दल पलटवार करते हुए कहते थे, 'रामलला हम आयेंगें मंदिर वहीं बनायेंगें किंतु तारीख नहीं बतायेंगे'।

मंदिर

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

अर्थव्यवस्था को सुदृढ बनाने समावेशी व्यापार का महत्वपूर्ण योगदान

किशन भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तर पर पिछले कुछ वर्षों से ऐसे नकारात्मक कारक जैसे कोविड-19, रूस यूक्रेन युद्ध इजराइल हमास युद्ध जैसे अनेकों कारक हर साल आ रहे हैं जिससे दुनियां के व्यापार उद्योग क्षेत्र में मंदी का दौर चल पड़ा है। अनेक विकसित राष्ट्रों की अर्थव्यवस्थाएं कुछ ठीक नहीं चल रही है जिसका सापेक्ष उदाहरण अमेरिका ब्रिटेन जैसे कुछ देश हम देख सकते हैं, परंतु भारत की आर्थिक अर्थव्यवस्था इससे कहीं अधिक ठीक चल रही है, इसीलिए ही भारी कोविड परिस्थितियों में भी ब्रिटेन को पछाड़कर भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना जो अब तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। परंतु नीति निर्धारकों को इस बात को रेखांकित करना जरूरी है कि भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का महत्वपूर्ण पहिया या कारक भारतीय व्यापार उद्योग क्षेत्र है जिनकी पैठ देशी विदेशी व अंतराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र को समावेशी व्यापार के रूप में तेजी से विकसित करना होगा और व्यापार व्यवसाय उद्योग को आने वाली कठिनाइयों चुनौतियों शासकीय कठोरता का समाधान करना होगा क्योंकि व्यापार व्यवसाय उद्योग क्षेत्र भी विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की सीढ़ी पर चढ़ने के मुख्य पाहियों में से एक है। जैसे कि जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार उद्योगों के संगठन बने हुए हैं उनसे समावेशी चर्चा व राज्य तथा केंद्र सरकारों में इनका प्रतिनिधित्व पर गंभीरता से विचार करना होगा ताकि इस क्षेत्र को समस्याओं से मुक्त किया जा सके और हर व्यापारी उद्योगपति भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने और विकसित राष्ट्र की उपाधि दिलाने में का संकल्प कर माननीय पीएम के आह्वान आत्मनिर्भर भारत को साकार कर भारतीय उपयोगकर्ताओं पर इस विचार की तेजी से पैठ के लिए लोकल का लोकल की थीम पर आगे बढ़े। परंतु अगर यह क्षेत्र अपनी समस्याओं में ही उलझा रहा तो देश के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देरी होगी। हमने देखा है कि अनेक राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर संगठन अपने-अपने क्षेत्र के मंत्रियों प्रशासकीयअधिकारियों से मिलकर समस्याये बताते हैं। हमारी गोंदिया नगरी में भी जिला व्यापारी संगठन अपनी असुविधाओं समस्याओं के समाधान के लिए अभी हाल ही में कुछ दिनों पूर्व प्रशासन व सांसद से मिला था। मेरा मानना है कि इस वर्ग की समस्याओं के समाधान में सरकारों को प्राथमिकता देना समय की मांग है, क्योंकि विजन 2047 और विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था शीघ्र बनाना है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विकसित राष्ट्र भारत के लक्षों को प्राप्त करने समावेशी व्यापार की चुनौतियों कासमाधान केंद्र व राज्य सरकारों को देना जरूरी है। साथियों बात अगर हम इसी उपरोक्त विषय से संबंधित दिनांक 7 नवंबर 2023 को नीति आयोग द्वारा आयोजित कार्यशाला की करें तो, विकास और समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार पर एक विषयगत कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें विकास और समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार तथा लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्रों में नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी) के परिणामों की घरेलू पहुंच, स्वामित्व और कार्यान्वयन को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। इस विषयगत कार्यशाला का आयोजन भारत की जी-20 अध्यक्षता वाले शिखर सम्मेलन के तहत नई दिल्ली लीडर्स घोषणा (एनडीएलडी) की अनुवर्ती कार्यवाही के रूप में किया गया था। नीति आयोग के माननीय सदस्या ने मैपिंग ग्लोबल वैल्यू चेन शीर्षक वाले पहले सत्र को संबोधित किया करते हुए श्रम-गहन आपूर्ति श्रृंखलाओं, नीति निर्धारण के लिए संस्थागत कारकों और कराधान प्रणाली को सरल बनाने तथा एमएसएमई के लिए एककृत भुगतान, रिफंड और निर्यात ऋण प्रणाली को विशेष रूप से मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार उद्योगों के संगठन बने हुए हैं उनसे समावेशी चर्चा व राज्य तथा केंद्र सरकारों में इनका प्रतिनिधित्व पर गंभीरता से विचार करना होगा ताकि इस क्षेत्र को समस्याओं से मुक्त किया जा सके।

अर्थव्यवस्था

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

लक्ष्मी की कृपा वहीं होती जहां स्वच्छता रहती है

कुछ ही दिनों में दिवाली के पावन पर्व की शुरूआत होने जा रही है। दिवाली से पहले घर की अच्छी तरह से साफ- सफाई की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दिवाली में घर की साफ- सफाई करने से घर में मां लक्ष्मी का वास होता है। दिवाली शायद पूरे भारत में सबसे अधिक प्रतीक्षित त्योहार है। यह साल का वह समय है जब परिवार दूर-दूर से आनंद लेने के लिए एक साथ आते हैं। लेकिन, यह सब होने से पहले, घरों को अच्छी तरह से साफ किया जाना चाहिए। हर दिन झाड़ू-पोछा किया जाता है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं हो सकता है। दिवाली के लिए अपने घर को तैयार करने के लिए, आपको उन जगहों पर ध्यान देने की जरूरत है जिन पर आप आमतौर पर ध्यान नहीं देते हैं। अपने क्यूरियोस, वैक्यूम शेल्फों पर धूल छिड़कें, तस्वीरें लें और अपने सभी फ्रेमों के पिछले हिस्से को पोंछ दें। गीले या सूखे कपड़े का उपयोग करना बेहतर हो सकता है। यदि आप चाहते हैं कि कार्य आसान हो तो गीले और सूखे वैक्यूम क्लीनर का उपयोग करें। इस तरह, आप छोटे कोनों और दरारों तक भी पहुंच सकते हैं। अपनी पेंट्री, अलमारी और दराजों को साफ करके शुरूआत करें। जब आप एक्सपायर हो चुकी दवाओं, मसालों, ऐसे कपड़ों आदि से छुटकारा पा लेते हैं जो अब आपको फिट नहीं आते, आदि, तो आप नई चीजों के लिए जगह बनाते हैं। उन चीजों की तलाश करें जिनका आप उपयोग नहीं करते हैं, लेकिन बस उन्हें पकड़े हुए हैं क्योंकि आप उन्हें बाहर फेंकने के लिए खुद को तैयार नहीं कर सकते हैं। ऐसी चीजें जिनकी आपको अब आवश्यकता नहीं है या उपयोग नहीं है लेकिन फिर भी दूसरों द्वारा उपयोग किया जा सकता है, उन्हें दान किया जा सकता है। दिवाली मां लक्ष्मी की कृपा पाने का पर्व है। लक्ष्मी की कृपा वहीं होती है जहां स्वच्छता रहती है। आपको इस पर्व से पहले अपने घर से कुछ अनावश्यक और बेकार वस्तुओं को बाहर निकाल देना चाहिए ताकि आप भी संपन्नाता के इस पर्व पर सौभाग्य पा सकें। माना जाता है कि देवी लक्ष्मी को साफ-सफाई और उजाला बहुत पसंद है। जो घर साफ-सुथरा रहता है उस घर में देवी लक्ष्मी का वास होता है। धनतेरस और दिवाली से पहले घर की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर के कुछ हिस्से ऐसे होते हैं जिन्हें बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

दिवाली शायद पूरे भारत में सबसे अधिक प्रतीक्षित त्योहार है। यह साल का वह समय है जब परिवार दूर-दूर से आनंद लेने के लिए एक साथ आते हैं। लेकिन, यह सब होने से पहले, घरों को अच्छी तरह से साफ किया जाना चाहिए। हर दिन झाड़ू-पोछा किया जाता है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं हो सकता है। दिवाली के लिए अपने घर को तैयार करने के लिए, आपको उन जगहों पर ध्यान देने की जरूरत है जिन पर आप आमतौर पर ध्यान नहीं देते हैं।

❖ डा. राजेश कुमार

सफाई के साथ अपने मन व विचारों को भी साफ करें

हिन्दुओं के सभी त्योहार ऋतुओं से संबंधित हैं। आप जानते हैं कि वर्षा ऋतु के बाद सबसे बड़ा त्योहार दीपावली ही आता है। वर्षा ऋतु में कितनी गंदगी होती है, सबको पता है। कीड़े-मकोड़े पनप जाते हैं। दीवारों पर काई जम जाती है। तो दीपावली वार्षिक साफ-सफाई का त्योहार है। सफाई भी कई तरह की होती है जैसे दैनिक, साप्ताहिक, मासिक और वार्षिक। दीपावली वार्षिक सफाई का अवसर है जो वर्षा ऋतु के फौरन बाद जरूरी है। इसीलिए हम सब दीपावली आने से कुछ पहले ही घरों की गहन सफाई में जुट जाते हैं, साल भर का जमा कूड़ा-करकट और रद्दी निकाल कर कबाड़ी को बेच देते हैं। फिर उसके बाद आपको घर के सभी जगह को अच्छे से साफ करना होगा और एक एक समान को अच्छे से साफ करना होगा जिससे आपका घर बहुत ही अच्छे से दिखने लगेगी। दीपावली के नाम से भी जाना जाने वाला यह खूबसूरत त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। दिवाली शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द दीपावली से हुई है जिसका अर्थ है रोशनी की पंक्ति। इसलिए, दिवाली के दौरान, लोग यह दिखाने के लिए अपने घरों को रोशनी, मोमबत्तियों और

दीयों से सजाते हैं कि कैसे रोशनी दुनिया से अंधेरे को मिटाने की शक्ति रखती है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, दिवाली 14 साल के वनवास से भगवान राम की वापसी का प्रतीक है। दिवाली की तारीख हिंदू कैलेंडर के अनुसार तय की जाती है और यह आम तौर पर अक्टूबर या नवंबर के महीने में आती है। दिवाली आमतौर पर दशहरे के 20 दिन बाद आती है। दिपावली पर्व में नयी उपयोगी चीजें लाते हैं। अपने घर को सजाते हैं, दीपों को रौशन कर अन्धाकर को खत्म करते हैं। इन सबके बीच हम कभी ऐसा क्यों नहीं करते कि घर की सफाई के साथ-साथ अपने मन को भी अपने वचारों को भी साफ करें। उनमे भी स्वच्छता और शुद्धता का प्रवाह करें। पुराने अनुपयोगी विचारों को बाहर करों और नए उर्जावान और सकारात्मक विचारों से अपने मन को अपने चिंतन को सजाएं। ऐसा करके तो देखें दीपावली का आनंद कई गुना बढ़ जाएगा। जिस प्रकार इस भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में हमें रोज विधिवत सफाई का मौका नहीं मिलता वैसे ही हमें अपने विचारों को भी सकारात्मक बनाने का भी अलग से वक़्त नहीं मिलता। इसलिए दिवाली का ये समय ऐसा करने का सबसे अच्छा अवसर है। क्योंकि इस समय हर तरफ स्वच्छता पर जोर होता है। हमारा पूरा वातावरण, आस-पड़ोस हर एक चीज साफ-सुथरी और शुद्ध होने का प्रयास कर रही होती है। यह एक तथ्य भी है कि बाहरी वातावरण का प्रभाव हमारे अन्दर की सोच पर भी पड़ता है। अतः जब बाहरी वातावरण में सकारात्मकता हो तो यही समय अपने अन्दर की सफाई के लिए भी सबसे अच्छा-खासा दिन होता है।

❖ सुरेन्द्र कुमार

वार्षिक सफाई दिवाली से पहले की जाती है

दिवाली मनाने के लिए पांच दिन समर्पित हैं। ये पांच दिन हैं धनतेरस, नरक चतुर्दशी, लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा और भाई दूज। दिवाली एक ऐसा त्योहार है जहां लोग सरस्वती, लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा करने से सफलता और धन की प्राप्ति होती है। लोगों ने शाम की पूजा के बाद रोशनी फैलाने के लिए मोमबत्तियां और दीये जलाएं जाते हैं। इसके अतिरिक्त, कई लोग अपने घरों को सजाने के लिए रंगोली और जीवंत रोशनी का उपयोग करते हैं। साथ ही छुट्टियों की तैयारी के लिए दिवाली से कई दिन पहले घरों, दुकानों और कार्यस्थलों की सफाई शुरू हो जाती है। सफाई कई प्रकार ही होती है। दैनिक सफाई, साप्ताहिक सफाई, मासिक सफाई और वार्षिक सफाई। कुछ कारणों से वार्षिक सफाई दिवाली से पहले की जाती है। ज्यादातर गंदगी आद्रता के कारण पैदा होती हें, इसलिए बरसात के बाद घर सफाई जरूरी हो जाती है। चूंकि बरसातों में घर दीवारें गंदी हो जाता हैं। आजकल तो कई बरसो तक चलने वाले पेंट आ गए लेकिन पुताई वाले जमाने में ऐसा होता था। इसलिए घर को रंग रोगन करवाया जाता है और इसी बहाने सारा समान इधर उधर किया जाता है। सामान को धूप आदि दिखाई जाती है जो सफाई के बहाने धूप हवा में रखने से किटाणुओं के नाश का कारण बनती है। फिर समेटते समय आगे काम आने वाला सामान घर में रख लिया जाता है। वहीं बेकार समान तो फेंक कर उसके बदले नया सामान लाया जाता है। दिवाली में तरह-तरह की घर की सजावट की जाती हैं। दीपावली में पकवानों का विशेष महत्त्व हैं। विशेष तरह के मीठे तथा नमकीन पकवान बनाये जाते हैं। जिसका विचार कई दिनों से कर लिया जाता है। दीपावली में नयें वस्त्रों का महत्व है परिवार का हर व्यक्ति नये कपडें पहनकर पूजा करता है। कई उपहार खरीदे जाते हैं। जिन्हें दोस्तों, रिश्तेदारों में प्रेम के साथ दिया जाता हैं। आज के आधुनिक वक्त में दीपावली भी आधुनिक तरीके से मनाई जाती हैं उच्च परिवार कई दिनों तक विशेष पार्टी करता हैं। जिसमे वे सभी से मुलाकात करते हैं जिनसे पारिवारिक, व्यापारिक एवम् अन्य संबंध बेहतर बनते हैं। दीपावली के बाद सभी अपने खास सम्बंधी एवं दोस्तों के घर जाते हैं बड़ो का आशीर्वाद लिया एवं छोटो को आशीष दिया जाता है। इसके पहले नवरात्रि के नौ दिन के उपवास के बाद शरीर पूरे तरीके से साफ हो जाता है जिससे ध्यान कर्म करने में आराम हो जाता है। उसके बाद के दिनों में अंतर्मन में रोशनी और मन की सफाई से परमात्मा के साथ जुड़ाव करना होता है।

दिवाली एक ऐसा त्योहार है जहां लोग सरस्वती, लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा करने से सफलता और धन की प्राप्ति होती है। लोगों ने शाम की पूजा के बाद रोशनी फैलाने के लिए मोमबत्तियां और दीये जलाएं जाते हैं।

❖ गुड्डू कुमार

सफाई करने के साथ बेकार समानों को बाहर निकालें

दिवाली से पहले घर की अच्छी तरह से साफ- सफाई की जाती है। क्योंकि कुछ ही दिनों में दिवाली के पावन पर्व की शुरूआत होने जा रही है। सुनिश्चित करें कि आप अपने लिनेन को ताजा और महकदार बनाए रखने के लिए फैब्रिक सॉफ़्नर का उपयोग करें। दरवाजे या खिड़कियों के शीशे या कांच अगर धुंधले हो गए हों तो उन्हें बदलवा देना चाहिए। क्योंकि धुंधले कांच से घर में प्रकाश और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं हो पाता है। घर में बिस्तरपेटी के अंदर अगर पुराने कपड़े और पुराना बिस्तर हो तो उसे भी दिवाली के पहले साफ कर लेना चाहिए। इससे नकारात्मकता बीमारी पैदा होती है। कम से कम उन्हें धूप तो दिखा ही लें। साथ ही सफाई करने के साथ साथ बेकार समान को बाहर निकालें। आप घर पर पड़े बेकार कपड़ों को भी हटा दें। अगर पुराने कपड़े फेंकने लायक नहीं हैं तो उन कपड़ों को किसी बैग में पैक करके रख दें। सफाई के दौरान दो से तीन कपड़ों का इस्तेमाल करें। दो से तीन कपड़ों का इस्तेमाल करने से सफाई अच्छे तरह से होगी और आपका घर चमक उठेगा। इसके साथ ही सफाई के लिए ब्रेश, डिटर्जेंट का इस्तेमाल भी करें। घर में सफाई करने से पहले पर्दे, कुशन कवर, कार्पेट को हटा दें। अगर आप सफाई से पहले इन चीजों को नहीं हटाएंगे तो इन चीजों में धूल बैठ जाएगी। घर की सफाई करते समय सबसे पहले पंखों की सफाई करें। पंखों की सफाई करने के बाद घर के फर्नीचर और स्विच बोर्ड की सफाई करें। कोशिश कीजिए कि इस दिवाली से आप अपने घर में सभी चीजों को एक नियत स्थान पर रखेंगे। जिस व्यक्ति के घर में सामान बिखरा रहता है उसे कई प्रकार के मानसिक, आर्थिक और पारिवारिक तनाव का सामना करना पड़ता है। इससे घर में नकारात्मक प्रभाव बढ़ता है और आपसी मनमुटाव भी होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के ईशान कोण को सबसे अहम जगह माना गया है। इसे देवताओं का विशेष स्थान माना गया है। घर के किचन और पूजा घर इसी दिशा में बनाए जाते हैं। धनतेरस और दीपावली के दिन ईशान कोण की अच्छे से सफाई कर लेनी चाहिए। घर के ईशान कोण में कोई भी फालतू की चीज न रखें। माना जाता है कि घर का ईशान कोण साफ-सुथरा हो तो मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर की कृपा बनी रहती है और घर में सुख-समृद्धि आती है। घर का दूसरा सबसे अहम हिस्सा होता है। ब्रह्म स्थान घर के बीच का हिस्सा होता है। घर के इस हिस्से को हमेशा खुला और हवादार रखना चाहिए। ब्रह्म स्थान से भारी फर्नीचर हटा दें और कोई भी फालतू चीज यहां ना रखें। दिवाली की सफाई में घर की पूर्व दिशा का जरूर ध्यान रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा इसी दिशा से आती है। इसलिए धनतेरस और दिवाली के दिन सुबह-सुबह ही घर की पूर्व दिशा को साफ कर लेना चाहिए। घर की इन जगहों को साफ-सुथरा रखने से घर में माता लक्ष्मी का वास होता है।

जिस व्यक्ति के घर में सामान बिखरा रहता है उसे कई प्रकार के मानसिक, आर्थिक और पारिवारिक तनाव का सामना करना पड़ता है।

❖ गोलू कुमार

सजावटी वस्तुओं, आलमारी, किचन, बिस्तर-सोफे, सबसे अंत में फर्श साफ करें

दीपावली पर साफ-सफाई इसलिए की जाती है की लक्ष्मी घर में वास करें। दीपावली पर साफ सफाई करने से घर में सकारात्मकता भी आती है दीपावली पर लोग ना सिर्फ साफ सफाई करते हैं बल्कि अपने घरों को सजाते भी हैं। मान्यता है कि साफ-सुथरे घर में देवी लक्ष्मी का वास होता है। इससे हमारी धार्मिक भावनाएं जुड़ी है। इसे न केवल राम के वनवास से लौटने की तयारी माना जाता है। इसके आगे पीछे कई संबन्धित त्योहार जुड़े रहते हें जैसे धनतेरस, लक्ष्मी पूजन, भाई दूज आदि। इसलिए इन सबका स्वागत करने के लिए घर की साफ सफाई की जाती है।

इसलिए लोग पूरे मन से दिवाली पर घर की साफ सफाई करते हैं। एक दिन में पूरे घर की सफाई थकाऊ काम होता है। इसलिए थोड़ा-थोड़ा करके रोज सफाई करें, तो यह काम आसान हो जाएगा। इसके लिए सबसे पहले बाहरी हिस्से और ऊपर की तरफ से सफाई करना शुरू करना चाहिए। फिर सजावटी वस्तुओं, आलमारी, किचन, बिस्तर-सोफे और फिर सबसे आखिरी में फर्श। अगर आपका घर भूतल पर है, तो सबसे पहले बाहर की घास काटें, कचरा आदि हटाएं। घर की दीवारों की भी सफाई प्रायः नहीं हो पाती। इसके लिए वाइपर में कपड़ा लपेट कर दीवारों की धूल हटाएं। अगर दीवारों पर प्लास्टिक पेंट कर रखा है, तो उन्हें गीले कपड़े से भी पोंछ सकते हैं। इसी तरह खिड़कियों के कांच, उनके फ्रेम को भी सावधानी से रगड़ कर साफ करें। बत्तियों के कवर को सावधानी से उतारें और सर्फ मिले गरम पानी से धोकर उन्हें सुखा लें। उनकी फिटिंग्स को भी सूखे

और गीले कपड़े से पोंछ कर साफ कर के सजाएं की देखने में खूबसूरत लगने लगे। जिस प्रकार इस भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में हमें रोज विधिवत सफाई का मौका नहीं मिलता। वैसे ही हमें अपने विचारों को भी सकारात्मक बनाने का भी अलग से वक़्त नहीं मिल पाता। इसलिए दिवाली का ये समय ऐसा करने का सबसे अच्छा अवसर है। क्योंकि इस समय हर तरफ स्वच्छता पर जोर होता है। हमारा पूरा वातावरण, आस-पड़ोस हर एक चीज साफ-सुथरी और शुद्ध होने का प्रयास कर रही होती है। यह एक तथ्य भी है कि बाहरी वातावरण का प्रभाव हमारे अन्दर की सोच पर भी पड़ता है। अतः जब बाहरी वातावरण में सकारात्मकता हो तो यही समय अपने अन्दर की सफाई के लिए भी सबसे अच्छा है।

इससे हम कोई इनकार नहीं कर सकते की बाहरी स्वच्छता ही नहीं आंतरिक स्वच्छता भी महात्वपूर्ण है। कमोबेश हमारे मन की स्थिति भी सामान जैसी ही रहती है। उसमें अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी असंख्य विचारों का तांता लगा रहता है। विचारों का प्रवाह इतना तीव्र होता है कि हमें पता ही नहीं चलता कि कौन सा विचार उपयोगी है और कौन सा नहीं। इसके कारण हमारे लक्ष्य हमेशा अस्पष्ट रहते हैं जीवन में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाती।

❖ उर्मिला कुमारी

दिवाली पर सफाई की परंपरा काफी पुरानी

दिवाली आ रही है। इस त्योहार में घर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। माना जाता है कि इस त्योहार में पवित्रता न रखी जाए तो सुख-समृद्धि नहीं आती। इसलिए लोग महीने भर पहले से घर-दुकान आदि की सफाई में लग जाते हैं। कुछ लोग पूरे घर की रंगाई-पुताई कराते हैं, तो कुछ सिर्फ धुलाई-सफाई करते हैं। घर के फर्श और गुसलखाने की सफाइयों तो रोज होती है, पर देखा जाता है कि कोनों में और बाथरूम की दीवारों, कांच वगैरह पर साबुन की चिकनाई वाली परत चढ़ जाती है। इसे साफ करने के लिए थोड़ी मेहनत की जरूरत होती है। बाल्टी भर गरम पानी में डिटर्जेंट डालें, कुछ नीबू का रस भी मिला लें। फिर बर्तन धोने वाले स्क्रबर की मदद से फर्श के कोनों और बाथरूम की दीवारों, टाइलों पर मलते हुए जमी हुई मैल को छुड़ाएं। फिर पानी डाल कर वाइपर की मदद से पानी हटाएं और पोंछा लगा कर सुखा लें। फर्श की सफाई करते समय बिस्तर, सोफे, डाइनिंग टेबल और खिसकाई जा सकने वाली आलमारियों, कुर्सी-मेज आदि को हटा कर ही सफाई करें। क्योंकि इनके नीचे रोज ठीक से सफाई नहीं हो पाती, जिससे गंदगी जमती रहती है। दिवाली पर सफाई की परंपरा काफी पुरानी है जो भारत की संस्कृति का एक हिस्सा है। इसके पीछे भी एक वाजिब कारण है। दिवाली के कुछ दिन बाद ही देवउठनी ग्यारस से शुभ कार्यों के मुहूर्त भी शुरू हो जाते हैं। उसके लिए भी घर की सजावट जरूरी है इसलिए दिवाली का वक्त अधिक उपयुक्त है घर की साफ सफाई के लिए दिवाली की सफाई आपके घर के साईज पर निर्भर करती है। यदि आपने कई महिनो से या साल भर से नहीं किया है तो आप अभी से लग जाईए। क्यों की सबसे पहले आप एक- एक रुम का चयन कर उसे साफ करें।

❖ डौली कुमारी

काव्य कोना

मर्माहत

स्त्रीत्व की व्यथा
रेणुका की व्यथा
रेणुका की कथा
भार्गव के परशु की कथा
जमदग्नि का कोप
भार्गव का अन्तर्द्वन्द्व
या त्रासदी भार्गव की।

स्त्रीत्व की व्यथा
कुन्ती का असमंजस
रंगशाला में कौन्तेय की धूम
विघ्न- राधेय का आगमन
वाक-युद्ध , मर्मांतक वाक-युद्ध
मुर्छित कुन्ती
ज्येष्ठ कौन्तेय राधेय की व्यथा
त्रासदी की शुरूआत राधेय की
कुन्ती की व्यथा
स्त्रीत्व की व्यथा

❖ नाग मणि

कहते हैं लक्ष्मी साफ सुथरे स्थान में ही वास करती हैं

दीपावली सुख-समृद्धि के आहवान का पर्व है। लक्ष्मी की पूजा की जाती है। कहते हैं दीपावली के दिन लक्ष्मी साफ-सुथरे घरों में ही प्रवेश करती हैं गंदे घरों में नहीं। घर साफ-सुथरा और स्वच्छ है तो उसमें रहने वाले भी स्वस्थ और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होते हैं। दिवाली से कई हफ्ते पहले से ही इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। तैयारी शुरू करने के लिए, लोग अपने घर और कार्यस्थल की सफाई करना शुरू कर देते हैं। जिसकी शुरूवात घर की साफ सफाई से की जाती हैं। त्योहार की खुशी में साल भर का कूड़ा घर से बाहर कर दिया जाता हैं। कहते हैं लक्ष्मी साफ सुथरे स्थान में ही रहती है, इसलिए लोग अपने पूरे घर की विशेष सफाई करवाते हैं। यदि आपको साफ सफाई रंग रोगन करवाना है तो वो सबसे पहले कीजिये। जैसे आपको ज्यादा टाईम है तो जहां ज्यादा जरूरत है वहां कीजिये। जरूरी नहीं एक ही दिन में एक रुम साफ हो जाए। जैसे बेडरूम करते समय आप बेड या अलमारियों के फाल्तू समान निकाल कर साफ सफाई करनी चाहिए। किसी दिन सारे पर्दे और कवर, चादर धो डालिए। कभी घर के कांच के समान को समय दीजिये। बाथरूम के समान के साथ सभी टाईल्स को चमका दीजिये। घर के अंदर और बाहर भी जाले निकाल दीजिये। फर्श की सफाई तो रोज होती है, पर छत की कभी नहीं होती, जिसकी वजह से उस पर गंदगी जम जाती है। खासकर बरसात की नमी में गंदा कुछ ज्यादा जमती है। छत के कोनों में मकड़ियां आदि जाले बना लेती हैं। इसलिए छत की सफाई पहले करें। इसके लिए लंबे डंडे के वाइपर में कपड़ा लपेट कर सफाई करें। फिर पंखों की पत्तियों को साफ करें। सबसे अधिक धूल-मिट्टी-कालिख उन्हीं पर जमा होती है। इसलिए बेहतर हो कि पंखों की पत्तियों को खोल कर गुनगुने पानी में सर्फ डाल कर इनकी सफाई करें। कई लोग टंगे हुए पंखे पर ही पत्तियों को साफ करते हैं। इससे पत्तियों के टेढ़ा होने का खतरा रहता है, सफाई भी ठीक से नहीं हो पाती। इसी तरह एसी के फिल्टर को निकाल कर धोएं और सर्फ वाले पानी भीगे गीले कपड़े से पूरे एसी को साफ करें। इस मौसम में कूलर का पानी सुखा कर उसकी जालियों की घास फेंक दें और उसे पूरी तरह सुखा कर ढक दें।

❖ बजरंगी कुमार

दिवाली के दौरान व्यक्ति को स्वास्थ्य व नैतिक बदलाव की प्रेरणा मिलती है

दिवाली का त्योहार आने वाला है, दिवाली से पहले ही आकाश में प्रदूषण के धुंध की चादर फैली हुई है। दिवाली के त्योहार पर बढ़ते प्रदूषण का स्तर आपकी सेहत के लिए खतरा ना बन जाए इसलिए दिपावली पर्व आने से पहले फॉलो कर के आप पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएं बिना ही दिवाली का त्योहार साफ सफाई करने को तैयार रहीए। सफाई के साथ साथ घर में पेंट का भी कार्य हो रहा है। उन कमरों का सामान उसमें रखकर जमाने की प्रक्रिया चलती जा रही है। क्यों की दिवाली एक प्रमुख हिन्दू त्योहार है। जो हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। इसे दीपावली भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें दीपों की रात्रि में जगमगाहट होती है। दिवाली का मतलब होता है अच्छाई की विजय और बुराई के प्रति जीत। इसे लक्ष्मी माता की पूजा के साथ मनाया जाता है, जिससे संपत्ति और धन की कामना की जाती है। यह

त्योहार आपसी सदभावना, धार्मिकता, और परिवारिक एकता का प्रतीक है। दिवाली के दिन, हम दीपों को जलाते हैं, मिठाइयों का सेवन करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। इस त्योहार का महत्व हमारे सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा होता है और खुशियों का संदेश लेकर आता है। सभी पर्व एवं उत्सवों के अपने सामाजिक धार्मिक एवं आर्थिक महत्व होते हैं दिवाली को मनाने का भी आर्थिक महत्व हैं। कार्तिक अमावस्या की लक्ष्मी पूजा के बाद ही व्यापारी लोग अपने नये बही खाते की शुरूआत करते हैं। सेठ साहूकारों द्वारा इस दिन तक अपने वर्ष भर के उधारी हिसाब किताब को पूरा करने का यत्न किया जाता हैं। धनतेरस से ही बाजार की सभी दुकाने पटाखे, मिठाइयों तथा कपड़ों से सज धज जाती हैं। दुकानदार तथा कम्पनियां ग्राहकों को आकर्षक ऑफर देती हैं। इस तरह से सोने चांदी, वाहनों, कपड़े तथा मिठाई में साल भर की सबसे अधिक बाजार में तेजी दीवाली के उत्सव पर ही होती हैं। दिवाली इस बात पर प्रकाश डालती है कि हम वास्तव में कौन हैं। दिवाली की रोशनी हमारे सभी बुरे इरादों और विचारों को मिटाने और अधिक गहन, आंतरिक रोशनी के लिए आगे बढ़ने का समय भी दर्शाती है। दिवाली का त्योहार आत्मा के पुनर्जन्म का प्रतिनिधित्व करता है। दिवाली के दौरान, व्यक्ति को एक स्वस्थ और नैतिक व्यक्ति बनने के लिए बदलाव करने की प्रेरणा मिलती है, जो काम में अधिक आध्यात्मिक और उत्पादक होता है। इस लिए वार्षिक सफाई दिवाली से पहले की जाती है। ज्यादातर गंदगी घर को साफ-सफाई जरूरी हो जाती है। चूंकि वर्षा के चलते घर दीवारें गंदी हो जाती हैं। इसलिए घर को रंग रोगन करवाया जाता है और इसी बहाने सारा समान इधर-उधर कर दिया जाता है।

❖ अंकित कुमार

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

कांग्रेस के विकास मॉडल में हर चीज थी लापता : मोदी

नीतीश कुमार के बयान पर प्रधानमंत्री बोले- कितना नीचे गिरेंगे

एजेंसी। गुना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में विकास का जो मॉडल विकसित किया था, वो था लापता मॉडल। बिजली-लापता, सड़क-लापता, पानी-लापता, रोजगार-लापता, गरीबों का घर लापता। कांग्रेस के लापता मॉडल में विकास भी लापता था। कांग्रेस राज में नौजवानों के भविष्य लापता था। कांग्रेस राज में किसानों का कल्याण लापता था।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को गुना में तीन जिलों-गुना, अशोकनगर और शिवपुरी के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित आमसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नीतीश कुमार के बयान को भद्दा बताते हुए कहा कि घमंडिया गठबंधन के बड़े नेता कितना नीचे गिरेंगे।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने मंच पर आते ही अपने चिरपरिचित अंदाज में जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि ग्वालियर-चंबल का मूड ऊर्जा से भरा हुआ है। आपको यह याद रखना है कि जहां-जहां कांग्रेस सरकार होती है, वहां वो हर योजना पर रोड़े अटकाती है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब मप्र की भाजपा सरकार के साथ भेदभाव किया जाता था। लेकिन 2014 में आपने हमें सेवा का मौका दिया।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद मप्र के विकास ने असली तेजी पकड़ी है। आज मध्य प्रदेश में एक तरफ डबल इंजन की सरकार है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिमोट से चलते हैं : पीएम

दमोह। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने कांग्रेस को मौका दिया था। जनता को पता ही नहीं था कि प्रधानमंत्री कर क्या रहे हैं, क्योंकि वह रिमोट से चला करते थे। कांग्रेस की रिमोट कंट्रोल करने की आदत नहीं गई है। आजकल कांग्रेस अध्यक्ष रिमोट से चलते हैं। जब कभी रिमोट की बैटरी खत्म हो जाती है, उनके मुंह से कुछ अच्छी बातें निकल जाती है। कल ही उन्होंने अपने भाषण में पांडव को याद किया। मतलब सनातन को याद किया। जब रिमोट चलता है तो सनातन को गाली देते हैं। रिमोट बंद हो गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा में पांच पांडव हैं। जब सच बोलते हैं तो ऐसे ही बातें मुंह से निकलती हैं। हमें गर्व है हम पांच पांडवों की राह पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दमोह में क्षेत्र के आठ भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में एक बार फिर डबल इंजन की सरकार बनना तय है। गांव हो या शहर, पुरुष हो य स्त्री सभी कहते हैं एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी। गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के मन में मोदी के लिए स्नेह है।

जैविक खेती का दायरा 50 फीसदी तक ले जाने की जरूरत : शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमें देश में जैविक खेती का दायरा 50 फीसदी तक ले जाने की जरूरत है। आज हम खाद्यान्न क्षेत्र में आत्मनिर्भर हैं लेकिन अब समय है कि हम जैविक उत्पाद को देश-दुनिया तक पहुंचाएं। इस दिशा में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) किसानों को मदद करेगी। यह संस्था किसानों के उत्पाद को खरीदने से लेकर पैकेजिंग, मार्केटिंग, भंडारण, वितरण आदि में मदद करेगी। किसानों के उत्पाद के प्रमाणन में भी एनसीओएल सहयोग करेगी।

शाह ने बुधवार को एनएएससी कॉम्प्लेक्स, आईसीएआर कन्वेंशन केन्द्र, पूसा में आयोजित राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के माध्यम से 'जैविक उत्पाद को बढ़ावा' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में कहा कि जैविक खेती को लेकर एक भ्रम था कि इससे उपज कम होती है लेकिन आज कई किसानों

ने यह भ्रम तोड़ा है। जैविक खेती कर किसानों ने उपज के साथ आय भी बढ़ाई है। देश में इसके अनेक सफल मॉडल हैं। केन्द्र सरकार भी जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। इसीलिए मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) का गठन किया था। इसके माध्यम से देश-दुनिया में भारतीय जैविक उत्पादों को पहुंचाया जाएगा। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में जैविक उत्पाद के क्षेत्र में एनसीओएल एक भरोसेमंद ब्रांड बनेगा। आज इसके 06 जैविक उत्पाद लांच हुए हैं। आने वाले दिनों में एनसीओएल भारतीय जैविक उत्पादों को पूरी दुनिया में पहुंचाएगी। यह एक भरोसेमंद ब्रांड बनेगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार सहकारिता को मजबूत करने के संकल्प के साथ बढ़ रही है। देश के लगभग 90 फीसदी लोग किसी न किसी तरह सहकारी आंदोलन से जुड़े हैं। हमें मिलकर जैविक खेती के लिए माहौल तैयार करना है। सरकार की ओर से इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। शाह ने किसानों से अनुरोध किया कि वह जैविक खेती की ओर रुख करें। रासायनिक खादों का उपयोग कम करें।

शाह ने कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) का लोगो, वेबसाइट और ब्रोसर का शुभारंभ किया। इस दौरान शाह ने एनसीओएल सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित किए। इस एकदिवसीय संगोष्ठी के दौरान एनसीओएल के उद्देश्यों, जैविक उत्पादों के महत्व के साथ-साथ छोटे और सीमांत किसानों के उत्थान में सहकारी समितियों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन के अनुरूप भारत को जैविक उत्पादों में विश्व में अग्रणी बनाने के लिए एनसीओएल की स्थापना एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समिति के रूप में की गई है। सहकारिता मंत्रालय ने देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए पिछले 27 महीनों में 54 महत्वपूर्ण पहल की हैं।

गागर में सागर

छत्तीसगढ़ के सुकमा में आईईडी विस्फोट, युवक घायल

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार सुबह नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर युवक घायल हो गया है। घटना जिले के डब्बा-मरका इलाके में छोटे केड़वाल जाने वाले मार्ग पर हुई जहां नक्सलियों ने चुनाव के दौरान सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के मकसद से आईईडी लगाई थी। पुलिस द्वारा जानकारी दी गई है कि घायल युवक को इलाज के लिए सुरक्षाबलों के कैम्प लाया गया है।

पंजाब में एक ही परिवार के तीन की गला घोंटकर हत्या

चंडीगढ़। पंजाब के तरनतारन जिले के एक गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की उनके घर में कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना का खुलासा बुधवार को हुआ। मृतकों की पहचान इकबाल सिंह (55), पत्नी लखविंदर कौर (53) और भाभी सीता कौर (60) के रूप में हुई है। एक अधिकारी के मुताबिक, हत्या के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। परिवार के साथ 20 साल से काम कर रहे घरेलू सहायक ने कहा कि हमलावरों ने उसका अपहरण कर लिया और पिटाई करने के बाद सतलुज नदी में फेंक दिया।

महाराष्ट्र में संगमनेर जेल से चार कैदी खिड़की तोड़कर फरार

मुंबई। महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के संगमनेर जेल से बुधवार सुबह चार कैदी फरार हो गए। चारों के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या, डकैती जैसे गंभीर अपराध के मामले कई पुलिस स्टेशनों में दर्ज हैं। जेल प्रशासन ने इसकी शिकायत संगमनेर तहसील पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार बुधवार की सुबह संगमनेर जेल परिसर में चारों कैदियों ने पहले हंगामा किया। इसके बाद जेल सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर खिड़की तोड़कर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि फरार कैदियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें रवाना की गई हैं। इस घटना से जिले में सनसनी फैल गई है।

अयोध्या दीपोत्सव : 51 घाटों पर दीपों को सजाने का कार्य शुरू

एजेंसी। अयोध्या

दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ राम की पैड़ी व चौधरी चरण सिंह के 51 घाटों पर वालंटियर्स द्वारा दीपों को सजाने का कार्य शुरू हो गया है। शासन द्वारा निर्धारित 21 लाख दीये प्रज्ज्वलित किए जाने के लक्ष्य को लेकर वालंटियर्स द्वारा 24 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के अनुसार इस बार भी दीपोत्सव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप भव्य बनाया जायेगा। 25,000 से अधिक वालंटियर्स दीपोत्सव में पुनः विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। विवि प्रशासन एवं जिला प्रशासन से जारी पहचान-पत्र के साथ ही दीपोत्सव स्थल पर वालंटियर्स एवं अन्य का प्रवेश होगा। कुलपति ने बताया कि 9 नवंबर तक वालंटियर्स द्वारा घाट प्रभारी की देखरेख में सभी घाटों पर दीपों को बिछाने का कार्य संपन्न हो जाएगा। वहीं, 10 नवंबर को दीपों के सजाने व लक्ष्य प्राप्ति के बाद घाटों की साफ-सफाई व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा दीयों की गणना की जायेगी।

साझेदारी : भारत में खोले जाएंगे दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों के कैंपस

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के वॉलोन्गॉन्ग और डीकिन विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस स्थापित करने जा रहे हैं। ये दोनों ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय, गुजरात की गिफ्ट सिटी में अपने कैंपस खोलेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर के साथ गांधीनगर में वॉलोन्गॉन्ग और डीकिन विश्वविद्यालयों के भविष्य में बनने वाले परिसरों के स्थान का दौरा किया। मंत्रियों ने आरंभ (द बिगिनिंग) नामक एक कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें गिफ्ट सिटी में परिसरों के उद्घाटन की औपचारिक रूप से घोषणा की गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय

का कहना है कि भारतीय धरती पर विदेशी विश्वविद्यालयों का खुलना राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण की परिकल्पना के अनुरूप है। डीकिन विश्वविद्यालय और वॉलोन्गॉन्ग विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने कोविड-19 महामारी जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी पर प्रकाश डालते हुए दो देशों के बीच साझेदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत में परिसरों के खुलने के साथ शुरू होने वाले पाठ्यक्रमों सहित भविष्य की योजनाओं को साझा किया। प्रधान ने छात्र और शैक्षणिक समुदाय को नए 'आरंभ' के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश में विदेशी विश्वविद्यालय परिसर भारत में अध्ययन की सुविधा प्रदान करेंगे और एनईपी 2020 में की गई परिकल्पना के अनुसार एक जीवंत, विविध और समावेशी शैक्षिक वातावरण भी बनाएंगे।

संसद का शीतकालीनन सत्र दिसंबर के दूसरे सप्ताह से आरंभ हो सकता है: सूत्र

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र दिसंबर के दूसरे सप्ताह में आरंभ हो सकता है और क्रिसमस से पहले इसके समापन की संभावना है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीन दिसंबर को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना के कुछ दिनों बाद यह सत्र शुरू हो सकता है। प्रमुख आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए तीन प्रमुख विधेयकों पर सत्र के दौरान विचार किए जाने की संभावना है। गृह मामलों की स्थायी समिति ने हाल ही में तीन विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट को स्वीकारा है। शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है और क्रिसमस (25 दिसंबर) से पहले समाप्त हो जाता है। संसद में लंबित एक अन्य प्रमुख विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित है।

भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन करने पर विरोध करूंगा : जयंत चौधरी

ओलंपिक खेलों पर जितना खर्च होगा उतने से तो देश में ढाई लाख ग्राम पंचायत में स्टेडियम बनवाकर उनमें कोच नियुक्त किए जा सकते हैं

आरएनएम। नई दिल्ली

राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने खेकड़ा के गांधी इंटर कॉलेज में इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास किया और पैरा ओलंपिक खिलाड़ी अंकुर धामा के परिजनों को बधाई देकर मोमेंटो भेंट किया' इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ओलंपिक खेलों का आयोजन करना चाहते हैं। मैं इसका विरोध करता हूं, क्योंकि कॉमनवेल्थ गेम इंडिया में मोटा पैसा खर्च

किया गया था, जिसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार भी हुआ था। प्रधानमंत्री जितना पैसा ओलंपिक खेलों पर खर्च करना चाहते हैं, उससे देश में ढाई लाख ग्राम पंचायत में स्टेडियम बनवाकर उनमें कोच नियुक्त किए जा सकते हैं। इससे युवा पीढ़ियों का रुझान खेलों की ओर बढ़ेगा। युवा मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। युवा पीढ़ी का रुझान खेलों की ओर बढ़ने से युवा नशाखोरी और अन्य गलत लतों से भी बच सकेगा। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा मिलने पर अपराधों पर भी अंकुश लग जाएगा, मेरे दादाजी ने भी इसलिए ऐसे खेलों का विरोध किया था। खिलाड़ी बजरंग पूनिया ने कहा कि एक सांसद बृजभूषण है जो खिलाड़ियों का अपमान करते हैं। दूसरे सांसद चौधरी जयंत सिंह हैं, जो खिलाड़ियों के लिए समर्पित हैं। सांसद निधि से खेकड़ा के गांधी इंटर कॉलेज में खिलाड़ियों के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण करा रहे हैं। स्टेडियम निर्माण के लिए 30 लाख रुपये की पहली किस्त आ चुकी है। चौधरी जयंत सिंह खिलाड़ियों की भलाई के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

FILMY हलचल

एल्विश यादव से नोएडा पुलिस ने की 3 घंटे तक पूछताछ, दूसरा समन भी जारी

नोएडा के सेक्टर-20 पुलिस स्टेशन में मंगलवार देर रात को यूट्यूबर एवं बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव से तीन घंटे तक पूछताछ की गयी। यह पूछताछ रेव पार्टी व सांपों के जहर के इस्तेमाल के मामले में की गई। नोएडा पुलिस ने उन्हें मंगलवार को ही समन भी जारी किया था। देर रात पूछताछ के बाद दूसरा समन भी जारी किया गया है। नोएडा के

पुलिस उपायुक्त हरिश्चन्द्र ने बुधवार को बताया कि एल्विश यादव को दोबारा पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए राहुल समेत पांच आरोपितों की कोर्ट से पुलिस हिरासत मिलने की स्थिति में राहुल और एल्विश यादव को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ हो सकती है। पांचों आरोपितों की हिरासत आज खत्म हो रही है इसलिए उनको कोर्ट में पेश किया गया है। फिलहाल सुनवाई जारी है। इससे पहले मंगलवार रात करीब दो बजे एल्विस यादव नोएडा के सेक्टर 20 पुलिस स्टेशन पहुंचा था, जहां उससे पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारियों ने तीन घंटे तक गहन पूछताछ की। इस दौरान सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में कई सवाल पूछे गए। अब दोबारा समन भेजकर एल्विश यादव से फिर पूछताछ की जाएगी।

सुशांत सिंह राजपूत को याद कर भावुक हुई अंकिता लोखंडे

टीवी का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' का 17वां सीजन इन दिनों खूब चर्चा में है। शुरूआत के बाद से प्रतियोगियों की हरकतों से इस साल के बिग बॉस एपिसोड को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। ऐसे ही हिंदी टेलीविजन की पॉपुलर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे हाल ही में सुशांत सिंह राजपूत की याद में इमोशनल होती नजर आईं। उनका वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि अंकिता लोखंडे और अभिषेक गार्डन में बैठे हैं। इसके बाद अंकिता अभिषेक से कहती हैं, जब तुम शर्टलेस होकर घूमते हो तो मुझे ऐसा लगता है जैसे तुम सुशांत हो। क्योंकि उनका शरीर भी वैसा ही था। इस पर अभिषेक कहते हैं, मुझे लगता है कि हम दोनों की जर्नी एक जैसी है। दोनों की पृष्ठभूमि एक जैसी है। इसके बाद अंकिता कहती हैं, वह इतना गुस्सा नहीं था। वह बहुत शांत था।

सलमान की फिल्म टाइगर-3 को एक फैन ने बेहद खास अंदाज में दिया ट्रिब्यूट

टाइगर-3 की रिलीज से पहले ही फैन्स का उत्साह और प्यार दिखने लगा है। सलमान के आर्टिस्ट फैन संजू निवांगुने ने टाइगर फ्रेंचाइजी से एक्टर के टाइगर लुक का एक इल्यूजन ऑर्ट इंस्टॉलेशन क्रिएट किया है। उन्होंने मिनिएचर, कॉस्ट्यूम्स, फिल्म रिकॉर्ड्स और रील्स आदि का इस्तेमाल करके इल्यूजन ऑर्ट इंस्टॉलेशन बनाया। संजू ने पहले भी उनके लिए सैंड आर्ट और पेपर कोलाज आर्ट जैसी कई दूसरी आर्ट्स बनाई हैं, जिसमें यह इल्यूजन इंस्टॉलेशन सबसे खास बन गया है। इससे वाकई सलमान खान भी हैरान रह गए, क्योंकि संजू की क्रिएटिव आर्ट देखकर उनकी आंखें उस पर से हटी ही नहीं। फिल्म के लिए दर्शकों के बीच इस तरह के जबरदस्त क्रेज को देखते हुए कह सकते हैं कि सुपरस्टार इस दिवाली टाइगर-3 की रिलीज के साथ एक रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं।

फिल्म की शानदार एडवांस बुकिंग पहले ही सलमान खान के जबरदस्त स्टारडम का सबूत पेश कर चुका है। बहुप्रतीक्षित टाइगर-3 में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी के साथ सलमान खान मुख्य भूमिका में हैं। मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

संभावना वायु सेना ने रूसी एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 का नाम 'सुदर्शन' रखा

भारतीय सेना ने चीन सीमा पर किया युद्धाभ्यास

एजेंसी। नई दिल्ली

रूस से मिले एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 को भारतीय वायु सेना ने भगवान कृष्ण के हथियार 'सुदर्शन चक्र' के नाम पर 'सुदर्शन' रखा है। अब तक 3 स्क्वाड्रन भारत में आ चुकी है और बाकी दो की डिलीवरी 2024 तक होनी है। वायु सेना ने भारतीय सेना के साथ चीन की सीमा से लगे उत्तर पूर्व क्षेत्र में हुए 'आकाश पूर्वी' अभ्यास में पहली बार एस-400 को शामिल किया। यूक्रेन से युद्ध के चलते बाकी दो एस-400 की आपूर्ति में देरी होने की संभावना है, इसलिए भारत ने खुद एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 बनाने का फैसला लिया है।

चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत को ताकतवर रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की बहुत जरूरत थी। इसलिए पूर्व वायु सेना प्रमुख एयर चीफ

मार्शल आरकेएस भदौरिया के कार्यकाल में भारत और रूस के बीच हुए पांच स्क्वाड्रन एस-400 मिसाइल सिस्टम का सौदा 35 हजार करोड़ रुपये में हुआ था। यूक्रेन से युद्ध के बीच रूस अब तक भारत को 3 एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने हैं। तीनों एस-400 को देश की पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया जा चुका है। बाकी दो स्क्वाड्रन की डिलीवरी 2024 तक होनी है, लेकिन यूक्रेन से युद्ध के चलते इनकी आपूर्ति में देरी होने की संभावना है। वायु सेना और भारतीय सेना ने पिछले माह चीन की सीमा से लगे उत्तर पूर्व क्षेत्र में 'आकाश पूर्वी' अभ्यास किया, जिसमें सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी के रूसी एस-400 को भी शामिल किया गया। इसके अलावा इस मेगा हवाई अभ्यास में सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस और अटैक हेलीकॉप्टर एलसीएच प्रचंड के साथ-साथ जमीनी सैनिक भी शामिल थे। इस अभ्यास ने भारतीय वायु सेना की परिचालन तत्परता को प्रदर्शित किया। वायु सेना ने भगवान श्रीकृष्ण के हथियार ह्यसुदर्शन चक्रह्ल के नाम पर रूसी एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 का नाम 'सुदर्शन' रखा है।

भारत के पास पड़ोसी देशों से लगी लगभग 15 हजार किमी. लम्बी सीमा की निगरानी के लिहाज से मिसाइल डिफेंस सिस्टम कम हैं, इसलिए भारत ने रूस से पांचों एस-400 की आपूर्ति होने के बाद 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत भारत में 5 और एस-400 स्क्वाड्रन का निर्माण किये जाने की योजना है। भारत सिर्फ चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। ये सीमा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है। ये सरहद तीन सेक्टरों में बंटी हुई है, जिसमें पश्चिमी सेक्टर यानी जम्मू-कश्मीर, मध्य सेक्टर यानी हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड और पूर्वी सेक्टर यानी सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश है।

गागर में सागर

राष्ट्रीय जनता दल का मिलन समारोह आज

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देशानुसार गुरुवार को प्रदेश राजद कार्यालय रांची में समय दोपहर एक बजे से मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में गुरुवार को मिलन समारोह में भाजपा एवं अन्य दल के सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण करेंगे। सामाजिक न्याय के प्रणेता और राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के नीति एवं सिद्धांत को मानने और चाहने वाले सैकड़ों नेता कार्यकर्ता पार्टी के दामन थामेंगे। इस मिलन समारोह में राष्ट्रीय जनता दल के अनेकों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासियों ने दी चेतावनी, डिमांड पूरी करो वरना बंद होगा भारत

रांची। सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासी अब उग्र आंदोलन के मूड में हैं। अपनी मांग के समर्थन में रांची के मोरहाबादी में आदिवासियों का महाजुटान हुआ है। आदिवासी सेंगेल अभियन के बैनर तले रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में झारखंड के अलावा कई राज्यों के आदिवासी जमा हुए हैं। आदिवासी सेंगेल अभियान ने केंद्र सरकार को दो महीने का समय दिया है। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि अगर दो महीने में केंद्र सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो उग्र आंदोलन होगा। 30 दिसंबर की डेडलाइन देते हुए उन्होंने कहा है कि इसके बाद भारत बंद किया जाएगा। इनका साफ कहना है कि सरना धर्म कोड देने से इनकी पहचान बढ़ेगी। इसमें देरी नहीं होनी चाहिए।

रांची के मोरहाबादी मैदान में नहीं सजेगा पटाखा बाजार

रांची। झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने इस बार मोरहाबादी मैदान में पटाखा बाजार नहीं लगने देने का निर्णय लिया है। पटाखा बाजार के लिए पांच कलस्टर बनाए गए हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सभी पटाखा दुकानदारों को निर्देश जारी किया है की तय समय पर आकर दुकान का लाइसेंस लें। जिला स्कूल, जयपाल सिंह स्टेडियम, हरमू मैदान, डोरंडा मैदान और चुटिया मैदान में पटाखा दुकान लगाए जाएंगे।

बजरंग दल बना रहा केदारनाथ मंदिर का प्रारूप

रांची। श्री श्री काली पूजा समिति बजरंग क्लब इस वर्ष कोकर में केदारनाथ मंदिर का प्रारूप बना रही है। पूरे पूजा में लगभग तीन से चार लाख रुपए के खर्च होंगे। पंडाल की चौड़ाई 30 फीट और ऊंचाई 40 फिट है। साथ ही परिसर में विद्युत सज्जा, रंगीन फव्वारे और आकर्षक तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। साथ ही श्रद्धालुओं को पूजा पंडाल के अंदर मां काली की भव्य मूर्ति के दर्शन होंगे। यह जानकारी बजरंग क्लब के रोहित सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि 12 नवम्बर को मध्य रात्रि में पूजा, 13 को प्रसाद वितरण संध्या 4:00 बजे, 14 को माता का जागरण संध्या 7:00 बजे, 15 को भंडारा संध्या 6:00 बजे और 16 को विसर्जन किया जायेगा। सहायता के लिए कमेटी के तमाम कार्यकर्ता जुटे हुए है। पिछले 11 वर्ष से यहां पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

पुस्तैनी जमीन बचाने के लिए परिवार ने किया आमरण अनशन

रांची। आदिवासी पुस्तैनी जमीन पर कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद निर्माण कराया जा रहा है। इसके विरोध में परिवार ने राजभवन के समक्ष आमरण अनशन शुरू कर दिया। पीड़ित आदिवासी रैयत जोसेफ तिर्की ने कहा कि वह सिदरौल गांव, थाना नामकुम का रहने वाला है। वहां उसकी करीब 2।30 एकड़ जमीन को गलत तरीका से जमीन दलाल कब्जा कर लिया है। सीएनटी एक्ट की जमीन है। जमीन माफिया फर्जी कागजात दिखा रहे हैं। और पुस्तैनी जमीन को अपना बताकर घेराबंदी कर गोदाम बनाकर जमीन पर काम कर रहे हैं। प्रशासन हमारी बात नहीं सुन रहा है।

भाजपा गरीबों के लिए नहीं अमीरों के लिए है : आभा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों के लिए नहीं बल्कि उद्योगपतियों के लिए काम करती है। भाजपा की सरकार गरीबों को नहीं देख रही है, केवल बड़े-बड़े उद्योगपतियों को देख रही। उन्होंने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने 4.5 हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की, जिसमें वह गरीबों से मिले किसानों से मिले, महिलाओं से मिले, सभी को गले लगाकर चले। उन्होंने कहा कि आज वे हमसे पूछते हैं कि कांग्रेस ने देश के लिए क्या किया। कांग्रेस ने देश को एक रखने के लिए अपना खून पसीना दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के लिए जान दी और राजीव गांधी ने आतंकवादियों से लड़ते हुए बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित केन्द्र सरकार की उपलब्धि भ्रष्टाचार में नंबर वन, किसानों की आत्महत्या में नंबर वन, कुपोषण में नंबर वन, आदिवासियों पर अत्याचार में नंबर वन और बेरोजगारी में नंबर वन है। इतना सब करके देश को बीमारू राज्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक कुशल प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश को विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

दीपावली महापर्व के अवसर पर दीपक की लौ से जगमगाया श्याम मंदिर

आज से रंभा एकादशी दिवस प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दीपावली महापर्व के अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित श्री श्याम मंदिर में दीपक की लौ व विद्युत साज से जगमगा रहा है। दीपावली महापर्व का अनुष्ठान आज से रंभा एकादशी दिवस से प्रारंभ हो जाएगा। संपूर्ण मंदिर परिसर व सभी गर्भ गृहों को गंगाजल व स्वच्छ जल से साफ सुथरा किया गया है। सफाई का काम अंतिम चरण में है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि 18 मीटर की 251 बिजली लड़ी से मंदिर का कोना कोना सजाया गया है। रंग बिरंगे फूलों से संपूर्ण मंदिर परिसर को सजाया जाएगा। सजावट का सभी कार्य मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनु की निगरानी में किया जा रहा है। विद्युत सज्जा से मंदिर परिसर जगमग जगमग कर रहा है। गुरुवार को सभी गर्भ गृहों को फूलों से विशेष रूप से सजाकर एकादशी कीर्तन किया जाएगा। दीपमाला प्रज्वलित की जाएगी। श्रवण जालान व नेहा जालान खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। शनिवार को 86 वां श्री श्याम भंडारा होगा। संतु भाई मानिक 86 वें श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के



अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि दीपावली महापर्व का मुख्य कार्यक्रम 12 नवंबर रविवार को प्रातः से प्रारंभ होकर देर रात तक चलेगा। प्रातः खाटू नरेश का दीपावली महास्नान अनुष्ठान होगा नवीन पोशाक पहनाकर विशेष श्रृंगार करके गुलाब के विशेष इत्र रूह से बाबा की मसाज की जाएगी। पंचमेवा का भोग लगाकर श्रृंगार आरती की जाएगी। दोपहर से मुख्य समारोह की तैयारी प्रारंभ होगी इसी दिन महास्नान के बाद केसर चंदन तिलक श्रृंगार भी किया जाएगा। कोलकाता बेंगलुरु दिल्ली से विशेष फूल मंगाए गए हैं जिसे सभी गर्भ गृह तथा मंदिर की सजावट की जाएगी। दीपावली के अवसर पर मंदिर में शुद्ध घी के लड्डू बनाए जाएंगे जो भोग अर्पित कर भक्तों में वितरित किए जाएंगे सभी अनुष्ठान खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुरूप किए जाएंगे। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि सायं काल मंदिर के पट दीपमालिका के साथ दर्शन हेतु खोल दिए जाएंगे जो रात 11:00 बजे तक खुले रहेंगे दीपावली के अवसर पर सभी भक्तजन बाबा के मंड की चौखट पर दीप जला सकते हैं। दीपक घी रुई बत्ती माचिस श्री श्याम मंदिर में भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगा। मंड में दीप जलाने वाले भक्तों को स्नान करके शुद्ध होकर आना चाहिए चमड़े की वस्तु मोजा मोबाइल आदि बाहर रखना होगा इनका प्रवेश वर्जित होगा। रामगोपाल साबू विजयश्री साबू अश्विनी साबू आकांक्षा मित्तल साबू दीपावली अनुष्ठान की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल नारनोली ने सभी भक्तों को दीप मालिका-दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए आमंत्रित किया है।

एएनएम-अनुबंध कर्मचारी संघ ने कार्यालय समक्ष दिया धरना

रांची। झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ ने सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी ने कहा कि ड्यूटी के दौरान रातू सीएचसी में अनुबंध पर काम करने वाली नर्स सायनी हेरेंज को बाइक सवार युवक ने धक्का मार दिया। इस घटना में वो गंभीर रूप से घयाल हो गयी। नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद गुरु नानक अस्पताल और फिर रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मीरा ने मांग की है कि मृतक के आश्रित को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मुआवजा दिया जाए। साथ ही आश्रित को नौकरी दी जाए। वहीं वीणा कुमारी ने कहा कि हम सभी लोग पिछले 15 साल से भी ज्यादा समय से अनुबंध पर काम कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार से लेकर वर्तमान सरकार ने स्थायी करने का सिर्फ आश्वासन दिया, लेकिन स्थायी किया नहीं गया।

सरला बिरला स्कूल के छात्रों का मंथन रिडक्स में शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने मंथन रिडक्स के सातवें संस्करणः ऑनलाइन साहित्यिक संवाद-2023 के विभिन्न आयोजनों में बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में 7 राज्यों के 22 स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। कक्षा 8 की प्रत्युषा प्रेष्टि लकड़ा को व्हर्ल-ए योगा और डांस डायलॉग प्रतियोगिता के लिए सबसे होनहार कलाकार का पुरस्कार दिया गया। कक्षा 11 के अतिशय सिंह और कक्षा 10 की प्रज्ञाश्री होता ने अंग्रेजी रचनात्मक लेखन श्रेणी (ओवरऑल डेलिगेशन) में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रज्ञाश्री होता को उनके लेखन के लिए समीक्षक की पसंद का पुरस्कार भी मिला। कक्षा 10 के ऋतुराज रॉय और दीक्षा रानी को विजुअल आर्ट इंस्टालेशन के लिए जज च्वाइस अवार्ड मिला। सरला बिरला परिवार बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर गर्व है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने सभी को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जो एनईपी 2020 के सिद्धांतों पर आधारित हैं और कला-एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देने की परिकल्पना करती है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना ऐसी शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक है। इस तरह की प्रतियोगिता होनी चाहिए ताकि बच्चों की शिक्षा में बढ़ावा मिलाता है और उन्हें करने का उत्साह मिलता है।

पीएम से मिले रांची सांसद संजय सेठ

चुनाव की तैयारी को लेकर पीएम को कराया गया अवगत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे प्रवास के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरजपुर जिले में विशाल जनसभा को संबोधित किया। भाजपा संगठन की तरफ से इस जिले का प्रभार रांची के सांसद संजय सेठ को दिया गया है। इस जिले में तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवास के क्रम में सांसद संजय सेठ ने भी उनसे मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने श्री सेठ से विधानसभा चुनाव की स्थिति से संबंधित जायजा लिया। विशेष रूप से सूरजपुर जिला और इसके अधीन पढ़ने वाले तीन विधानसभा क्षेत्र से संबंधित जानकारी सांसद ने पीएम को दी। उन्होंने बताया कि सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बहुत अच्छी स्थिति है। कार्यकताओं के साथ आम जनता में भी जबरदस्त उत्साह है। तीनों सीटों पर कमल फूल खिलेगा, इस बात का आशीर्वाद यहां की जनता ने दे दिया है। सांसद ने प्रधानमंत्री के समक्ष स्थानीय कार्यकर्ताओं के मेहनत और उत्साह की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने सांसद श्री सेठ को कार्यकताओं के बीच रहने, उन्हें उत्साहित करने और ऊर्जनवित करने का निर्देश दिया। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने जनजातीय गौरव दिवस, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को झारखंड आगमन को लेकर उन्हें जोहार कहा। सांसद ने प्रधानमंत्री को यह भी बताया कि झारखंड की जनता उनका बेसब्री से इंतजार कर रही है। भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि पर प्रधानमंत्री का आगमन संपूर्ण झारखंड के लिए गौरव की बात होगी।

नगर निगम टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

रांची। नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इसी कड़ी में शहर के अल्बर्ट एक्का चौक पर फुटपाथ में लगे दुकानों को इंफोर्समेंट टीम ने हटवाया। वहीं ठेले-खोमचे को जब्त किया गया। ट्रैफिक डीएसपी जितवाहन उरांव की अगुवाई में इंफोर्समेंट टीम शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, नगर निगम की टीम की ओर से अतिक्रमण मुक्त अभियान शहर में दिनभर चलाया जाएगा। ट्रैफिक डीएसपी जितवाहन उरांव ने कहा कि नगर निगम के साथ मिलकर अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। लोगों से अनुरोध करते हैं कि ट्रैफिक को बाधित न करें। कार्रवाई चल रही है और आगे भी जारी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस के जवान व नगर निगम की टीम मिलकर अतिक्रमण हटाने में जुटी हुई है।

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT

(3G Award के तहत् घोषित)

Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (**Section-II**)(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– रबदा, थानाः– सतबरवा, थाना नं0ः– 121 पत्रांक– **755 (A)**/भू0अ0, दिनांक– 02.11.2023

क्र0 स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	रबदा	1	1120	रैयती	धान–2	0.0978	1	अनरवा देवी, पति देवपति सिंह	दखल मोहन सिंह वगैरह, पिता जगपति सिंह
		1	1122	रैयती	धान–2	0.0640		तदैव	तदैव
2		34	969	रैयती	धान–2	0.1507	2	अनार देवी, पति स्व० रमेश शर्मा	
		34	968	रैयती	धान–2	0.1079		तदैव	
		34	939/P	रैयती	धान–2	0.0350		तदैव	
		34	929	रैयती	धान–2	0.0049		तदैव	
		130	927	रैयती	धान–2	0.0128		तदैव	
		166	938	रैयती	धान–2	0.1000		तदैव	
		166	937	रैयती	धान–2	0.0500		तदैव	
3		130	928	रैयती	धान–2	0.0296	3	1. अनार देवी पति रमेश शर्मा 2. विन्देश्वर साव वो तपेश्वर साव वो बालेश्वर साव वो जगेश्वर साव पिता– दुलारचंद्र साव	दखल महेन्द साव, पिता स्व० गरीबा साव
4		8	940	रैयती	धान–2	0.0427	4	आदिल साव पिता चकवर्ती साव बाबुलाल साव राजतन साव पिता भागवत साव नारायाण साव पिता मुद्रिका साव तारा देवी सरस्वती देवी पिता द्वारिका साव	दखल प्रदीप साव, विनोद प्रसाद साव, समोद साव पिता स्व. देवनारायण साव मनोज कुमार गुप्ता पिता स्व. अशोक कुमार गुप्ता, राजु प्रसाद पिता बद्री साव
5		22	1132	रैयती	आहर	0.1920	5	केसर साव वो धनेश्वर साव, पिता धुनी साव	
6		53	958	रैयती	धान–2	0.1100	6	जग्रनाथ मिश्र, पिता वासुदेव मिश्र, रामलखन तिवारी, पिता केश्वर तिवारी	दखल हीरा मिश्रा वगैरह पिता स्व. भुनेश्वर मिश्रा
		53	960	रैयती	धान–2	0.2636		तदैव	दखल सुरेन्द्र मिश्रा वगैरह पिता स्व. जगन्नाथ मिश्रा
		53	961	रैयती	धान–2	0.0387		तदैव	दखल हीरा मिश्रा वगैरह पिता स्व. भुनेश्वर मिश्रा
		53	963	रैयती	धान–2	0.5332		तदैव	दखल हीरा मिश्रा वगैरह पिता स्व. भुनेश्वर मिश्रा
		53	964	रैयती	धान–2	0.1472		तदैव	दखल हीरा मिश्रा वगैरह पिता स्व. भुनेश्वर मिश्रा
7		212	957	रैयती	धान–2	0.0007	7	जंगाली सिंह पिता तिलेश्वर सिंह गणेश सिंह वगैरह पिता लाल बिहारी सिंह बाल किशुन वगैरह पिता भानुप्रताप सिंह एवं अन्य	
		212	965	रैयती	धान–2	0.2676		तदैव	
		212	956	रैयती	धान–2	0.0852		तदैव	
		212	953	रैयती	धान–2	0.4635		तदैव	
		212	951	रैयती	धान–2	0.0328		तदैव	
		212	946	रैयती	धान–2	0.0528		तदैव	
8		62	1121	रैयती	धान–2	0.2406	8	जोध्या सिंह पिता जगही सिंह वो नेवाजल सिंह पिता सुखज सिंह	दखल सोमारू सिंह वगैरह पिता जोधई सिंह
		62	1106	रैयती	धान–2	0.0004		तदैव	तदैव
9		99	1112	रैयती	धान–2	0.0600	9	नन्हुक सिंह पिता रामसरण सिंह अमर सिंह वो भोला सिंह पिता भगत सिंह कामेश्वर सिंह पिता विंध्याचल सिंह	दखल मंगर सिंह प्यारी सिंह पिता स्व. कामेश्वर सिंह
		99	1111	रैयती	धान–2	0.0580		तदैव	दखल राजनाथ सिंह वगैरह पिता स्व अमरसिंह
		99	1110	रैयती	धान–2	0.1013		तदैव	दखल सोहराय सिंह वगैरह पिता स्व. नन्हकू सिंह
10		34	936	रैयती	धान–2	0.0400	10	नन्दु साव वो बिहारी साव पिता गणेश साव	दखल नन्दु साव पिता गणेश साव
		34	939/P	रैयती	धान–2	0.1325		तदैव	तदैव
11		95	885	रैयती	धान–2	0.0300	11	नकछेदी सिंह, पिता रामचंद्र सिंह	दखल अशाक सिंह वगरह पिता स्व.सीताराम सिंह
12		126	1135	रैयती	टांड़–2	0.5072	12	बितु सिंह वो जुगेश्वर पिता बुलाकी सिंह वो नथुनी सिंह वो सुदेव सिंह पिता अन्तु सिंह	दखल नधुनी सिंह वगेरह पिता स्व. सुखू सिंह
13		164	966	रैयती	धान–2	0.1700	13	मेदनी सिंह वो मुनेश्वर सिंह पिता विशुनपत सिंह	दखल मुला देवी पति नन्दकिशोर सिंह मीना देवी पति नन्दु सिंह
		164	945	रैयती	धान–2	0.1300		तदैव	दखल मुला देवी पति नन्दकिशोर सिंह
		164	948	रैयती	धान–2	0.0212		तदैव	दखल मुला देवी पति नन्दकिशोर सिंह मीना देवी पति नन्दु सिंह
		164	944	रैयती	धान–2	0.1200		तदैव	दखल मीना देवी पति नन्दु सिंह
		164	971	रैयती	धान–2	0.0800		तदैव	दखल मुला देवी पति नन्दकिशोर सिंह
		164	970	रैयती	धान–2	0.0914		तदैव	दखल मुला देवी पति नन्दकिशोर सिंह
		164	942	रैयती	धान–2	0.0207		तदैव	दखल मुला देवी पति नन्दकिशोर सिंह मीना देवी पति नन्दु सिंह
		164	1128	रैयती	धान–2	0.3051		तदैव	दखल मुला देवी पति नन्दकिशोर सिंह मीना देवी पति नन्दु सिंह
		164	1107	रैयती	धान–2	0.1499		तदैव	दखल मुला देवी पति नन्दकिशोर सिंह मीना देवी पति नन्दु सिंह
14		166	967	रैयती	धान–2	0.2900	14	महेन्द्र साव, पिता स्व० गरीबा साव	
15		177	897	रैयती	धान–2	0.1141	15	राजनाथ प्रसाद वो जगरनाथ प्रसाद पिता धनेश्वर साव जाति हलवाई	दखल अवधेश राम पिता स्व0 नन्हु राम
16		202	884	रैयती	धान–2	0.1425	16	रामलगन सिंह पिता दशई सिंह वो लेटंगु सिंह वो कुलदीप सिंह पिता जगत सिंह	दखल अर्जन सिंह वगैरह पिता स्व0 कौलाश सिंह विजय सिंह पिता लेटंगू सिंह
		202	1115	रैयती	धान–2	0.0217		तदैव	दखल रविरंजन सिंह वगैरह पिता स्व0 सुख देव सिंह पिता लेटंगू सिंह
		202	1114	रैयती	धान–2	0.0168		तदैव	दखल हाकिम सिंह वगैरह पिता स्व0 कुलदीप सिंह
17		212	1096	रैयती	टांड़–2	0.1141	17	लाल बिहार सिंह तिलेश्वर सिंह पिता देवकी सिंह वो बालकिशुन सिंह वो राजपति सिंह सरयु सिंह पिता भान प्रताप सिंह जाति चेरो	विवादित
18		217	896	रैयती	धान–2	0.2290	18	लालमणि देवी पति तपेश्वर साव	दखल मनोज प्रसाद वगैरह पिता तापेश्वर साव
19		133	972	रैयती	धान–2	0.1200	19	विफा सिंह पिता देवनन्दन सिंह वो गोविंद सिंह पिता गुनियर सिंह लीलावती देवी वो कालावती देवी पिता इन्द्रदेव सिंह	दखल ललन सिंह वगैरह पिता विफा सिंह
		133	973	रैयती	धान–2	0.0271		तदैव	दखल ललन सिंह वगैरह पिता विफा सिंह
		133	974	रैयती	धान–2	0.0024		तदैव	दखल ललन सिंह वगैरह पिता विफा सिंह
20		59	959	रैयती	धान–2	0.0691	20	विनेश्वर सिंह सुभाष सिंह पिता जयराम सिंह	
		59	962	रैयती	धान–2	0.1100		तदैव	
		59	935	रैयती	धान–1	0.5162		तदैव	कुआँ–1
21		130	1131	रैयती	धान–2	0.0644	21	विन्देश्वर साव वो तपेश्वर साव वो बालेश्वर साव वो जगेश्वर साव पिता– दुलारचंद्र साव	दखल रामाशंकर मिस्त्री वगैरह पिता रामदेव मिस्त्री
22		137	1108	रैयती	धान–2	0.2132	22	विशेश्वर सिंह पिता– शिवनारायण सिंह (जाति– चेरो)	दखल प्रयाग सिंह पिता स्व0 कर्णपाल सिंह
		137	1127	रैयती	धान–2	0.0437		तदैव	तदैव
23		139	886	रैयती	धान–2	0.0321	23	विशेषर सिंह पिता शिवनारायण सिंह मेदनी सिंह मुनेश्वर सिंह पिता विशुनपत सिंह वो गोविन्द सिंह पिता जुनियर सिंह लीलावती देवी कलावती देवी पति इन्दरदेव सिंह वो विफन सिंह पिता देवनन्दन सिंह	दखल अशाक सिंह वगैरह पिता स्व.सीताराम सिंह
		139	894	रैयती	धान–2	0.1260		तदैव	तदैव
24		204	1130	रैयती	धान–2	0.3800	24	सरिता देवी, पति महेन्द्र महतो	
		204	1129	रैयती	धान–2	0.1183		तदैव	
25		133	1123	रैयती	धान–2	0.1099	25	सरोज देवी, पति पिताम्बर सिंह	दखल मनोज सिंह वगैरह पिता स्व.गोविन्द सिंह
26		235	1109	रैयती	धान–2	0.1800	26	हरि सिंह, पिता पुदुम सिंह, जाति चेरो	दखल जदु सिंह वगैरह पिता स्व0 आसो सिंह राजेश्वर सिंह वगैरह पिता स्व0 हरि सिंह
		235	1113	रैयती	धान–2	0.0256		तदैव	तदैव
		235	887	रैयती	धान–2	0.0348		तदैव	तदैव
27		237	941	रैयती	धान–2	0.3750	27	हरिनन्द सिंह वो लालमणी सिंह पिता जानकी सिंह जाति चेरो	दखल गंगेश्वर सिंह पिता स्व.लालमन सिंह ,भुनेश्वर सिंह वगैरह पिता स्व. हीरामन सिंह ,बुधदेव सिह वगैरह पिता स्व.नागेश्वर सिंह,बंसत सिंह वगैरह पिता स्व.भग्गू सिंह
		238	943	रैयती	धान–2	0.1035		तदैव	तदैव
					कुल	8.7205			

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 310926 Palamu(23-24)D

पृष्ठ एक के शेष

15 नवंबर से राशन कार्डधारियों को...

में राज्य के सभी कार्डधारी को 1 रुपये प्रति किलो की दर से चना दाल देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था। कैबिनेट ने फैसला लिया था कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के सभी लाभूक परिवारों को प्रति परिवार एक किलोग्राम चना दाल प्रतिमाह 1 रुपये प्रति किलो की दर से दिया जाएगा।

डीजीपी ने झारखंड पुलिस...

धनबाद में 496, देवघर में 405, जमशेदपुर में 384 और हजारीबाग में 348 मामले दर्ज हुए।साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई को लेकर रांची में वर्कशॉप चल रहा है। इसमें वेस्ट बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और यूपी के अधिकारी के साथ ईडी, सीबीआई, डीओटी, डीआईबी और आरबीआई के अधिकारी भी शामिल हुए।

अपना फोन नंबर बदलना चाहते हैं तो...

दूसरे यूजर को देने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी मांग को खारिज कर दिया। और फैसला सुनाया कि टेलिकॉम कंपनियां अब बंद हो चुके मोबाइल नंबर, दूसरे ग्राहकों को दे सकती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने व्हाट्सऐप उपभोक्ता को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आप चाहते हैं कि आपके मोबाइल नंबर और डेटा का गलत इस्तेमाल ना हो तो जिम्मेदारी लीजिए। ग्राहकों को समय रहते हुए खुद इस डेटा को डिलीट कर देना चाहिए। अपने डेटा के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए अपनी प्राइवेसी पर ध्यान देना होगा। अभी तो दूरसंचार विभाग के नियम के अनुसार ,यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल नंबर रिचार्ज ना होने के चलते डीएक्टिवेट हो जाता है तो कम से कम 90 दिनों तक वह नंबर किसी और को नहीं दिया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि टेलिकॉम कंपनियों को कोई भी मोबाइल नंबर किसी दूसरे यूजर को तुरंत ट्रांसफर नहीं करना चाहिए।

परिसीमन से बदल सकती है पलामू...

नेताओं के साथ आम नागरिकों की उम्मीदों को भी बल मिला है। सब कुछ यदि योजना के अनुसार चला तो वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में पलामू में अलग ही राजनीतिक घमासान देखने को मिल सकता है। नये परिसीमन के बाद देश में भी लोकसभा क्षेत्रों की संख्या में व्यापक बढ़ोतरी हो जायेगी।

झारखण्ड से दो आतंकी गिरफ्तार...

वहीं दूसरा आतंकी मो आरिज हसनैन है ,आरिज झारखंड के गोड्डा जिले के रहमत नगर का रहने वाला है।आरिज की गिरफ्तारी गोड्डा से की गई है।

युवाओ को भड़का आईएसआईएस आए जोड़ने का काम कर रहे थे : गिरफ्तार दोनों आतंकी झारखंड के युवाओं को भड़काकर आईएसआईएस से जोड़ने की साजिश में शामिल है रहे हैं। गिरफ्तार आतंकियों के पास से एटीएस के द्वारा कई अहम दस्तावेज भी जप्त किए गए हैं। दोनों आतंकी डार्क वेब के जरिए आईएसआईएस के आतंकियों से जुड़े हुए थे।

पूछताछ जारी : गिरफ्तारी के बाद दोनों आतंकियों को झारखंड एटीएस के मुख्यालय लाया गया है ,जहां उनसे एटीएस की टीम पूछताछ कर ही रही है।

खराब पड़ी एंबुलेंस को लेकर मरीजों को परेशानी

रांची। मैकलुस्कीगंज में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीजों व प्रसूता एवं अन्य गंभीर मरीजों की इलाज के लिए दो 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गयी थी। मगर मरम्मत के अभाव में मरीजों को परेशानी हो रही है। समय रहते गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने में एम्बुलेंस की अहम भूमिका होती है। मगर महज तीन हजार के सामान के अभाव में दोनों एंबुलेंस खराब पड़ी है। वहीं एक नया एम्बुलेंस जो एक माह पूर्व उपलब्ध कराया गया था, मोबिल ऑयल के अभाव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में खड़ी है। एंबुलेंस का संचालन करने वाली एजेंसी को उक्त स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर ईशानी सिंह ने मरम्मती को लेकर कई बार आग्रह किया, परन्तु अभी तक एजेंसी द्वारा एम्बुलेंस की मरम्मत नहीं करायी गई। जिसका खामियाजा गंभीर मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

5 हार के बाद इंगलैंड ने चखा जीत का स्वाद, नीदरलैंड को 160 रन से हराया

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड	रन	बॉल	4	6
जॉनी बेयरस्टो	15	17	2	0
डाविड मलान	87	74	10	2
जो रूट	28	35	1	0
बेन स्टोक्स	108	84	6	6
हैरी ब्रूक	11	16	2	0
जॉस बटलर	5	11	0	0
मोईन अली	4	15	0	0
क्रिस वोक्स	51	45	5	1
डेविड विली	6	2	0	1
गस ऐटकिंसन	2	1	0	0
आदिल रशीद	1	1	0	0

अतिरिक्त : 21, **कुल :** 339/9 (50 ओवर)
विकेट पतन: 1-48, 2-133, 3-139, 4-164, 5-178, 6-192, 7-321, 8-327, 9-334 . डीआरएस
गेंदबाजी : आर्यन दत्त 10-0-67-2, लोगन वैन बीक 10-0-88-2, पॉल वैन मीकरेन 10-0-57-1, बास डलीडे 10-0-74-3, रुलॉफ वैन डर मर्व 3-0-22-0, कॉलिन ऐकरमैन 7-0-31-0

नीदरलैंड्स	रन	बॉल	4	6
वेस्ली बरेसी	37	62	3	1
मैक्स ओ'डाउड	5	11	1	0
कॉलिन ऐकरमैन	0	2	0	0
साइब्रैंड एंगलब्रेख्त	33	49	3	1
स्कॉट एडवर्ड्स	38	42	3	1
बास डलीडे	10	12	2	0
एन अनिल तेजा	41	34	2	3
लोगन वैन बीक	2	2	0	0
रुलॉफ वैन डर मर्व	0	4	0	0
आर्यन दत्त	1	3	0	0
पॉल वैन मीकरेन	4	3	1	0

अतिरिक्त :08, **कुल :** 179/10(37.2 ओवर)
विकेट पतन: 1-12, 2-13, 3-68, 4-90, 5-104, 6-163, 7-166, 8-167, 9-174, 10-179 . डीआरएस
गेंदबाजी : क्रिस वोक्स 7-0-19-1, डेविड विली 7-2-19-2, गस ऐटकिंसन 7-0-41-0, मोईन अली 8.2-0-42-3, आदिल रशीद 8-0-54-3

एजेंसी। पुणे
इंगलैंड ने आखिरकार क्रिकेट विश्व कप 2023 में मिली लगातार पांच हार के बाद जीत का स्वाद चख ही लिया। पुणे के मैदान पर इंगलैंड टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ पहले खेलते हुए बेन स्टोक्स के शतक की बदौलत 339 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम 179 रन ही बना पाई और 160 रन से मैच गंवा दिया। इंगलैंड अब 8 मैचों में दो जीत और 6 हार के साथ टिका हुआ है। अगर वह 11 नवंबर को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी मैच भी जीत लेता है तो वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई कर सकता है। वहीं, पाकिस्तान भी सेमीफाइनल में जाने के लिए इंगलैंड को हराना चाहेगी।

चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने के इरादे से इंगलैंड ने पहले खेलते हुए अच्छी शुरूआत की। इंग्लैंड को इस मैच में सलामी बल्लेबाज डाविड मलान ने 10 चौके और दो छक्के की मदद से 74 गेंद में 84 रन की पारी खेल तेज शुरूआत दिलाई जबकि 83 गेंद में 108 रन बनाने वाले स्टोक्स ने मध्यक्रम में टीम को स्थिरता दिलाने के बाद आखिरी ओवरों में तेजी से रन जुटाए।

स्टोक्स को आखिरी ओवरों में वोक्स का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 45 गेंद में 51 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को जॉनी बेयरस्टो और मलान ने तेज शुरूआत दिलाई। मलान ने दूसरे ओवर में लोगान वान बीक को फ्लिक करके लगातार तीन चौके लगाए। उन्होंने स्पिनर आर्यन दत्त (2/67) के खिलाफ अपना आक्रमण जारी रखा और अगले ओवर में कवर और गली में दो और चौके लगाए।

नीदरलैंड को 7वें ओवर में पहली सफलता मिली जब पॉल वान मीकेरेन ने दत्त की गेंद पर बेयरस्टो का शानदार कैच लपका। इस विकेट का इंग्लैंड की बल्लेबाजी पर हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा। मलान ने वैन बीक के ओवर में तीन चौके जड़कर इंग्लैंड के स्कोर को 10 ओवर में 70 रन तक पहुंचा दिया। उन्होंने इस दौरान 37 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

रूट और मलान की साझेदारी में पूर्व कप्तान जहां संभल कर बल्लेबाजी कर रहे थे तो वही मलान ने रोलोफ वैन डर मर्व के खिलाफ पारी का पहला छक्का लगाया। दोनों की 85 रन की साझेदारी को वैन बीक ने रूट को आउट कर तोड़ा। इसके अगले ओवर में मलान भी रन आउट हो गए।

हैरी ब्रुक (11 रन), कप्तान जोस बटलर (पांच) और मोईन अली (4) एक बार फिर प्रभावित करने में नाकाम रहे। इंग्लैंड का स्कोर 36 ओवर में छह विकेट पर 192 रन हो गया। इसके बाद स्टोक्स और वोक्स ने 129 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 300 रन के पार पहुंचाया। स्टोक्स को वैन बीक ने आउट किया तो वहीं वोक्स डी लीडे का शिकार बने।

जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की शुरूआत नहीं रही। मैक्स 5 रन बनाकर क्रिस वोक्स का शिकार हो गए तो कॉलिन एकरमैन दूसरी ही गेंद पर डेविड विली की गेंद पर जोस बटलर को कैच थमा बैठे। नीदरलैंड ने जब 13 रन पर ही दो विकेट गंवा लिए थे तो वेसले के साथ साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने पारी को आगे बढ़ाया। इसी बीच ओपनर वेसले 62 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की मदद से 37 रन बनाकर आऊट हो गए। नीदरलैंड का तब स्कोर 68 रन था।

वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

टीम	मैच	जीत	हार	नेट प्वाइंट्स	नेट प्वाइंट्स
भारत	8	8	0	16	+2.456
सा. अफ्रीका	8	6	2	12	+1.376
ऑस्ट्रेलिया	8	6	2	12	+0.861
न्यूजीलैंड	8	4	4	8	+0.398
पाकिस्तान	8	4	4	8	+0.036
अफगानिस्तान	8	4	4	8	-0.338
इंग्लैंड	8	2	6	4	-0.885
बांग्लादेश	8	2	6	4	-1.142
श्रीलंका	8	2	6	4	-1.160
नीदरलैंड्स	8	2	6	4	-1.635

बाबर की जगह शुभमन गिल बने नए नंबर एक पुरुष वनडे बल्लेबाज

एजेंसी। नई दिल्ली
भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी पुरुष बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की जगह नए शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष वनडे बल्लेबाज बन गए हैं।
वह अब सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी और विराट कोहली के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के पास अब पुरुषों की वनडे बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में गिल और मोहम्मद सिराज के रूप में शीर्ष क्रम के खिलाड़ी हैं।
डेंगू के कारण विश्व कप के पहले दो मैच न खेलने के बाद, गिल ने छह पारियों में 219 रन बनाए हैं, जिसमें उनका हालिया स्कोर मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ 92 और कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन है।
बाबर ने विश्व कप में आठ पारियों में 282 रन बनाए हैं और वह गिल से छह रेटिंग अंक नीचे दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, क्योंकि दुनिया में शीर्ष क्रम के पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाज का दो साल से अधिक का शासन समाप्त हो गया है। करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने हाल ही में कोलकाता में पुरुषों के एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी की, तीन स्थान की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गए और तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक से एक रेटिंग अंक के भीतर हैं, जिन्होंने विश्व कप में अब तक 543 रन बनाए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में प्रभावशाली 17 पायदान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान (तीन पायदान ऊपर 11वें) और अफगानिस्तान के समकक्ष इब्राहिम जादरान (छह पायदान ऊपर 12वें) भी प्रगति कर रहे हैं।

संगीता, सलीमा व निक्की ने मजबूत समर्थन के लिए रांची के प्रशंसकों का जताया आभार

एजेंसी। नई दिल्ली
भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खचाखच भरी रांची की भीड़ के सामने जापान को 4-0 से हराकर झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। झारखंड की संगीता कुमारी (17'), नेहा (46'), लालरेम्सियामी (57') और वंदना कटारिया (60') ने गोल कर भारत को दूसरी बार प्रतिष्ठित खिताब दिलाया। घरेलू प्रशंसकों के सामने टूर्नामेंट के फाइनल में गोल करना संगीता कुमारी के लिए एक अविस्मरणीय क्षण था, जिन्होंने इसे अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ क्षणों में से एक बताया। संगीता ने कहा, मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं सहयोगी स्टाफ, अपने साथियों और कोचों की आभारी हूं और मुझे गर्व है कि मैं उनके भरोसे पर खरा उतर सकी। फाइनल में, शुरूआती लक्ष्य हासिल करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है और मुझे खुशी है कि मैं टीम के लिए ऐसा करने में सफल रही। टूर्नामेंट में 6 गोल के साथ भारत के लिए सर्वाधिक गोल करने वाली संगीता कुमारी ने राइजिंग स्टार ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी जीता।

संगीता ने कहा, यह मेरे करियर के सर्वश्रेष्ठ क्षणों में से एक है। मैं बहुत खुश हूं। मैं अपनी टीम की जीत में योगदान देने में सक्षम थी और मुझे उम्मीद है कि मैं भविष्य में भी इसी तरह की फॉर्म जारी रखूंगी। टूर्नामेंट में भारत का दबदबा रहा और उसने पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहकर ट्रॉफी जीती। मेजबान भारत ने टूर्नामेंट की शुरूआत थाईलैंड पर 7-1 से जीत के साथ की, इसके बाद मलेशिया पर 5-0 से जीत दर्ज की। भारत ने चीन और जापान पर 2-1 से जीत के साथ अपनी आक्रमणकारी और रक्षात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। भारत ने कोरिया को 5-0 से हराकर राउंड-रॉबिन चरण 15 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहकर समाप्त किया। भारत ने सेमीफाइनल में कोरिया को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम के लिए एक और स्टार खिलाड़ी झारखंड की सलीमा टेटे थीं, जिन्हें उनके प्रदर्शन के लिए झारखंड प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। सलीमा ने टूर्नामेंट में न सिर्फ 5 गोल किए बल्कि सर्कल के अंदर भारत के लिए अहम मौके भी बनाए। सलीमा ने कहा, पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में घरेलू प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करना सम्मान की बात थी।

एआईएफएफ ने शाजी प्रभाकरन को तत्काल प्रभाव से किया बर्खास्त

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने अपने महासचिव शाजी प्रभाकरन को 'विश्वास तोड़ने' के कारण तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। राष्ट्रीय शासी निकाय ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआईएफएफ के उप सचिव एम सत्यनारायण तत्काल प्रभाव से एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव का कार्यभार संभालेंगे। प्रभाकरन को पिछले सितंबर में एआईएफएफ का महासचिव नियुक्त किया गया था। कल्याण चौबे की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक में उनके नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगायी गयी थी। हाल ही में, एआईएफएफ कार्यकारी समिति के भीतर प्रभाकरन के कामकाज और उनके उच्च मासिक वेतन को लेकर चिंताएं उभर रही थीं। प्रभाकरन ने वीडियो असिस्टेंट रेफरल (वीएआर) प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए महासंघ के भीतर धन की कमी के बारे में शिकायत की थी।

अपनी पेरिस ओलंपिक योग्यता को हल्के में नहीं लूंगा : प्रणय

एजेंसी। मुंबई
एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने जोर देकर कहा कि भारत में पुरुष एकल में प्रतिस्पर्धा के स्तर को देखते हुए विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर होने के बावजूद वह अपनी पेरिस ओलंपिक योग्यता को हल्के में नहीं ले रहे हैं। प्रणय वर्तमान में रोड टू पेरिस रैंकिंग में 7वें स्थान पर हैं, हमवतन लक्ष्य सेन 17वें और किदांबी श्रीकांत 20वें स्थान पर हैं। क्वालिफिकेशन नियमों के अनुसार, एक देश दो खिलाड़ियों को ओलंपिक में तभी भेज सकता है, जब दोनों 28 अप्रैल, 2024 को योग्यता अवधि के अंत में रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष -16 में शामिल हों।

प्रणय ने अपने विशेष सहयोग की घोषणा करने के लिए बुधवार को यहां फेडरल बैंक के साथ एक कार्यक्रम के इतर कहा, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना अभी प्राथमिक लक्ष्य है। क्वालीफिकेशन समाप्त होने से पहले 10-12 टूर्नामेंट बाकी हैं और मैं कुछ भी हल्के में नहीं ले सकता। पुरुष एकल में प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक है। 2023 मलेशिया मास्टर्स चैंपियन ने कहा, मुझे लगातार बने रहने और अपने प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने और कड़ी मेहनत जारी रखने की जरूरत है।

प्रणय, जो पिछले महीने हांगझोउ में 1982 के बाद एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे, पीठ दर्द के कारण एक्शन से बाहर हैं और इस महीने उन्हें जापान ओपन सुपर 500 और चीन ओपन वर्ल्ड सुपर 750 टूर्नामेंट में भाग लेना है। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं अभी भी पीठ दर्द से उबर रहा हूं और मैंने फिर से प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। मैं फिर से टूर पर जाने के लिए उत्सुक हूं लेकिन मैं अपनी फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं लेने जा रहा हूं।

अपने एशियाई खेलों के अभियान के बारे में बोलते हुए, प्रणय ने कहा कि वह पुरुष एकल में पदक के लिए खुद को आगे बढ़ाने में सक्षम थे, लेकिन निराश थे कि उनकी चोट ने उन्हें पुरुष टीम फाइनल खेलने की अनुमति नहीं दी। टीम रजत बहुत बड़ा है क्योंकि एशियाई खेल एक कठिन टूर्नामेंट है। हर कोई अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार था और इसीलिए हमें पदक मिला। काश मैं (फाइनल के लिए) पूरी तरह फिट होता।
प्रणय ने कहा, बहुत सी चीजें गलत हो सकती थीं। मैं घायल हो गया था, लोग बीमार थे लेकिन चीजें अपनी जगह पर महसूस होती हैं। लेकिन मैंने उस (व्यक्तिगत) पदक के लिए कड़ी मेहनत की। क्वार्टरफाइनल के दिन, यह इस बारे में था कि मैं खुद को कितना आगे बढ़ा सकता हूं। उन्होंने कहा कि वह उस मैच में सब कुछ करने को तैयार थे। दुनिया नं. 8 ने कहा कि भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशिक्षण, टूर्नामेंट और यहां तक ??कि खेल विज्ञान समर्थन के लिए सरकारी समर्थन से लाभान्वित हो रहे हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट की पहली महिला अध्यक्ष बनी डायना

क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)। डायना पुकेतापु-लिंडन न्यूजीलैंड क्रिकेट के अध्यक्ष के रूप में मार्टिन स्नेडेन की जगह लेंगी, जो संगठन के इतिहास में यह भूमिका निभाने वाली पहली महिला होंगी। यह बदलाव स्नेडन के फैसले के बाद हुआ है, जिनके पास बोर्ड पर निदेशक के रूप में काम करने के लिए अभी भी एक साल का समय है। वह डिप्टी चेयरमैन पुकेतापु-लिंडन को अपने नए पद पर आसानी से बदलाव की अनुमति देने के लिए अध्यक्ष पद से हट जाएंगे। एनजेडसी के पूर्व सीईओ स्नेडेन, जिन्होंने इसके बोर्ड में निदेशक के रूप में तीन कार्यकाल दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक नई कुर्सी को समायोजित करने के लिए पद छोड़ना बिल्कुल सही काम था। स्नेडेन ने कहा कि एनजेडसी बोर्ड के सदस्य रोजर टूसे इस महीने के अंत से आईसीसी में एनजेडसी के प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

श्रीलंका क्रिकेट ने अंडर-19 विश्व कप के संबंध में 'झूठे आरोपों' का खंडन किया

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने संसदीय विशेषाधिकारों की आड़ में खेल मंत्री द्वारा प्रसारित झूठी, दुर्भावनापूर्ण और भ्रामक जानकारी को मंगलवार को संबोधित किया है। बुधवार को जारी एसएलसी के बयान में कहा गया, एसएलसी 2024 में आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के लिए चल रही तैयारियों के बारे में जनता को सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए इस अवसर का उपयोग कर रही है। सबसे पहले, यह ध्यान रखना जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका को 2024 में आईसीसी अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी का सम्मान सौंपा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन जनवरी 2024 में शुरू होने वाला है, और श्रीलंका क्रिकेट इसके सफल क्रियान्वयन के लिए लगन से काम कर रहे हैं।"

प्रतिक्रिया

खेलों के आयोजन पर गोवा की नजर

राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार

एजेंसी। पणजी
जब राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अधिकार गोवा को दिया गया था, तो छोटे से तटीय राज्य की क्षमता के बारे में सभी लोगों की ओर से मिश्रित प्रतिक्रियाएं थीं कि क्या गोवा बिना किसी अड़चन और परेशानी के राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी को अंजाम दे पाएगा। हालाँकि, 37वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में केवल अब बस दो दिन बचे हैं, गोवा ने न केवल भागीदारी और खेल अनुशासन के मामले में अब तक के सबसे बड़े खेलों की मेजबानी करने की अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की है। 42 प्रकार के खेलों में 10,000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें से कई ने राष्ट्रीय खेलों के इस संस्करण में पदार्पण किया, आयोजकों की राय है कि यह गोवा के पूरे खेल इतिहास में सबसे अच्छा क्षण है और राज्य भविष्य में ऐसे कई खेलों की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। गोवा टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (तकनीकी कंडक्ट समिति) के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने कहा, ह्लराष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करना गोवा के प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत गर्व की बात रही है। आखिरकार, राष्ट्रीय खेलों जैसा आयोजन देश भर के कई उभरते एथलीटों के लिए एक आदर्श लॉन्च पैड है। इस तरह के आयोजन से एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने करियर में उत्कृष्टता हासिल करने का पूरा मौका मिलता है। इसलिए, मेजबान के रूप में, हमने इस हिस्से को अत्यंत महत्वपूर्ण माना और सुनिश्चित किया कि हम इस साल के राष्ट्रीय खेलों को सहजता से जीतें।

शर्मा ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे राज्य भर में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे (स्टेट ऑफ दा आर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर) के निर्माण ने उन्हें पांच शहरों में फैले कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी। उन्होंने कहा, हमने पिछले साल गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों से प्रेरणा ली और गोवा में भी इसी तरह के बहु-शहर कार्यक्रम की मेजबानी के लिए एक रोडमैप तैयार किया। अब, इसकी कुंजी एक अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा (स्टेट ऑफ दा आर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर) था, जिसके लिए सभी ने बहुत मेहनत से काम किया और हर संभव प्रयास किया। उन्होंने कहा, पेंचाक सिलाट, लागोरी, गतका, मिनी गोल्फ और सबसे महत्वपूर्ण, बीच फुटबॉल, जो गोवा का पर्याय है, जैसे कुछ नए खेल इस संस्करण में पदार्पण किए। इसलिए, इन खेल आयोजनों के लिए पूर्ण-प्रूफ बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बहुत सारे काम की आवश्यकता थी। लेकिन हमने सब कुछ कुशलतापूर्वक और शुरूआत से किया, और हर कोई अंतिम परिणाम देख सकता है। गोवा की खेल सचिव स्वेतिका सचान ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि कैसे 10,000 से अधिक एथलीटों की मेजबानी करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है, लेकिन गोवा के खेल प्राधिकरण ने इस चुनौती को स्वीकार किया और अब आने वाले दिनों में बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

विश्व कप टिकट कालाबाजारी मामला

बीसीसीआई ने मांगी एफआईआर की कॉपी

एजेंसी। कोलकाता
बीसीसीआई ने शहर में क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच के टिकट कालाबाजारी मामले में कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर की प्रति मांगी है। बीसीसीआई ने 5 नवंबर को बोर्ड को कोलकाता पुलिस के नोटिस के जवाब में एफआईआर की प्रति मांगी है, जिसमें टिकटों की ऑनलाइन मार्केटिंग में अपनाई गई प्रक्रिया की जानकारी मांगी गई थी। उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने मंगलवार शाम को हमारे नोटिस का जवाब दिया और मामले में दर्ज एफआईआर की प्रति मांगी। बोर्ड अधिकारियों ने दावा किया है कि एफआईआर की सामग्री को पढ़ने से उनके लिए इस मामले में हमारे द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देना आसान हो जाएगा। हमने उन्हें बुधवार सुबह मामले में एफआईआर की एक प्रति भेजी है। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी), जिसके अधिकारियों से पिछले हफ्ते मैदान पुलिस स्टेशन में अधिकारियों ने पूछताछ की थी, ने इस मामले में किसी भी तरह की जिम्मेदारी से इनकार कर दिया, क्योंकि एसोसिएशन किसी भी तरह से टिकटों के विपणन में शामिल नहीं है। शहर पुलिस ने ऑनलाइन टिकट विपणन इकाई के अधिकारियों से भी पूछताछ की और उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रश्नों का विस्तार से जवाब देने के लिए उन्हें और समय की आवश्यकता होगी।